चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-82, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला 16

फिल्म अक्षरा का गाना 'चलि अइहा घरवा' रिलीज 2

श्री राम का नारा लगाने पर हमला, चार गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर जय श्री राम का नारा लगाने पर एक समुदाय के लोगों ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है।

पुलिस के मुताबिक सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं। इस बीच बेंगलुरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने बुधवार रात पीड़ितों से उनके आवास पर मुलाकात की और मारपीट की घटना की निंदा की। पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब संजीवनी नगर के पवन कुमार, राहुल और बिनायक एक सेकेंड हैंड दोपहिया वाहन देखने के लिए अपनी कार से एमएस पाल्या की ओर जा रहे थे। उनके पास भगवा झंडा था और वे जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। रास्ते में बाइक पर सवार फरमान और समीर ने उन्हें रोका तथा फरमान ने उनसे सवाल करना शुरू कर दिया कि वे जय श्री राम के नारे क्यों लगा रहे हैं और उन्हें केवल अल्लाहु अकबर कहना चाहिए।

मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

हर बार आलोचना अच्छी नहीं, सराहना भी करें : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रखने से पहले सुनवाई के दौरान कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह भी कहा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता है।

पीठ ने चुनाव में ईवीएम को जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की

● सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता

पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक करने या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया।

शीर्ष अदालत ने गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर दायर जनहित याचिकाओं पर दलीलें सुनीं। पीठ ने सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता। हमने चुनाव आयोग को सुना है। अगर उन्होंने कुछ अच्छा किया है तो कृपया सराहना करें। हर बार आपको हर चीज को लेकर आलोचनात्मक होने की जरूरत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है।

शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि यह (वीवीपैट) पर्ची वोटर को थमा दी जाए तो इसमें क्या नुकसान है?" इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण

● भारतीय वायुसेना के एसयू-30-एमके-आई विमान से भी प्रक्षेपास्त्र पर नजर रखी गई

बालासोर (ओडिशा)। भारत ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण किया। डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान प्रक्षेपास्त्र की सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। डीआरडीओ ने कहा कि मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी के लिए एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) ने विभिन्न स्थानों पर रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग प्रणाली (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर लगाए थे। भारतीय वायुसेना के एसयू-30-एमके-आई विमान से भी प्रक्षेपास्त्र की उड़ान पर नजर रखी गई। डीआरडीओ ने कहा, मिसाइल ने मार्गदर्शक समुद्री प्रणाली का उपयोग करके लक्षित पथ का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री-स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया।

एक नजर

हिमाचल में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। केन्द्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन ने इस माह का ड्रग अलर्ट जारी किया है। देश में दवाओं के कुल 59 सैंपल फेल हुए हैं, जिसमें हिमाचल की दवाओं के फेल हुए सैंपल की संख्या भी 20 है। जिन दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उनमें एलर्जी, दर्द, एंटीबायोटिक, हार्ट, बीपी व शुगर सहित कई बीमरियों की दवाएं शामिल हैं। उपदवा नियंत्रण बद्दी मनीष कपूर ने बताया कि जिन उद्योगों की दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उन सभी को नोटिस जारी किए गए हैं।

प्रो. मणींद्र आईआईटी कानपुर के नए निदेशक

कानपुर। प्रो. मणींद्र अग्रवाल को आईआईटी कानपुर का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की गई। वे आईआईटी में कंप्यूटर साइंस विभाग में प्रोफेसर हैं। इसके अलावा सीथीआई हब में प्रोग्राम डायरेक्टर हैं। कृत्रिम बारिश कराने और कोरोना को लेकर की गई सटीक भविष्यवाणी के लिए वे काफी चर्चित रहे हैं। संस्थान में सितंबर 2023 में निदेशक अभय करंदीकर को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव नियुक्त किए जाने के बाद निदेशक का पद खाली चल रहा था। कार्यकारी निदेशक के रूप में प्रो एस गणेश प्रभार संभाल रहे थे।

बसपा प्रत्याशी राकेश कुशवाहा पार्टी से निष्कासित

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने झांसी में संगठन को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने, झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट के घोषित प्रत्याशी राकेश कुशवाहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया। साथ ही झांसी के जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को हटाकर, बीके गौतम को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे दी है। नवनियुक्त अध्यक्ष बीके गौतम ने गुरुवार को निष्कासन की पुष्टि करते हुए बताया कि मंडल प्रभारी कैलाशपाल को ललितपुर का जिला प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया है। निष्कासन के संबन्ध में उन्होंने बताया कि अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कार्रवाई हुई है, उन्हें पत्र जारी कर चेतावनी भी दी गई थी।

लोकतंत्र का महापर्व आज, तैयारी पूरी

21	18	16	70	35	41	14
राज्यों की 102 सीटों पर होगी वोटिंग	लाख से अधिक कर्मी 1.87 केंद्रों पर तैनात	करोड़ से अधिक मतदाता डालेंगे वोट	हजार से अधिक जवान उत्तर प्रदेश में तैनात	लाख 67 हजार पहली बार करेंगे मतदान	हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां लगाईं	हजार से अधिक मतदेय स्थल उप्र में

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को मतदान शुरू होने के साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद होने जा रहा है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

प्रथम चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री संजीव वालियान, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, और द्रमुक की कनिमोई शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान सुबह 7 बजे शुरू हो कर शाम 6 बजे तक चलेगा। आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डाल सकेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां और लगभग एक लाख वाहन तैनात किए गए हैं।

श्रीनगर

गोलाघाट

डिब्रूगढ़

पूरे देश में पोलिंग पार्टियां लोकतंत्र के महापर्व के लिए केंद्रों पर पहुंच चुकी हैं। कर्मचारी और सुरक्षाबल तमाम बाधाओं के बावजूद मतदान कराने समय से पहुंचे। ● एजेंसी

प्रदेश में आठ सीटों पर होगा मुकाबला, पहुंची पोलिंग पार्टियां

लखनऊ। उप्र. में लोकसभा के पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव लिए 19 अप्रैल यानी आज मतदान होगा। सभी सीटों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत में मतदान होगा। कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। कुल मतदाताओं की संख्या 1,44,01,543 है। जिसमें पुरुष 76,54,658, महिला 67,46,136 व थर्ड जेंडर 749 हैं। कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7,693 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। मतदान के लिए 18,662 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 18,734 बैलट यूनिट व 19,603 वीवीपैट तैयार किये गये हैं। 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सभी सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा।

चुनाव कराने पहुंचे अफसरों सहित 70 हजार से अधिक जवान : लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान को संपन्न कराने के लिए नौ जनपदों के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 248 बैरियर स्थापित किए गए हैं। इसमें जनपद पीलीभीत के अंतर्राष्ट्रीय सीमा प्रभावित क्षेत्र में 11 तथा जनपदों की सीमा क्षेत्र में 88 बैरियर शामिल हैं। यहां पर चुनाव कराने के लिए 6018 निरीक्षक, 35750 मुख्य आरक्षी, 24992 होमगार्डस, 60 कंपनी पीएसी, 220 कंपनी सीआरपीएफ के जवान भेजे गए हैं। फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में 6764 चौकीदार 155 पीआरडी जवान भेजे गए हैं। इसके अलावा 348 फ्लाइंग स्क्वाएड, 459 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 55 क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

ईडी ने कहा, जेल में केजरीवाल खुद खा रहे आम और मिठाई

नई दिल्ली। आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने गुरुवार को यह दावा किया। न्यायमूर्ति बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। केजरीवाल ने मधुमेह के स्तर में उतार-चढ़ाव के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने डॉक्टर से परामर्श करने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख किया है। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को कल तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत कल इस मामले पर दोबारा सुनवाई कर सकती है। ईडी ने अदालत से कहा केजरीवाल प्रतिदिन आलू पूड़ी, आम, मिठाई खा रहे हैं। ऐसा चिकित्सा आधार पर जमानत पाने के लिए किया जा रहा है।

शिल्पा व राज कुंद्रा की संपत्तियां कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के करीब 98 करोड़ रुपये के शेयरों के अलावा एक बंगला और एक फ्लैट को कुर्क किया है। संघीय एजेंसी ने दंपति की संपत्ति कुर्क करने के लिए धन शोधन रोकथाम कानून के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है। यह मामला बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी के इस्तेमाल के जरिए निवेशक निधि में धोखाधड़ी से जुड़ा है।

कुर्क संपत्ति में अभी शेट्टी के नाम पर जुहू (मुंबई) में एक रिहायशी फ्लैट और कुंद्रा के नाम पर पुणे में एक रिहायशी बंगला तथा इक्विटी

● ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन मामले में की कार्रवाई, 98 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

शेयर शामिल हैं। इन संपत्तियों की कीमत 97.79 करोड़ रुपये है। दंपति के एक वकील ने बताया कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है और वे प्राधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। धन शोधन का यह मामला वैरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और कई एजेंट के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की प्राथमिकियों से निकला है।

आरोप लगाया कि इन लोगों ने बिटकॉइन के रूप में प्रति माह 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे के साथ जनता से बिटकॉइन (2017 में 6,600 करोड़ रुपये मूल्य) के रूप में भारी मात्रा में धनराशि एकत्र की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि इन प्रवर्तकों ने निवेशकों से धोखाधड़ी की। उसने दावा किया कि कुंद्रा ने यूक्रेन में एक बिटकॉइन माइनिंग फार्म लगाने के लिए गेन बिटकॉइन पोंजी के मास्टरमाइंड और प्रोमोटर अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन प्राप्त किए।

सीबीआई ने रिश्वत ले रहे रेलवे इंजीनियर को पकड़ा

लखनऊ। सीबीआई ने वाराणसी रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इंजीनियर ने यह रिश्वत अपने अधीनस्थ से उसके तबादले के बाद कार्यमुक्त करने के बदले में मांगी थी। आरोपी सीनियर सेक्शन इंजीनियर सलेमपुर, देवरिया, एनईआर, वाराणसी में तैनात था। आरोपी ने शिकायतकर्ता को उसकी वर्तमान तैनाती से मुरादाबाद मंडल के लिए कार्यमुक्त करने के लिए उससे 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई के अफसरों ने जाल बिछाकर शिकायतकर्ता को इंजीनियर के पास भेज दिया।

बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई दो बच्चों सहित चार की मौत

संवाददाता, एटा

अमृत विचारः एटा में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक युवक की छह दिन बाद शादी थी। जबकि दूसरा युवक चचेरे भाई की शादी में शामिल होने जा रहा था। पांच लोग घायल हो गए।

मैनपुरी के दन्नाहार थाना क्षेत्र के ग्राम साथिनी निवासी विनोद कुमार का सबसे बड़ा पुत्र रवि (35) और सबसे छोटा पुत्र 24 वर्षीय कुलदीप नोएडा में काम करते थे। कुलदीप की 24 अप्रैल को शादी थी। इसीलिए दोनों भाई नोएडा से कार से घर लौट

रहे थे। साथ में रवि की पत्नी रंजना, बेटी आराध्या (6), अदिति (1), पुत्र आदित्य (5) भी थे। कार में जनपद मैनपुरी के औंछा थाना क्षेत्र के ग्राम सतेन्द्र सिंह पुत्र सुघर सिंह, गुलशन (23) पुत्र रामऔतार सिंह निवासी ब्यूति थाना ऐलाऊ जिला मैनपुरी भी सवार थे। सभी ने शेयरिंग में स्विफ्ट डिजायर कार बुक की थी। कार

● मृतकों में एक युवक की छह दिन बाद शादी होने वाली थी

● सभी नोएडा से जा रहे थे मैनपुरी शेयरिंग में बुक की थी कार

साहजदपुर थाना औंछा निवासी विष्णु चला रहा था। गुरुवार को सुबह करीब 4 बजे एटा के पिलुआ थानान्तर्गत हाइवे स्थित सुन्ना नहर पुल के पास चालक को नींद का झोंका आ गया। इस पर गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कुलदीप, अदिति, आराध्या और गुलशन की मौत हो गई। गुलशन चचेरे भाई की शादी में शामिल होने आ रहा था। चालक विष्णु, रंजना, रवि, आदित्य, सतेन्द्र गंभीर घायल हो गए।

जेल वाहन में महिला कैदी से सामूहिक दुष्कर्म

जींद, एजेंसी

● इलाज के लिए लाया गया था पीजीआई, दो कैदियों पर आरोप

रोहतक स्थित स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) में इलाज के लिए ले जाई गई महिला कैदी से वाहन में ही दो अन्य कैदियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया। बुधवार देर रात जींद के सिविल लाइन थाना में जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को जांच के लिए रोहतक पुलिस के पास भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के मामले में सजा काट रही महिला कैदी ने तहरीर दी है कि उसका इलाज पीजीआई, रोहतक में चल रहा है और 20 फरवरी को उसे जेल के वाहन से वहां ले जाया गया था। महिला के मुताबिक वाहन में उसके मनीष और सतीश नामक दो अन्य कैदी थे। उसने आरोप लगाया कि पीजीआई अस्पताल में जब सुरक्षाकर्मी वाहन खड़ा कर कागजी कार्रवाई पूरी कर रहे थे, तभी दोनों साथी कैदियों ने वाहन में ही कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर उसे नशीला पदार्थ पिला दिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। सिविल लाइन थाना के प्रभारी सुखबीर ने बृहस्पतिवार को बताया कि महिला कैदी की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

तेज हवा के चलते नहीं उतर सकी फ्लाइट, दिल्ली लौटी

पंतनगर। इंडिगो की दिल्ली से बृहस्पतिवार को पंतनगर आने वाली फ्लाइट संख्या 6ई 7324 तेज हवा के कारण पंतनगर में लैंड नहीं कर सकी। इसको पंतनगर रनवे के ऊपर तीन चक्कर लगाने के बाद मुरादाबाद डायवर्ट कर दिया गया। लेकिन फ्लाइट यहां भी लैंड नहीं कर सकी और हवा में चार चक्कर लगाने के बाद वापस दिल्ली लौट गई। इस फ्लाइट में दिल्ली से पंतनगर के लिए 65 यात्रियों ने अपनी टिकट बुक कराई थी। जबकि वापसी में यही विमान फ्लाइट संख्या 6ई 7157 के रूप में उड़ान भरता है। जिसमें 55 यात्रियों ने टिकट बुक कराई थी।

जीवनसाथी के नियोक्ता से शिकायत क्रूरता के समान

नई दिल्ली, एजेंसी

हाईकोर्ट की पीठ ने जोड़े को दी विवाह को समाप्त करने की अनुमति

दिल्ली उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि जीवनसाथी की पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने की मंशा से उसके नियोक्ता से की गयी अपमानजनक शिकायत क्रूरता के समान है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने जोड़े को विवाह को समाप्त करने की अनुमति देते हुए कहा कि इस तरह की शिकायतें आपसी सम्मान और सद्भाव की कमी को प्रदर्शित करती है जो स्वस्थ वैवाहिक संबंध के लिए अहम होता है।

अपीलकर्ता पति ने उसे तलाक देने से इनकार करने के कुटुंब

● चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची अपमान करने वाली शिकायतें करना क्रूरता

अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि उसने रिश्ते में गंभीर मानसिक यातना और पीड़ा सहन की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्नी ने सहकर्मियों के सामने उन्हें शर्मिंदगी और अपमानित करने के इरादे से उनके नियोक्ता को शिकायतें भेजीं। पीठ ने इस महीने के शुरुआत में फैसला देते हुए टिप्पणी की, चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची, इस तथ्य से परे पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावना को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पति या पत्नी के नियोक्ता को अपमानजनक शिकायतें करना क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है।

इस पीठ में न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा भी शामिल थीं। अदालत ने कहा, ''ऐसी शिकायतें करना आपसी सम्मान और सद्भावना की कमी को दर्शाता है, जो एक स्वस्थ विवाह के लिए महत्वपूर्ण है। केवल यह कहने से कि ऐसी शिकायतें पक्षकारों के अलग होने के बाद की गई थीं, किसी भी तरह से पति-पत्नी को क्रूरता करने के अपराध से मुक्त नहीं किया जा सकता है। दंपति का जनवरी 2011 में हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह हुआ था और दोनों सितंबर 2011 से अलग-अलग रह रहे थे। पीठ ने फैसले में कहा कि पत्नी के आचरण से अपरिहार्य निष्कर्ष निकलता है कि उसके व्यवहार ने पति को चिंतित किया और उसकी मानसिक शांति भंग हुई जिसकी वजह से दोनों पक्षों के लिए अपने वैवाहिक संबंध को बनाए रखना मुश्किल हो गया।

अदालत ने कहा, नियोक्ता से शिकायत करने की प्रतिवादी की स्वीकारोक्ति को क्रूरता माना जा सकता है। ऐसी घटनाएं वैवाहिक संबंधों में तनाव और अस्थिरता का माहौल पैदा करती हैं, जिससे दोनों पक्षों को भावनात्मक नुकसान होता है।

ऑरेंज कैप		
खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
रोहित शर्मा (मुंबई)	07	297

पर्पल कैप		
खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
सैम करेन (पंजाब)	07	10

खेल डायरी

अमेरिकी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने स्टुअर्ट लॉ

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ को दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले अमेरिकी पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। लॉ अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए टीम से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 54 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और एक टेस्ट मैच खेल चुके लॉ ने कहा, ''इस समय अमेरिकी क्रिकेट से जुड़ना एक रोमांचक अवसर है। उन्होंने कहा, ''पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम को तैयार करना होगा।''

मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से हुए बाहर

नयी दिल्ली। चोट लगने के बाद घुटने की हुई सर्जरी के कारण एथलीट मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर हो गये हैं। श्रीशंकर को मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। श्रीशंकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह जानकारी साझा करते हुए लिखा, "मेरे पूरे जीवन में, मुझमें असफलता को आंखों से देखने, उन स्थितियों को स्वीकार करने का साहस है जिन्हें मैं बदल नहीं सकता और जिन स्थितियों को मैं बदल सकता हूं, उनके परिणामों को निर्धारित करने के लिए कड़ी मेहनत करता हूं। दुर्भाग्य से, जो एक भयानक सपने जैसा लगता है, लेकिन यह एक वास्तविकता है।"

आकांक्षा एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के क्वार्टर में

नयी दिल्ली। भारतीय महिला स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे ने गुरुवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप के लिए एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के शुरुआती दौर में मलेशिया की थानुसा उथ्रियन को हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय ने पहले दौर में उथ्रियन को 11-7, 8-11, 11-3, 7-11, 11-5 से शिकस्त दी। दुनिया की 71वें नंबर की खिलाड़ी आकांक्षा 2023 राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन और मैदान में अकेली भारतीय है। वह शुक्रवार को 16-खिलाड़ियों के ड्रा के क्वार्टर फाइनल में एक अन्य मलेशियाई सहवीत्रा कुमार से भिड़ेंगी।

ब्राजील के खिलाफ अभियान शुरू करेगा इटली

लंदन। इटली डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट में खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत बोलोगना में 11 सितंबर को ब्राजील के खिलाफ करेगा। डेविस कप फानइल्स के ग्रुप चरण का पूर्ण कार्यक्रम गुरुवार को जारी हुआ, जिसके तहत चार शहरों में 10 से 15 सितंबर के बीच सभी मुकाबले खेले जाएंगे। इटली ग्रुप ए में नीदरलैंड और बेल्जियम से भी भिड़ेगा। रिकॉर्ड 32 बार इस टूर्नामेंट को जीतने वाला अमेरिका भी अपने अभियान की शुरुआत 11 सितंबर को ही चीन के झुहाई में चिली के खिलाफ करेगा। इसके बाद स्लोवाकिया और जर्मनी से खेलेगी। दो साल का उप विजेता ऑस्ट्रेलिया 10 सितंबर को वेलेंसिया में फ्रांस से खेलेगा।

जापान के केंटो मोमोता ने संन्यास लेने की घोषणा की

टोक्यो। जापान के बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार के विश्व चैंपियन केंटो मोमोता ने गुरुवार को संन्यास लेने की घोषणा की। जापान की समाचार एजेंसी समाचार एजेंसी के हवाले से मोमोता ने टोक्यो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मुझे लग रहा कि मैं अब उस बिंदु पर वापस नहीं पहुंच सकता जहां मैं फिर से दुनिया में नंबर एक बनने का लक्ष्य पा सकूं।" उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हुए मेरा करियर बहुत ही संतुष्टिदायक रहा। अब मैं सभी प्रकार के लोगों को खेल का आनंद लेने में मदद करने में शामिल होना चाहता हूं।" उन्होंने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, दुर्घटना के बाद मैंने स्वयं ही सवाल किया, मैं ही क्यों।

शॉट लगाने के लिए बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते रोहित शर्मा। ● एजेंसी

विकेट के लिए अंपायर से अपील करते पंजाब किंग्स के सैम करेन। ● एजेंसी

मुंबई ने पंजाब किंग्स को दिया 193 रनों का लक्ष्य

मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार ने जड़ा अर्धशतक, पंजाब किंग्स के हर्षल पटेल ने 3 विकेट और एक रनआउट किया

मुल्लांपुर, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव (78), रोहित शर्मा (36) और तिलक वर्मा के नाबाद (34) रनों की शानदार पारी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 33वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य दिया है।

गुरुवार को महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करेन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और ईशान किशन (8) को रबाड़ा ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव के साथ पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट लिये 81 रन जोड़े। 12वें ओवर में सैम करेन ने रोहित शर्मा को आउट कर दिया। रोहित ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 36 रन बनाये।

वहीं सूर्यकुमार यादव ने 53 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्के लगाते हुए 78 रनों की पारी खेली। उन्हें सैम करेन ने प्रभसिमरन के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान हार्दिक पंड्या (10) और टिम डेविड (14), रोमारियो शेफर्ड (एक) रन बनाकर आउट हुये। तिलक वर्मा ने 18 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रन बनाये। पंजाब ने निर्धारित सात विकेट पर 192 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल को तीन विकेट मिले। सैम करेन ने दो विकेट लिये। कगिसो रबाडा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

जहीर ने 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम पर सवाल उठाए

नयी दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नजरिए से सहमति जताते हुए पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने गुरुवार को आईपीएल में 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे 'कामचलाऊ ऑलराउंडर' तैयार हो रहे हैं। 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम 2023 सत्र से लागू किया गया जिसमें सभी आईपीएल टीम को मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की स्वीकृति होती है। विशेषज्ञों ने तर्क दिया है कि यह नियम एक ऑलराउंडर की भूमिका को कमतर करता है। शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी को उनकी फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स ने केवल पावर हिटर के रूप में इस्तेमाल किया है। दुबे मध्यम गति के गेंदबाज भी हैं और टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के विकल्प के लिए दावेदार हैं लेकिन उन्हें गेंद से अपनी प्रतिभा दिखाने का बामुश्किल मौका मिल रहा है। जहीर ने 'जियो सिनेमा' द्वारा आयोजित ऑनलाइन बातचीत में कहा, मैं इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि यह बहस का मुद्दा है, थोड़ी चिंता जरूर है। लेकिन हमें इससे निपटने का तरीका ढूंढने की जरूरत है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम में आपको कामचलाऊ ऑलराउंडर मिलेंगे। विश्व कप 2011 में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले जहीर का मानना है कि मोहम्मद सिराज को टी20 विश्व कप टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ आना चाहिए। उन्हें साथ ही लगता है कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी टीम का हिस्सा होना चाहिए। इस 45 वर्षीय बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, टीम का चयन अब भी दो सप्ताह दूर है लेकिन अर्शदीप एक गंभीर दावेदार है और चयनकर्ता उस पर नजर रख रहे हैं।

मुंबई इंडियन्सः

ईशान का बराड़ बो रबाडा	08
रोहित का बराड़ बो करेन	36
सूर्यकुमार का प्रभसिमरन बो करेन	78
तिलक वर्मा नाबाद	34
हार्दिक का बराड़ बो हर्षल	10
डेविड का करेन बो हर्षल	14
रोमारियो का शशांक बो हर्षल	01
मोहम्मद नबी रन आउट (हर्षल)	00

अतिरिक्तः 11

कुल योग
(20 ओवर में सात विकेट पर) 192 रन

विकेट पतन
1-18, 2-99, 3-148, 4-167, 5-190, 6-192, 7-192

गेंदबाजीः

लिविंगस्टोन	2-0-16-0
अर्शदीप	3-0-35-0
रबाडा	4-0-42-1
हर्षल	4-0-31-3
करेन	4-0-41-2
बराड़	3-0-21-0

सूर्यकुमार यादव

कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया

जयपुर, एजेंसी

● नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 हस्तियों के मोम के पुतले

विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर गुरुवार को जयपुर वैक्स म्यूजियम (मोम संग्रहालय) में क्रिकेटर विराट कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। संग्रहालय के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक साल से पर्यटकों, खासकर बच्चों और युवाओं की ओर से कोहली की प्रतिमा बनाने की भारी मांग आ रही थी। उन्होंने कहा, ''उनकी राय थी कि कोहली की प्रतिमा संग्रहालय में होनी चाहिए। मोम की प्रतिमा का अनावरण आज विश्व धरोहर दिवस पर किया गया।''

नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 मोम के पुतले हैं, जिनमें क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी की प्रतिमा भी शामिल हैं। कोहली की इस प्रतिमा का वजन लगभग 35 किलो है। इसे करीब दो महीने में तैयार किया गया है। संग्रहालय में महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, एपीजे अब्दुल कलाम, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, कल्पना चावला, अमिताभ बच्चन और मदर टेरेसा की प्रतिमा भी हैं।

चेन्नई सपुर किंग्स ने कॉन्वे की जगह ग्लीसन को किया टीम में शामिल

लखनऊ, एजेंसी

● अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इस सत्र से हुए बाहर

अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी टीम में शामिल किया है।

कॉन्वे ने आईपीएल 2023 में सीएसके को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान उन्होंने 15 पारियों में 51.69 की औसत और 140 से कम की स्ट्राइक रेट से 672 रन बनाए थे। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी नवाजा गया था। ग्लीसन के शामिल होने से सीएसके को मुस्तफिजुर रहमान की अनुपस्थिति से पैदा हुए गैप को भरने में मदद मिल सकती है। बंगलादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जो वर्तमान में दस स्ट्राइक के साथ सीएसके के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। बीसीबी ने उन्हें एक मई तक आईपीएल खेलने के लिए एनओसी दे दी है। ग्लीसन ने पहले कभी आईपीएल में नहीं खेला है, लेकिन हंड्रेड (मैनचेस्टर ओरिजिनल्स), बीपीएल (रंगपुर राइडर्स), बीबीएल (मेलबोर्न रेनेगेड्स), एसए20 (डरबन सुपर जायंट्स) और आईएलटी20 (गल्फ जायंट्स) में वह खेल चुके हैं। उन्होंने अब तक 90 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 8.18 की इकॉनमी रेट से 101 विकेट लिए हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी महीने में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच के दौरान कॉन्वे के अंगूठे में चोट लग गई थी। जिसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। चेन्नई को उम्मीद थी कि आईपीएल के दूसरे भाग में कीवी बल्लेबाज मई तक उनके साथ दोबारा जुड़ जाएंगे।

महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कश्मीरी विलो बल्ले का जलवा

श्रीनगर। महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कश्मीर में निर्मित 'विलो क्रिकेट बल्ला' अपने पिंग, संतुलन और स्ट्रोक को लेकर अपना जलवा बिखेर रहा है। कश्मीर की 'विलो क्रिकेट बैट' की निर्माता कंपनी जीआर8 स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का कहना है कि उनके द्वारा बनाए गए बल्ले का उपयोग पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज महिला टीम और अन्य कई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बल्ले का पिंग, बैलेंस और स्ट्रोक अन्य बल्लो की तुलना में बेजोड़ और बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि यह वर्षों के प्रयास का नतीजा है।

एलएसजी के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की चुनौती

लखनऊ, एजेंसी

● आज शाम साढ़े सात बजे से होगा मैच का प्रसारण

लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं।

ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हैं जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। मुस्ताफिजुर रहमान के पास तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं । लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है।

बॉलीवुड हलचल

अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना चलि अइहा घरवा रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''चलि अइहा घरवा'' रिलीज हो गया है। फिल्म ''अक्षरा'' के हृदय स्पर्शी गाना ''चलि अइहा घरवा'' में, जिसे वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह और अंशुमान मिश्रा की पति-पत्नी की जोड़ी के रूप में हे। उनके बीच बहुत ही मार्मिक और भावनात्मक रिश्ता दर्शाया गया है। वीडियो में भारतीय संस्कारी बहु के रूप अक्षरा सिंह और फौजी पति के किरदार में अंशुमान मिश्रा हैं। इस गाने प्रियंका सिंह, विकास सोनकर ने गाया है। इसके गीतकार शानदार जी और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह अपने फौजी पति को वापस ड्यूटी पर जाते समय निहार रही हैं और मन मे बिरह व्यक्त कर रही हैं, गाने ये बोल बहुत मार्मिक हैं। गौरतलब है कि वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के प्रोड्यूसर कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं। पीआरओ ब्रजेश मेहर और रामचंद्र यादव हैं। इस फ़िल्म में अक्षरा सिंह के साथ अंशुमान मिश्रा, धानी गुप्ता, विनोद मिश्रा, अनुप अरोरा, विनीत विशाल, जे.नीलम, मटरू, बीना पांडेय, शुभकिशन शुक्ला, प्रतिभा साहू, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, सीपी भट्ट प्रमुख भूमिका में हैं।

आज जो हूं पिता के बलिदानों की वजह से हूं : हुमा कुरैशी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी का कहना है वह आज जिस मुकाम पर हैं, वह अपने पिता के बलिदान की वजह से है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न अपने कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' के साथ एक और हंगामेदार वीकेंड देने के लिए तैयार है, जिसमें दर्शकों को कविता और कॉमेडी का परफेक्ट मिश्रण पेश किया जाएगा। शो के 'मुशायरा स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कवि और अभिनेता, शैलेश लोढ़ा के साथ, कॉमेडी के माहिर गौरव मोरे, सृष्टि रोडे और सुगंधा मिश्रा शामिल होंगे। कॉमेडियन्स अपने परफॉर्मेंस से न केवल मैडनेस की मालकिन, हुमा कुरेशी और मेहमानों का दिल जीतेंगे, बल्कि प्रसिद्ध कवि शैलेश लोढ़ा भी एक पिता और बेटी के उल्लेखनीय स्नेह को दर्शाने वाली हार्दिक कविताएं पढ़ेंगे। हुमा कुरैशी ने अपने पिता सलीम कुरेशी के बारे में बताया, जब आप (शैलेश लोढ़ा) पिता-बेटी के रिश्ते के बारे में यह भावपूर्ण कविता सुना रहे थे, तो मुझे वाकई अपने पिता की याद आ गई। मुझे याद है कि वह हर अवसर या त्योहार पर काम करते थे, चूंकि वह रेस्तरां बिज़नेस में थे और हॉलीडे के दौरान व्यस्त रहा करते थे। बचपन में, मैं उनसे बहस करती थी कि वह हमारे साथ समय नहीं बिताते है। लेकिन अब मुझे एहसास हुआ कि उन्होंने हमारे साथ जो समय नहीं बिताया, वह बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि मैं आज जो कुछ भी हूं वह उनके और उनके बलिदानों के कारण हूं।

अजय देवगन की फिल्म मैदान ने पहले सप्ताह में 28 करोड़ की कमाई की

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है।फिल्म 'मैदान' को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला है। फिल्म में अजय देवगन की एक्टिंग की भी काफी तारीफ की जा रही है. बावजूद इसके 'मैदान' सिनेमाघरों में कमाई के मामले में पिछड़ गई है। फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त, हांफते रहे वाहन, लगा भीषण जाम

पहले ही दिन आधा किलोमीटर की दूरी तय करने में लगे 30 मिनट, तपती दोपहरी में झुलसते रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः नामांकन को लेकर लागू की गई ट्रैफिक व्यवस्था पहले दिन ही लोगों के लिए बवालेजान बन गई। गुरुवार को विलोबी हाल के सामने से शहपुरा कोठी चौराहा के बीच करीब पांच सौ मीटर की दूरी तय करने में वाहनों को आधे घंटे से अधिक समय लग गया। यह हालात पूरे दिन बने रहे। भारी जाम के कारण बाइक तो छोड़ दीजिए। लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा था।

लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस ने कलक्ट्रेट के चारों तरफ लोहिया भवन से कचहरी, डीसी रोड तिराहा, नौरंगाबाद चौराहा. शहपुरा कोठी चौराहा और विलोबी हाल से कांग्रेस कार्यालय की तरफ जाने वाले मार्ग को पूरी तरह से बंद कर फोर्स तैनात की है। इससे हमदर्द दवाखाना से शाहपुरा कोठी, खीरी रोड, जेल रोड पर वाहनों का अत्यधिक दबाव बढ़ गया। इन मार्गों पर दोनों तरफ से वाहनों का आना-जाना हो रहा है। विलोबी हाल से लेकर शाहपुर कोठी की दूरी करीब 500 मीटर है। पहले दिन ही ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था ध्वस्त हो गई। वाहन जाम में फंसे रहे। तपती दोपहरी में 500 मीटर की दूरी तय करने में वाहन चालकों को 30 मिनट जूझना पड़ा। पूरे दिन जाम की समस्या बनी रही। यहां तक इस मार्ग पर लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा था। यहां ट्रैफिक के जवान कहीं पर भी तैनात नजर नहीं आए। यही हाल निघासन रोड का रहा। शहर में प्रवेश करने वाले निघासन मार्ग पर मेला मैदान चौराहे पर नो एंट्री लगा रखी है। इससे चार पहिया वाहन गढ़ी रोड से भुइफोरवनाथ मंदिर वाले रास्ते से निकलते हैं। मंदिर के पास सड़क पर खड़ी होने वाली प्राइवेट बसों के कारण पहले से जाम लगा होता है। इससे शहर में जाने के लिए घंटो आम नागरिकों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

विलोबी हाल के निकट तिराहे पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

शाहपुरा कोठी मार्ग पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

डीसी रोड पर कलक्ट्रेट तिराहे पर लगा बैरियर हटे तो मिले राहत

लखीमपुर खीरी। लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने डीसी रोड पर कलक्ट्रेट तिराहे के पास बैरियर लगाकर रास्ता बंद किया है। लोगों का कहना है कि इस बैरियर का कोई औचित्य नहीं है। प्रशासन को चाहिए कि नामांकन प्रक्रिया तक इस रोड की तरफ स्थित कलेक्ट्रेट गेट को बंद कर दे। सामने गेट से ही लोगों का आना-जाना रहे। इससे डीसी रोड से सीधे वाहन नौरंगाबाद चौराहा होते हुए आ जा सकेंगे। बैरियर लगने से जेल रोड और डीसी रोड के वाहन लोहिया भवन होते हुए हमदर्द तिराहा-शाहपुरा कोठी मार्ग पर निकाले जा रहे हैं, जिससे हालात काफी खराब हो रहे हैं। बैरियर हटाने से काफी हद तक लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।

विलोबी मैदान में खड़े होंगे वाहन

लखीमपुर खीरी। नामांकन में आने वाले सभी वाहनों को खड़ा करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने बिलोबी मैदान में पार्किंग बनाई है। सभी वाहन मैदान में ही खड़े कराए जायेंगे।

> बैरियर लगने से ट्रैफिक लोड बढ़ा है। इससे थोड़ी दिक्कत आ रही है। ड्यूटी पर लगे यातायात सिपाही और प्रशिक्षित होमगार्ड जाम न लगे। इसको लेकर लगातार प्रयास कर रहे हैं। अगर कहीं समस्या आ रही है तो उसे दिखवाया जाएगा।
>
> -रमेश कुमार तिवारी
> सीओ सिटी

यह है रूट डायवर्जन

- कचहरी तिराहा से नौरंगाबाद चौराहे की ओर आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। कचहरी तिराहा से नौरंगाबाद दिशा की ओर जाने वाले वाहन लोहिया भवन चौराहा, विलोबी हाल तिराहा, शाहपुरा कोठी चौराहा होते हुए नौरंगाबाद चौराहे की ओर जायेंगे। इसी मार्ग से वापस आयेंगे।
- लोहिया भवन से शाहपुरा कोठी चौराहा की ओर जाने वाले वाहन विलोबी हाल तिराहा, शाहपुरा कोठी चौराहा होते हुए नौरंगाबाद चौराहे की ओर जायेंगे, जो इसी मार्ग से वापस आयेंगे।

यहां लगाए गए बैरियर

यातायात नियंत्रण हेतु कचहरी तिराहा, कोषागार गेट के पास, नौरंगाबाद चौराहा पर बैरिकेडिंग की गयी है। लोहिया भवन चौराहा, विलोबी हाल तिराहा (निकट पंजाबी रसोईं) तथा शाहपुरा कोठी पर बैरियर प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है ।

लोहिया भवन के निकट लगे बैरियर पर वाहन चालकों को रोकती पुलिस।

गुरुवार से शहर में लागू हुआ ट्रैफिक प्लान

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : लोकसभा चुनावों को लेकर कलक्ट्रेट में खीरी और धौरहरा सीट के लिए गुरुवार से नामांकन शुरू हो गए हैं। यहां 13 मई को मतदान होगा। पुलिस ने कलेक्ट्रेट के चारों तरफ बैरियर लगाकर सुरक्षा घेरा तैयार किया है। साथ ही रूट डायवर्जन लागू किया गया है, जो गुरुवार से प्रभावी हो गया है। यातायात संबंधी किसी भी सहायता के लिए यातायात नियंत्रण कक्ष का मोबाइल मोबाइल नंबर 9454844045 जारी किया है। नामांकन में आने वाले सभी वाहन सड़क पर खड़े नहीं होंगे। उन्हें पार्किंग स्थल पर ही खड़ा किया जाएगा। सड़क पर वाहन खड़ा होने पर ट्रैफिक पुलिस आपके वाहन का भारी भरकम चालान भी कर सकती है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी के साथ कलक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी गणेश प्रसाद साहा।

बिजली कटौती से किसानों सहित आमजन परेशान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ किसान रात में सिंचाई करने को मजबूर, वन्यजीवों का खतरा

अमृत विचारः तेज हवाओं के चलने से कई दिनों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में दिन के समय बिजली गुल हो जाती है। पूरे दिन बिजली कटौती से किसान सहित आमजन परेशान है। किसानों फसल सींचने के लिए रात में बिजली दी जाती है, रात में वन्य जीवों का खतरा उन्हें सता रहा है।

पिछले एक सप्ताह से दिन के समय ग्रामीण इलाके में पूरे दिन बिजली गायब रहती है। बुधवार और गुरुवार को नगर समेत पूरे इलाके की बिजली गुल रही। लोगों के इनवर्टर जवाब दे गए। लोग पानी के लिए तरसते रहे। बिजली अधिकारियों ने बताया कि तेज हवा के कारण सप्लाई रोकी गई है। इंजीनियर और बिजली महकमा अभी तक व्यवस्था नहीं कर पाया है कि सामान्य से कुछ तेज हवा चले तब भी उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई से वंचित न किया जाए। पूरे दिन बिजली न आने से लोग परेशान होते हैं। गर्मी से बच्चे और महिलाएं बेहाल हो जाती हैं। पानी के टैंक और इनवर्टर जवाब दे जाते हैं। किसान भी दिन के समय बिजली न मिल पाने के कारण अपने फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। रात के समय खेतों में विषैले और वन्य जीवों को खतरा बना है। जिस कारण रात के समय खेत पर जाना खतरे से खाली नहीं है।

गर्मी शुरू होते ही बिजली कटौती चालू

संवाददाता, रोशननगर, अमृत विचारः हैदराबाद फीडर से सम्बन्ध रोशननगर क्षेत्र के दर्जनों गांवों की बिजली कटौती शुरू हो गई है। घरों में लगे इनवर्टर भी डाउन होने से लोगों को गर्मी और अंधेरे मे गुजारा करना पड़ता है, जबकि प्रदेश सरकार कटौती मुक्त बिजली देने का दावा कर रही हैं। बिजली कटौती अधिकतर शाम को खाना खाने के समय पर होती है।

इस संबंध में लाइन मैन श्यामू वर्मा ने बताया कि लोकल फाल्ट की वजह से सप्लाई बाधित है। शीघ्र ही सप्लाई चालू करा दी जायेगी। रोशननगर, बाबरपुर, जमुनहां, रामपुर, नरसिंहपुर, जनकपुर, शेखवापुर, दुलीपुर दर्जनों गांव के लोगो को अंधेरे मे रहना पड़ता है।

शिक्षिकाओं का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

▸▸ 65 ग्रामों की शिक्षिकाएं प्रशिक्षण में कर रहीं प्रतिभाग

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश वनवासी सेवा संस्थान द्वारा आयोजित पलिया क्षेत्र के 65 ग्रामों में संचालित बालिका शिक्षा कार्यक्रम में सेवारत शिक्षिकाओं के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंधक रामबचन तिवारी आदि ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

उत्तर प्रदेश वनवासी सेवा संस्थान के मंत्री अमित कुमार ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य जिले के सुदूर गांवों में बालिकाओं को विभिन्न शैक्षणिक अध्ययन सामग्रियों के माध्यम से गुणवत्ता परक एवं संस्कारिक शिक्षा प्रदान कर हर परिवार को शिक्षित एवं खुशहाल बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहीं सभी शिक्षिकाओं को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों में नेतृत्व विकास, रचनात्मक विकास नवाचार एवं विज्ञान की उपयोगी शिक्षा तथा खेल खेल में रुचि पूर्ण शिक्षा सामग्रियों के माध्यम से बालिकाओं की समझ को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि रामबचन तिवारी ने गांव-गांव में सेवारत शिक्षिकाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सबको जब भी किसी सेवा की आवश्यकता हो, वे सहयोग करेंगें। उन्होंने बालिका शिक्षा से समाज एवं राष्ट्र का विकास करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम अधिकारी फरहान फलाही ने संस्था द्वारा बालिका शिक्षा हेतु किए जा रहे प्रयासों को बताया। इस दौरान संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक पुष्पेंद्र सिंह, आसिफ अली, अनिल, विकास, नीलम व फिरदौस आदि रहे। संचालन अजय कुमार चौबे ने किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि राम वचन तिवारी।

सार-संक्षेप

कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

संवाददाता, पसगवां, अमृत विचार : बरवर-जहानीखेड़ा मार्ग पर बुधवार की देर शाम ब्रेजा कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार वाले उसे शाहजहांपुर अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम चंदिला निवासी मोहम्मद नईम (38) पुत्र शमीम खां बाइक से मकसूदपुर की ओर जा रहा था। ग्राम सहिजना रामपुर बनवारी के प्राथमिक विद्यालय के निकट सामने से आ रही ब्रेजा कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक कार मौके पर छोड़कर भाग निकला। सूचना पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए शाहजहांपुर ले जा रहे थे। रास्ते में उसने दम तोड दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई मोहम्मद नसीम खां की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट अज्ञात चालक के खिलाफ दर्ज कर ली है। मृतक मोहम्मद नईम के घर पत्नी गुलनाज के अलावा पुत्र आफिज और पुत्री जयना हैं। सभी का रो-रोकर हाल बेहाल है। पुलिस ने कार कब्जे में ली है।

डिप्टी सीएम केशव मौर्य आज निघासन में

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : भाजपा निघासन विधान सभा का शक्ति केंद्र बूथ सम्मेलन निघासन में स्थित एक मैरिज हाल में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। जिसमें उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्र ने बताया कि सम्मेलन में जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, खीरी लोक सभा प्रभारी अचिन मेहरोत्रा और जिलाध्यक्ष सुनील सिंह खीरी भी मौजूद रहेंगे।

चार हमलावरों ने युवक को पीटा, रिपोर्ट

संवाददाता, पसगवां, अमृत विचार : थाना पसगवां क्षेत्र के गांव गदनापुर में मामूली विवाद के बाद चार लोगों ने मिलकर एक युवक की पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। गांव गदनापुर निवासी अनुराग पुत्र राजबहादुर बुधवार को खेत से घर जा रहा था। शाम साढ़े सात बजे जैसे ही मैकू लाल के घर के सामने पहुंचा कि गांव के ही रामदेव पुत्र लक्ष्मण, कलट्टर, सत्यपाल और भवन लाल ने उसे रोक लिया और लाठी डंडों से उसकी पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग आ गए। इस पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। अनुराग ने बताया कि आरोपी रामदेव पुलिस विभाग में कार्यरत है। उसी ने सबसे ज्यादा उसकी डंडे से पिटाई की। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी में कराया है।

किशोरी को ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

पसगवां, अमृत विचार : पुलिस ने एक किशोरी को बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने के नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। 14 नवंबर 24 को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी की 16 वर्षीय पुत्री को शाहजहांपुर के थाना रोजा के ग्राम मानपुर निवासी श्यामू बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया था। पसगवां पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी पहले ही बरामद की जा चुकी है। पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है।

तमंचे के साथ युवक का वीडियो वायरल, गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी क्षेत्र में युवक का तमंचे के साथ बुधवार की शाम एक वीडियो वायरल हुआ। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया। बुधवार की शाम एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमे एक युवक तमंचा लिए हुए जाता दिख रहा है। किसी ने उसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद खीरी पुलिस हरकत में आ गई। एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने बताया कि पुलिस ने पहचान करने के बाद गांव मल्हपुर निवासी रामलोटन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी निशानदेही पर 315 बोर का तमंचा व एक जीवित कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

टीम को राइस मिलों में सब कुछ मिला ओके

गोला में गोदाम चेक करते अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : नगर के राइस मिलों में गेहूं का स्टॉक चेक करने के लिए आई टीम को राइस मिलों में सब कुछ ओके मिलने पर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी हैं। गुरुवार को तहसीलदार सुखबीर सिंह की अगुवाई में सहायक विपणन अधिकारी सुभाष चंद्रा, मंडी सचिव राम लखन, सेल टैक्स अधिकारी के साथ आरआरएस अग्रवाल एंड कंपनी पहुंचकर गेहूं का स्टॉक चेक किया। जहां उन्हें स्टाक 5000 क्विंटल से कम मिला। उसके बाद उन्होंने नेहा अग्रवाल एंड कंपनी में पहुंच कर स्टॉक की जांच की वहां भी स्टाक ठीक मिला, टीम मोहम्मदी रोड पर श्याम जी इंटरप्राइजेज और अलीगंज रोड पर विजय राइस मिल में स्टाक ठीक मिलने पर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी है।

ईंट भट्ठे के मजदूर का खून से लथपथ मिला शव

संवाददाता, पिपरिया धनी (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचारः कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर कोयला झोंकने का काम करने वाले मजदूर का गुरुवार की सुबह खून से लथपथ शव सड़क किनारे मिला। हत्या की आशंका से सनसनी फैल गई। पुलिस ने पड़ताल की तो पाया कि पंजे से हमले के कारण गहरे जख्म बने हैं। इससे पुलिस ने हिंसक पशु के हमले से मौत होने की आशंका जताई। हालांकि परिवार वाले हत्या की आशंका जता रहे थे। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जख्मों के गहरे घाव किसी हिंसक पशु के पंजे के होने और अत्यधिक रक्तस्राव से मौत की वजह सामने आई है।

जंगली पशु के हमले में मौत की बात नहीं उतर रही किसी के गले

पुलिस भले ही जंगली हिंसक जानवर के हमले में मौत होने की बात कह रही हो, लेकिन यह बात न तो परिवार के लोगों के गले उतर रही है और न ही प्रत्यक्षदर्शी इसे मान रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह कोई जंगली जानवर का हमला नहीं है। अगर जंगली जानवर का हमला होता तो आसपास पद चिन्ह बने होते। शव पर जो घाव हैं वह चाकू जैसे किसी धारदार हथियार के लग रहे हैं।

पुलिस चौकी मुड़ा निजामपुर क्षेत्र में गांव मुकुंदापुर गुरुद्वारा के निकट गुरुवार की सुबह एक शव खून से लथपथ गेहूं के खेत के निकट पड़ा देखा गया। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। तमाम लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी चंद्रशेखर सिंह भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। शव की पहचान पीलीभीत जिले के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव मनहरिया निवासी जसवंत के रूप में हुई। वह घटनास्थल से करीब दो सौ मीटर दूर स्थित एक ईंट भट्ठे पर कोयले की झुकाई का कार्य करता था। उसकी गर्दन, पीठ और सीने पर गहरे घाव थे। सुबह करीब आठ बजे भट्ठा मालिक ने उसके पिता बहादुर को मोबाइल पर सूचना दी कि जसवंत बुधवार की शाम करीब पांच बजे से गायब है, जिसका शव बरामद हुआ है। सूचना से परिवार में चीख पुकार मच गई। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। मृतक के पिता ने बताया कि पुत्र जसवंत दिसंबर 2023 से ईंट भट्ठे पर अकेले रहकर मजदूरी करता था। उसने बुधवार की शाम सात बजे अपने छोटे भाई अरुण से मोबाइल पर बात की थी और घर का हालचाल लिया था, जबकि भट्ठा मालिक शाम पांच बजे से गायब होने की बात कह रहे हैं। पुत्र का मोबाइल भी गायब है। उन्होंने बताया कि पुलिस जानवरों के हमले में मौत होने की बात कह रही है।

> प्रथम दृष्टया हिंसक जंगली जानवर के हमले में मौत होना प्रतीत हो रहा था, क्योंकि पंजे से बने गहरे घाव लग रहे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसकी पुष्टि हो गई है।
>
> -चंद्रशेखर सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मोहम्मदी।

संपूर्णानगर में तेज गर्म हवाओं ने किया बेहाल

संवाददाता, संपूर्णानगर, अमृत विचार : इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित सम्पूर्णानगर में गुरुवार दोपहर बाद से मौसम ने जबरदस्त करवट बदली। देखते ही देखते क्षेत्र में तेज आंधी की तरह गर्म हवाएं चलने लगीं। धूल भरी तेज आंधी के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। अचानक गर्म हवाएं चलने से खेत-खलिहानों में काम कर रहे मजदूर काम छोड़ घरों को जाते देखे गए। तेज हवाओं के चलते क्षेत्र में फलदार वृक्ष आम के पेड़ों पर लगे आम के छोटे- छोटे फल तेज आंधी के चलते बड़ी संख्या में टूटकर पेड़ों से नीचे गिर गए। क्षेत्र में जिन ठेकेदारों ने आम के बागों का ठेका ले रखा है। उन्हें आर्थिक क्षति पहुंचने की संभावना है। क्षेत्र के मिर्चिया में बाग ठेकेदार रमीज रजा ने बताया कि आज क्षेत्र में काफी तेज और गर्म हवाएं चलीं, जिसके चलते बगीचे में आम के छोटे टिकोरे बड़ी संख्या में पेड़ों से टूटकर गिर गए हैं। इससे काफी नुकसान हुआ है।

बाजार में सिर ढक कर निकलीं नेपाली महिलाएं।

शिक्षा | इग्नू के अपर निदेशक ने की परिचय वार्ता, नये प्रवेशार्थियों के परिचय सत्र में दिए आवश्यक टिप्स

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करना है इग्नू का उद्देश्य

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः नगर के सीजीएन पीजी कॉलेज के पं.दीनदयाल उपाध्याय सभागार में इग्नू के अपर निदेशक के परिचय वार्ता में नए प्रवेशार्थियों को इग्नू के विभिन्न कोर्सेस की जानकारी देते हुए आवश्यक टिप्स भी दिए।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ इग्नू के अपर निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने बैठक में नये प्रवेशार्थियों के साथ परिचय सत्र में बताया कि इग्नू दूरस्थ शिक्षा का एक ऐसा विश्वविद्यालय है जो विद्यार्थियों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों तरह के लगभग 300 से अधिक कोर्स उपलब्ध करा रहा है। इग्नू का प्रत्येक कोर्स विद्यापीठ द्वारा अनुमोदित होता है। इग्नू का उद्देश्य जहां उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करना है वहीं राष्ट्रीय विकास में विद्यार्थियों के माध्यम से योगदान देना है। उन्होंने विद्यार्थियों को इग्नू के कोर्सेस में ऑनलाइन प्रवेश लेना, इग्नू की वेबसाइट को प्रयोग करना और अपने-अपने विषयों मे सत्रीय कार्य करने की जानकारी देते हुए बताया कि इग्नू के कोर्स में अध्ययन कर विद्यार्थी अपने भविष्य को उज्जवल बनाते हैं। वर्तमान में पीजीडीडीएम, पीजीडीआरडी, डीएनएचई, पीजीडीटी, सीआईजी, सीटीई स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम एवं परास्नातक स्तर पर हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, एमए हिन्दी, संस्कृत, ज्योतिष, वैदिक, आदि पाठ्यक्रम इग्नू द्वारा संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों को यूजी एवं पीजी पाठ्यक्रमों के साथ-साथ सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। नई शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत अब विद्यार्थी दो डिग्री कोर्स एक साथ कर सकते हैं। इनमें एक फेस टू फेस मोड में तथा दूसरा इग्नू की दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अथवा दोनों कोर्स इग्नू के माध्यम से कर सकते है। इग्नू को नैक द्वारा ।.ग्रेड प्राप्त है। उन्होंने कहा कि अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक सुदृढ़ एवं स्थायी सरकार बनाने के लिए वोट देने के लिए प्रेरित कर मतदाता शपथ भी दिलायी। संचालन डॉ योगेश कनौजिया ने किया। प्राचार्य प्रमोद कुमार, डॉ. गौरव अवस्थी, डॉ. अशोक कुमार, आदर्श पटेल, अमित कुमार यादव, देवानंद, विवेक कुमार सिंह, शैलेन्द्र, सुनील गुप्ता, डॉ. विकास चौरसिया, राघवेन्द्र सिंह, डॉ. शेषमणि विश्वकर्मा, डॉ अरुण कुमार सिंह, राकेश कुमार अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

सीजीएन पीजी कालेज में बोलते इग्नू के अपर निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्र।

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी हिरासत में

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : हैदराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। किशोरी की मां का आरोप है कि पुलिस रिपोर्ट लिखने में टालमटोल कर रही है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव में एक किशोरी घर के बाहर बने टॉयलेट में शौच को गई थी। तभी एक युवक भी उसमें दाखिल हो गया। आरोप है कि युवक ने टॉयलेट के अंदर ही किशोरी से दुष्कर्म किया। लोगों ने युवक को टॉयलेट में जाते देखा। युवक के बाहर निकालने पर लोगों ने उसकी पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर दोनों पक्ष में सुलह समझौता कराने की कोशिश कर रही है। थानाध्यक्ष दीपक तिवारी का कहना है कि उन्होंने मामले की पूरी जांच कर ली है। मामला पूरी तरह से फर्जी है। यह किशोरी एक बार पहले भी दूसरे युवक के साथ चली गई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज थी हुई थी। फिर इन लोगों ने सुलह समझौता कर लिया था।

चैती मेला : बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं...

▸▸ चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुति

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचारः छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्कूली विद्यार्थियों ने प्रस्तुति देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती के सांस्कृतिक मंच पर विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमारी पांडे, विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता रजनीश गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार एवं पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरूआत लिटल होपर्स एकेडमी के किंजल, सिदरा, मिस्ठी, आद्यश्री, काव्या, अनमिता, सगुन, आख्या, आद्या, अनाविया, अमोलिका, उन्नति, अदिति ने रंगीलो मारो ढ़ोलना-ढ़ोलना पर अपनी शानदार प्रस्तुति देकर की। इंडियन हेरिटेज एकेडमी की रितिका, मन्नत, रिया, सायफा, अवनि, निधि, आरोही, राखी, तमन्ना, मानवी ने राम आयेंगे रिकार्डिंग पर प्रस्तुति दी। कृषक समाज इंण्टर कालेज के काव्या, हृदयांशी, प्रभा, अनन्या, दर्षिका, कनक, कीर्ति, अचिर्तत, शशांक, आदर्श, सौरभ, नितिन ने रक्तबीज संहार पर नाटक दिखाई।

चैती मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दीप प्रज्ज्वलन कर शुरुआत करतीं मुख्य अतिथि।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले पुरस्कृत विद्यार्थी। अमृत विचार

मां सरस्वती शिक्षा मंदिर की आराध्या, कोमल, सुरभि, नित्या, श्रुति, साक्षी ने बड़ा नीक लागे गीत और धानी, आशी, आद्या, मानवी, समद्धि, लक्ष्मी, आरजा, अंशू ने आना होगा कान्हा जब जब राधा तुम्हे बुलाएगी पर नृत्य पेश किया। सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्वी, कुशाग्र, अथर्व, दर्श, शीतल, दिव्या, नीतिका, प्रिंसी, रूपाली, आरोही, हिमाली, अनमोल, अवनी ने बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं, तथा लक्ष्मी, किंजल, सृष्टि, श्रेयांशी, अनुष्का, काव्या, प्रिया, आराधना, अनन्या ने रितु आ गई रितु छा गई गीत प्रस्तुत किया। शारदे ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल की जानवी, पंखुड़ी, आराध्या, माही, ज्योति, समर, मयंक, वैभव ने दही का दान दे दे पर प्रस्तुतीकरण दिया। आदर्श दुर्गा बाल विद्या मंदिर की सबनम, रूपा, नैसी, पूजा, अंकित ने जलबा जलबा, और सबनम, रूपा, नैसी, पूजा ने पानी छलके पर नृत्य किया।

उमा देवी चिल्डेंस एकेडमी की गुरलीन, जसमीत, आरोही, नव्या, नम्रता ने मेचप पर प्रस्तुत की। एफएम ज्ञान दायनी विद्या मंदिर की अनिका प्रजापति ने जुलम करि डारो, सितम करि डारो और अस्मिता गिरि ने चटक मटक पर नृत्य किया। यदुशील शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल की यशी, सौम्या, राजप्रिया, अनन्या, हिमांशी, अंशिका ने हर तरफ हर जगह हर कहीं पे है हं उसी का नूर पर प्रस्तुतीकरण दिया। ब्राइटलैंड एकेडमी की प्राची, मीनाक्षी, खुशी, अमृता, कशिश ने कान्हा बरसाने में आ जइयो पर नृत्य किया। पुरुषोत्तम बाल विद्या मंदिर के अनुकरुणा, तृषा, नियां, ने मसाने की होली गीत पर नृत्य किया। रामजानकी विद्या मंदिर इंटर कालेज के नैमिश, कमल, निखिल, सुधीर, आकर्ष, श्रेयश ने संदेशे आते हैं। कामधेनु विद्या निकेतन की मोहिनी, राजनंदनी, अंजली, शालिनी, प्रतिभा, बेबी ने बावन गज की चुनरी को चढ़ाने जाऊंगी पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन अनुज खरे ने किया। सभासद शोभित सिंह, इजरान अहमद अंसारी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार बाल्मीकि, हर्ष अवस्थी, धर्मेंद्र कुमार तिवारी, सौरभ तिवारी, शाहिद अंसारी, आनन्द किशोर गिरि भोली, शब्बन खां, सुरेश जायसवाल, अल्लू सैनी, कफील अहमद, विमलेश वर्मा, नगर पालिका परिषद के एसआई संदीप कुमार वर्मा, आरआई अब्दुल रहीम अंसारी, लिपिक अमित श्रीवास्तव, शिवम् भारती, मोहित अवस्थी, विमलेश वर्मा, रामसिंह, अवधेश कुमार, आशुतोष शुक्ला, प्रेमप्रकाश पाठक, ऋषि कुमार, रितेश कुमार, अरविंद कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

चैती मेला में आज

1. 23 अप्रैल को जूनियर गायन और 28 अप्रैल को सीनियर गायन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का ऑडिशन लखीमपुर रोड स्थित नगर पालिका परिषद कार्यालय में पूर्वान्ह 11.00 बजे से।
2. चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय कवि सम्मेलन रात्रि 8 बजे से।

मॉक ड्रिल से चीनी मिल कर्मियों को बताया आग बुझाने का तरीका

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचारः अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत अग्निशमन अधिकारी राधेश्याम पाल ने बजाज हिंदुस्थान शुगर चीनी मिल पलिया के प्लांट में मॉक ड्रिल कराया और मिल कर्मियों को बचाव और आग पर काबू पाने के तरीके बताए।

उन्होंने कहा कि जिस जगह पर आग लगने की आशंका हो।,वहां बाल्टी में पानी, मग, सूती कपड़ा का गमछा और बालू मौजूद रहनी चाहिए। इसके जरिए आग बुझाने में काफी मदद मिलती है। रसोई गैस के सिलेंडर में आग लगने पर उसे सूती कपड़े की चादर या टाट के बोरे से ढक देना चाहिए। इससे आग तुरंत बुझ जाती है। आग लगने पर इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को भी देनी चाहिए। इस मौके पर अग्निशमन विभाग और चीनी मिल के तमाम कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

खाना बनाते समय लगी आग, 30 से ज्यादा घर जले

50 लाख से ज्यादा का नुकसान, तेज हवाओं ने 20 मिनट में ही समेट लिया पूरा गांव, ग्रामीणों ने भागकर बचाई जान

संवाददाता, निघासन

अमृत विचारः ग्राम पंचायत लुधौरी के मजरा टूरा टांडा में गुरुवार की दोपहर खाना बनाते समय एक घर में लगी आग ने तेज आंधी चलने के कारण पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों को इतना मौका नहीं मिला कि वह अपने घरों से जरूरत का सामान ही निकाल सकें। लगातार बढ़ रहीं आग की लपटों के कारण लोगों ने किसी तरह से घरों से भागकर अपनी जान बचाई। इस अग्निकांड में 30 से अधिक घर जलकर स्वाहा हो गए हैं। मौके पर पहुंची दमकल की कई गाड़ियों ने आग बुझाई। इस बार गर्मी के सीजन में यह अब तक का सबसे बड़ा अग्निकांड हैं। राजस्व टीम पीड़ित परिवारों की सूची बना रहा है।

मजरा चूरा टांडा निवासी प्यारे सिंह के घर पर गुरुवार की दोपहर खाना बन रहा था। इसी बीच चूल्हे से निकली चिंगारी से आग भड़क उठी। यह देख परिवार के लोग शोर शराबा करते हुए आग बुझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन चल रही तेज आंधी ने आग में घी डालने का काम किया। शोर शराबे पर ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते। इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। हवा के साथ काफी दूर तक फैल रही आग की लपटे एक साथ कई घरों को अपनी चपेट में ले रहीं थी और तेजी से आग बढ़ती जा रही थी। यह देख पूरे गांव में हड़कंप मच गया। आग इतनी भीषण थी और तेजी से फैल रही थी कि लोग अपने घरों से एक तिनका भी नहीं निकाल सके। लोग जान बचाकर घरों से भागते रहे। ग्रामीणों की मानें तो 20 मिनट के भीतर ही आग ने लगभग पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया। आग से घरों के साथ पशुशालाएं भी जल गईं। गनीमत रही कि कोई पशु और जनहानि नहीं हुई। सूचना पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से किसी तरह से आग पर काबू पाया। तेज हवा के लगातार चलने के कारण फायर सर्विस की एक टीम देर शाम तक मौके पर ही मौजूद रही। इस अग्निकांड में मानसिंह, प्यारेलाल, राधेश्याम, कंचन, सुनील, विनोद, अमर , चेतराम , विनोद, राम सिंह, मैंकू, शेर सिंह, मोहर सिंह, केहर सिंह, प्रेम सिंह, शिवलाल, सुधीर, चेतराम, सर्वेश सहित 30 से ज्यादा घर राख के ढेर में तब्दील हो गए। घर में रखी नगदी, जेवर, कपड़ा समेत सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। लेखपाल शिवम गुप्ता ने बताया कि सर्वे किया जा रहा है। 30 से अधिक घर जले हैं। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही व प्रधान प्रतिनिधि मनोज जायसवाल ने अग्निपिड़ितो से मुलाकात की और सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। इस भीषण अग्निकांड में करीब 50 लाख रुपए की क्षति होने का अनुमान लगाया गया है।

आग बुझाते फायर बिग्रेड के कर्मचारी। अमृत विचार

नुकसान का आकलन करते तहसीलदार दिव्यांशु शाही व राजस्व टीम।

आग से राख में ढेर में बदले घर। अमृत विचार

शादी में जाने की हो रही थी तैयारी, आग ने किया तबाह

निघासन। टांडा गांव निवासी मान सिंह ने बताया कि गुरुवार को ही टांडा सेकेंड गांव में साले संजय की शादी में जाने की तैयारियां चल रही थी। भीषण आग की चपेट में आने से तख्त,चारपाई, बक्से में रखा सोना-चांदी, बर्तन समेत 40 हजार की नगदी सब जलकर राख हो गई। अनाज का एक दाना भी नहीं बचा। मोहर सिंह ने बताया कि गृहस्थी के सामान को निकालने का वक्त ही नहीं मिला। जैसे तैसे जानवरो की डोर काटकर खेतों की तरफ भगा पाए। इतनी ही देर में दो छप्परपोश घरों में रखा सारा घरेलू सामान व 13 हजार की नगदी जलकर खाक हो गई। इसके अलावा प्यारेलाल, विनोद, सुनील, राधेश्याम, मोहर सिंह, शेर सिंह, शिवलाल, अमर सिंह, चेतराम, ओमप्रकाश, मैकू, केहर सिंह, पप्पू सिंह, आदि लोगों के छप्परपोश आशियाने, घरेलू सामान, खेती के उपकरण राख में तब्दील हो गए।

आग से जली कई बीघे गेहूं की फसल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः जिले में अग्निकांडों का सिलसिला जारी है। निघासन के गांव गोविंदपुर फार्म के निकट खेतों में आग लगने से तीन बीघा गेहूं जल गया। वहीं दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की मझगईं रेंज क्षेत्र के जंगल में धधक रही आग से 45 बीघा गेहूं जलकर राख के ढेर में बदल गया।

निघासन ग्राम पंचायत लुधौरी के मजरा गोविंदपुर फार्म के निकट बाबा घाट के पास गांव अंबरपुरवा निवासी तौलेराम का खेत है। अज्ञात कारणों के चलते उसके खेत में आग लग गई, जिससे उसका तीन बाघी गेहूं जलकर राख हो गया। सिंगाही संवाददाता के अनुसार दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की रेंज मझगईं के किला कोठी बीट के जंगल में लगी आग खेतों तक पहुंच गई। आग की चपेट में आकर खैरीगढ निवासी सुखा सिंह, बलदेव सिंह, जीत सिंह आदि के की खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जल गई। सिंगाही पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई।

गोविंदपुर फार्म में लगी आग से जला गेहूं

किरियारा में गेहूं कटे खेतों में लगी आग

उचौलिया, अमृत विचार : गांव ग्राम किरियारा में गेहूं की फसल कटने के बाद खाली पड़े खेत में अचानक आग लग गई। गांव के शाहिद खान के खेत से शुरू हुई आग फैलती गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार लगभग 50 बीघा के आसपास खेतों तक आग फैली। गनीमत यह रही कि आग स्वयं ही धीमी होते होते बुझ गई और किसी भी जान माल की क्षति नहीं हुई। आग इतनी विकराल थी कि किरियारा गांव से होते हुए इब्राहिमपुर गांव के किनारे नहर साइड तक पहुंच गई।

चलती बाइक पर पेड़ की डाल गिरी, पति की मौत

▸▸ पत्नी और साली घायल, जिला अस्पताल रेफर

संवाददाता पलिया कलां

अमृत विचारः पत्नी व साली को लेकर ससुराल जा रहे युवक की बाइक पर तेज आंधी के दौरान अचानक आम के पेड़ की मोटी डाल टूटकर गिर गई, जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और साली गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायलों को सीएचसी पलिया में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हादसा गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे हुआ। थाना निघासन के ग्राम लोधपुरवा निवासी लतीफ पुत्र मुकद्दिर (35) की पलिया थाने के ग्राम सरखना पूरब में ससुराल है। वह अपनी पत्नी जुबेरा बानो (30) व साली मोजिदा (18) को बाइक पर बैठाकर अपनी ससुराल सरखना पूरब जा रहा था। इसी बीच चली तेज आंधी के दौरान गांव के पहले बने रपटा पुल के निकट उसकी बाइक पर आम के पेड़ की एक मोटी डाल टूट कर गिर गई, जिससे बाइक चला रहे लतीफ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और साली गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर-उधर खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने इसकी सूचना उसकी ससुराल दी। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के घर और ससुराल में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिवार वाले घायल पत्नी और साली को लेकर सीएचसी पलिया पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

(नमूना काबिल फरोक्त)
(सम्मन वास्ते कायेदा उसूर तबह तलब)
(आर्डर 4 कायदा 2 व 1)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डी0)
F.T.C. महोदय हरदोई
नाम मुकदमा–प्रकीर्ण सं0–26/2023
ता0पेशी– 26–04–2024
नाम फरीकन–भज्जा आदि
बनाम
राममूर्ति देवी
राममूर्ति देवी पत्नी सूरजपाल मिश्रा निवासी–अकबरपुर पसनामऊ, पर0 तह0–बिलग्राम जिला–हरदोई
हरगाह प्रार्थीनी ने नाबिल बतारिख दायर की गई है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारिख माह सन् ई0 बवक्त बजे दिन के असालतन या मार्फत किसी के जो मुकदमा के हालात सरकार वक्त वाकिफ किया गया हो और कुछ उजारत बहाल मुतालिफ क मुकदमा का जबाव दे सकेगा लिसके दाद कोई सनद हो कि बनाम ऐसे अदालत को दे सके कि हाजिर हो और जबावदेही को करें।
आपको लाजिम है। कि उस राज जुमला दस्तवेज पेश कार आपको लजिम अपना जवाब देही वक्त तालीम चाहते है। आपको इल्तिजा दी जाती है। अगर आप बरोज बुन्कर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको महसूस औ फसल होगी बबावत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत ने आज 18 बतारीख 4माह 2024 ई0 को जारी किया गया है।
मुन्सरिम
सिविल जज (सी0डी0)/

सहकारिता राज्य मंत्री ने बूथ अध्यक्षों को दिया संदेश

बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बोलते सहकारिता राज्य मंत्री। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : लखीमपुर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन बृहस्पतिवार को सौजन्या तिराहा स्थित एक मैरिज लॉन में हुआ। मुख्य अतिथि सूबे के सहकारिता राज्य मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि सभी अध्यक्ष बूथ की महत्वपूर्ण इकाई हैं। आप सबकी दम पर ही भाजपा इस बार 400 का आंकड़ा पार करेगी। उन्होंने कहा कि राजनीति में कहावत है कि बूथ जीतो- चुनाव जीतो। सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि सभी लोग पार्टी की पांच निष्ठाओं को ध्यान में रखकर अपने कार्य को अंजाम दें। खीरी लोकसभा प्रत्याशी एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। खीरी लोकसभा प्रभारी अचिन मल्होत्रा ने बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र संयोजकों को उनके दायित्व बताए। जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने कार्यकर्ता की दम पर भाजपा एक बार फिर लोकसभा में परचम फहराएगी। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने विश्वास दिलाया कि जिला भाजपा का मजबूत किला है। मुख्य अतिथि ने कांग्रेस के गुरमीत सिंह भुल्लर, बसपा के हरि ओम बरनवाल को भाजपा की सदस्यता दिलाई। सदर विधायक योगेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. नरेंद्र सिंह, खीरी जिला संयोजक विनीत मनार, पालिका अध्यक्ष डॉ. हीरा श्रीवास्तव, नकहा ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता, सदर ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह, रमेश चन्द्र, जितेंद्र सहित सभी संयोजक प्रभारी व शक्ति केंद्र संयोजक मौजूद रहे।

चेकपोष्ट व नाकों पर करें निरंतर रैंडम चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए खीरी संसदीय क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक सुदीप्त पाल ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट में निर्वाचन व्यय पर निगरानी रखने के लिए गठित टीमों संग बैठक की। उन्होंने प्रत्याशियों के व्यय पर पैनीनजर रखने के निर्देश दिए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने व्यय प्रेक्षक सुदीप्त पाल का स्वागत करते हुए बैठक की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। व्यय प्रेक्षक ने मौजूद अधिकारियों का परिचय जानते हुए निर्वाचन में उनकी भूमिका जानी। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने कहा कि उम्मीदवार निर्वाचन के दौरान जो भी धनराशि व्यय करते हैं, उसे छाया प्रेषण रजिस्टर में अंकित करें, सभी व्यय टीम आपसी समन्वय स्थापित कर अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। चेक पोस्ट और नाकों पर रैंडम चेकिंग करें। पुलिस, आयकर, आबकारी, नारकोटिक्स, परिवहन, वाणिज्य कर सहित सभी प्रवर्तन एजेंसियां निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव करवाने के लिए गंभीरता से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस दौरान उन्होंने अब तक विभागवार हुई कार्रवाईयों की जानकारी लेकर व्यय संवेदनशील पोकेट्स पर विशेष निगरानी करने के लिए कहा। सहायक व्यय प्रेक्षक से प्रत्याशियों की जनसभा व रैली आदि पर व्यय होने की मॉनिटरिंग की प्रगति पूछकर सभी को भ्रमणशील रहकर निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्धारित व्यय संबंधी गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए। प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा अमित कुमार राय ने बताया कि वाहनों की चेंकिंग, अवैध शराब, नकदी व अन्य विवादास्पद वस्तुएं जब्त करने की कार्रवाई जारी है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम श्रद्धा सिंह, रत्नाकर मिश्रा, कार्तिकेय सिंह, अश्विनी सिंह, प्रभारी अधिकारी एसडीएम रेनू मिश्र, डीईओ राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटनाओं में छह लोग घायल, तीन जिला अस्पताल रेफर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : महोली सीतापुर निवासी अवनीश वर्मा (36), सिंघाकली महोली सीतापुर निवासी सोहन (20) पुत्र परशुराम, हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव हरिहरपुर निवासी सुरजीत (29), कोतवाली क्षेत्र के गांव बहेरा निवासी रीना (30), मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव अयोध्यापुर निवासी सुदीप (29) और नगर की मोहम्मदी मार्ग निवासी छोटू (18) पुत्र पवन गंभीर घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद छोटू, सुरजीत और सोहन की हालत मे सुधार न होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

भाजपा प्रत्याशी सहित दो ने किया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव में नामांकन के पहले दिन बुधवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने सादगी से एक सेट दाखिल किया। वह गाजे-बाजे के साथ 25 अप्रैल को अपना नामांकन कराएंगे। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी नरेश सिंह भदौरिया ने भी नामांकन कराया। इसके अलावा खीरी सीट से आठ नामांकन पत्र के 14 सेट लिए गए। वहीं धौरहरा से एक भी नामांकन पत्र नहीं भरा गया, जबकि नौ लोगों ने नामांकन पत्रों के 20 सेट प्राप्त किए। नामांकन के पहले दिन कलक्ट्रेट के इर्द-गिर्द फोर्स का पहरा रहा।

पहले दिन सुबह से ही कलक्ट्रेट में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। धौरहरा से भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा, बसपा के श्याम किशोर अवस्थी, खीरी सीट से सपा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा सहित 17 लोगों ने पर्चे खरीदे। दोपहर में भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक योगेश वर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार, अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की पूर्व सभापति पुष्पा सिंह, अरविंद सिंह संजय, अंबरीश सिंह के साथ सादगी पूर्ण तरीके से अपने नामांकन का पहला सेट दाखिल किया। उन्होंने बताया कि वह 25 अप्रैल को एक सेट और दाखिल करेंगे। पश्चात निर्दलीय नरेश सिंह भदौरिया ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक का समय निर्धारित किया गया है। नामांकन 25 अप्रैल तक दाखिल किए जा सकेंगे।

नामांकन पत्र दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम BARQAT ALI था से बदलकर BARKAT ALI CHOUDHARY रख लिया है। अब मुझे BARKAT ALI CHOUDHARY के नाम से जाना व पहचाना जाये। -BARKAT ALI CHOUDHARY S/o MOHD IDREES CHOUDHARY निवासी–ग्राम–तिलहवा पुरवा, चौघवा पोस्ट–सीतारामपुर ग्रान्ट, जिला– गोण्डा –271312

सूचना
सूचित हो कि बच्चा लाल पुत्र गरीबे, निवासी–गाम शिवबक्श खेड़ा, पो0–कोरारी, जिला– उन्नाव, मेरे पैन कार्ड जिसका नं0– एजेवीपीएल 8396ए में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश गरीवे अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड जिसका नं0 80 10 7309 9118 में गरीबे (GARIBE) दर्ज है। अत मेरे पिता का नाम पैन कार्ड में गरीवे के स्थान पर गरीबे (GARIBE) दर्ज किया जाय।

सूचना
सूचित हो कि मेरी बेटी के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम ज़ोहा फातिमा के स्थान पर ज़ोहा फातिमा सैयद और मेरा सही नाम ज़हीन फातिमा के स्थान पर सैयद ज़ैबीन अब्बास अंकित हो गया है– निवासी 463/72, शिवपुरी, मुर्गखाना, लखनऊ। पिन कोड–226003

सूचना
सूचित हो कि मेरे प्लॉट नंबर G/3/0052, सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ का मूल आवंटन पत्र, बिल्डर क्रेता अनुबंध ग्रीन बुकलेट, ग्रीन ट्रांसफर फार्म वास्तव में खो गये हैं। जिसका उपयोग अवैध है – अरुणेश प्रताप सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह निवासी 4/79 विजयंत खंड गोमती नगर लखनऊ

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम बचपन में अनमोल पांडेय पुत्र स्व0 विजय बहादुर पांडेय था, मेरे माता– पिता ने कक्षा केजी में मेरा नाम अनमोल पांडेय लिखवाया था जो विद्यालय के रिकार्ड में अंकित है। बाद में माता पिता ने मेरा नाम आगे की कक्षाओं में अक्षय पांडेय रख दिया और इसी नाम से मेरी पढ़ाई लिखाई हुई। अक्षय पांडेय के नाम से ही आधार, पैन आदि सभी अभिलेखों में दर्ज है। अतः मेरा नाम अनमोल उर्फ अक्षय पांडेय है। अक्षय पांडेय पुत्र स्व विजय बहादुर पांडेय निवासी ग्राम प्रजापति पुरम जानकी नगर वि. खं. झंझरी गोंडा

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

पहले दिन कोई नामांकन नहीं, चप्पे-चप्पे पर रही सुरक्षा

25 अप्रैल तक होंगे लोकसभा चुनाव के लिये नामांकन, पहले दिन 12 प्रत्याशियों के लिए जारी किए गए 28 नामांकन पत्र

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृर विचार। संसदीय चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ नामांकन पत्रों की बिक्री भी शुरू हो गई। पहले दिन किसी ने नामांकन तो नहीं कराया लेकिन, 12 प्रत्याशियों के लिए 28 नामांकन पत्र जरूर जारी हुए। भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज के अलावा सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने पहले दिन नामांकन पत्र जारी कराए। जबकि बसपा उम्मीदवार अशोक पांडेय ने अभी नामांकन पत्र नहीं लिया। नाम निर्देशन पत्र जमा करने का सिलसिला 25 अप्रैल तक चलेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि पहले दिन भाजपा व सपा प्रत्याशी के लिए चार-चार सेट नामांकन पत्र जारी हुए हैं। जबकि, निर्दलीय प्रत्याशी शिव प्रकाश सिंह ने भी चार ही सेट लिये हैं। वहीं राष्ट्रीय किसान श्रमिक पार्टी के शिव शंकर व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी हिमांशु शर्मा ने भी नामांकन पत्र के तीन-तीन सेट लिये हैं। जनसेवा सहायक पार्टी के उम्मीदवार राजा राम व आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक प्रत्याशी छेदी लाल ने दो-दो सेट लिये। निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर सैय्यद सरफराज गांधी ने दो और निर्दलीय उमेश, सुनील सैनी, मुन्नीलाल व वेदभूषण के लिए एक-एक सेट जारी कराया। डीईओ के मुताबिक नामांकन कराने आने वालों के साथ निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत निर्धारित संख्या में ही लोगों को नामांकन कक्ष में आने दिया जाएगा।

जिसमें प्रत्याशी के अलावा प्रस्तावक व मुख्य चुनाव एजेंट सहित पांच लोग अधिकृत हैं। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिये चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। आयोग से जारी कार्यक्रम के तहत डीईओ ने गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू करा दी है। जो 25 अप्रैल तक चलेगी। इस दौरान सभी प्रत्याशियों को कलक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में नाम निर्देशन कराना होगा।

डीएम न्यायालय कक्ष में नामांकन पत्र जारी कराते प्रत्याशी। अमृत विचार

सजाए गए कलक्ट्रेट में मातहतों के साथ जाते जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहा आयोग

नामांकन के दौरान कलक्ट्रेट में अनाधिकृत लोगों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके लिए मुख्य गेट की ओर से बैरीकेडिंग कराई गई है। यहां सुरक्षा में तैनात स्टाफ की जांच के बाद ही कोई आगे जा सकेगा। यही नहीं सुरक्षा में सेंधमारी से बचने के लिए विकास भवन की ओर भी बेरेकेडिंग कराई गई है। जहां सुरक्षाकर्मी अनाधिकृत लोगों के प्रवेश को और अधिक कड़ाई से रोकेंगे। हालांकि प्रत्याशियों व अन्य अधिकृत लोगों की सुविधा के लिए रास्ते पर टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था भी की गई है।

यह है जमानत राशि

लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को 25 हजार रुपए और अनुसूचित जाति व जनजाति के प्रत्याशी को 12 हजार रुपए जमानत राशि के तौर पर जमा कराने होंगे।

बिना जांच कोई अंदर नहीं जा सकता

लोकसभा चुनाव के लिए 27 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। जबकि, 29 अप्रैल को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। कलक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया भले ही 11 से तीन बजे तक चलेगी लेकिन, सुरक्षाकर्मी सुबह साढ़े नौ बजे से ही यहां पहुंचकर अधिकारियों द्वारा निर्धारित किए गए प्वाइंट पर मुस्तैद रहेंगे। इसके साथ वह लोगों की जांच-पड़ताल करते हुए कलक्ट्रेट की ओर बढ़ने दे रहे हैं।

वीडियोग्राफी के बीच भर सकेंगे पर्चे

आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने के लिए न सिर्फ डीएम न्यायालय कक्ष को सीसीटीवी कैमरों से लैस कराया गया है बल्कि, नामांकन जुलूस उठाने के लिए निर्धारित होने वाले स्थानों से वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। बता दें कि नामांकन के साथ ही चुनाव प्रचार में व्यय की जानी वाली धनराशि पर आयोग निगाह रखता है। इसलिए प्रशासन नामांकन जुलूस की वीडियोग्राफी कराते हुए आयोग से भेजे जाने वाले प्रेक्षकों को उपलब्ध कराएगा। जिससे व्यय पर नजर रखने वाले प्रेक्षक प्रत्याशियों द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण का सही से मिलान कर आचार संहिता का पालन कराना सुनिश्चित कर सकें।

उम्मीदवारों में शुरू हो गया शह-मात का खेल

कही-सुनी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- नामांकन पत्र जारी होते ही राजनीतिक हल्के में एक प्रत्याशी की रही जबर्दस्त चर्चा

अमृत विचार। नामांकन शुरू होने के साथ ही प्रत्याशियों में शह-मात का खेल शुरू हो गया है। नामांकन पत्र लेने वाले एक राजनैतिक पार्टी के प्रत्याशी चुनाव रहकर कोई खास गुल भले ही न खिला सकें लेकिन, उनके नामांकन पत्र लेने की राजनीतिक गलियारों में खासी चर्चा रही। इसे एक प्रमुख पार्टी के प्रत्याशी दूसरी प्रमुख पार्टी के प्रत्याशी की करतूत ठहराते रहे।

बता दें कि जिले में नामांकन शुरू होते ही चुनावी सुगबुगाहट तेज हो गई है। वैसे तो भाजपा व सपा द्वारा पूर्व से ही जनसमर्थन जुटाने की कोशिशें जारी थीं लेकिन, चुनाव तिथियां घोषित होने के बाद यहां बसपा ने भी अपना उम्मीदवार मैदान में भेज दिया। वैसे तो नामांकन के पहले ही दिन 12 प्रत्याशियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से 28 नामांकन पत्र जारी कराए। लेकिन, राजनीतिक हल्के में सर्वाधिक चर्चा एक पार्टी के प्रत्याशी के नाम की रही। बीघापुर क्षेत्र के निवासी एक प्रत्याशी की अपनी बिरादरी में अच्छी पैठ बताई जा रही है। इसीलिए एक प्रमुख पार्टी के प्रत्याशी का खेमा इसे प्रमुख विपक्षी पार्टी की शरारत करार देता रहा। लोगों के अनुसार, एक प्रमुख पार्टी के प्रत्याशी द्वारा यदि ऐसे ही जिले की छह विधान सभाओं से एक-एक प्रत्याशी उतार दिया गया तो वे दूसरी पार्टी के प्रत्याशी के वोट काट सकते हैं। जो इस बार कांटे की टक्कर में उनके चुनाव परिणामों में खासा प्रभाव डालेंगे।

नामांकन के लिए कुछ इस तरह सजा दिखा कलक्ट्रेट परिसर। अमृत विचार

वीडियो बनाने के विवाद में सहायक शिक्षिका को काटा, दोनों निलंबित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बीघापुर तहसील व ब्लाक क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका का फेशियल कराते हुए वीडियो बनाना न सिर्फ सहायक शिक्षिका को महंगा साबित हुआ। बल्कि, बीएसए ने दोनों को निलंबित भी कर दिया है। दोनों शिक्षिकाओं के बीच तहसीलदार द्वारा निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षिका को अनुपस्थित दर्शाए जाने को लेकर बीते एक माह से तनातनी चली आ रही थी। बीईओ शुची गुप्ता ने बताया कि जांच आख्या भेजते हुए शिक्षिकाओं को निलंबित करने की संस्तुति भेजी है।

बीघापुर ब्लाक क्षेत्र के दुंदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय की सहायक शिक्षिका एक अन्य सहयोगी शिक्षिका विज्ञानकी से फेशियल करा रही प्रधान शिक्षिका का वीडियो बना रही थी। सहयोगी शिक्षिका को वीडियो बनाते देख प्रधान शिक्षिका ने उसे डिलीट कराने का दबाव बनाया। इस दौरान दोनों के बीच का विवाद हाथापाई में बदल गया। एक शिक्षिका ने दूसरे के शरीर को जगह-जगह दांतों से काटकर लहुलुहान कर दिया। यह बात जंगल की आग की तरह शिक्षकों के बीच से आम लोगों के बीच ही नहीं बीएसए संगीता सिंह तक पहुंच गई। उन्होंने बीईओ को फोन पर जानकारी देते हुए विद्यालय पहुंचकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बीईओ विद्यालय पहुंचती, इससे पहले ही दोनों शिक्षिकाएं आगे-पीछे बीघापुर थाने पहुंचकर अपनी-अपनी तहरीर दे चुकी थीं। घायल शिक्षिका की ओर से थाना पुलिस के अलावा बीएसए व बीईओ को भी शिकायती पत्र दिया गया है। सहायक शिक्षिका ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि गुरुवार सुबह करीब 9.30 बजे विद्यालय पहुंचने के बाद प्रधान शिक्षिका संगीता सिंह प्रशिक्षु शिक्षिका विज्ञानिकी से फेशियल कराने लगीं। इसका वीडियो बनाने पर वह हमलावर होकर हाथ व पेट सहित शरीर के विभिन्न स्थानों पर दातों से काटते हुए मारपीट करती रहीं। सीओ बीघापुर माया राय ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। की गई है। वहीं, बीएसए संगीता सिंह ने बताया कि दोनों शिक्षिकाओं को निलंबित कर दिया गया है।



चोटें दिखातीं सहायक शिक्षिका।

कचहरी परिसर में आग लगने से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- समय रहते आग पर काबू पाने से कोई हानि नहीं हुई

अमृत विचार। कोर्ट परिसर में गुरुवार को आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर काबू पाने से कोई हानि नहीं हुई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन स्थित कोर्ट भवन के परिसर में गुरुवार दोपहर संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। आग की सूचना से कोर्ट परिसर मे अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग को इसकी सूचना देने के साथ कोर्ट मे मौजूद सुरक्षा कर्मी आग बुझाने मे जुट गये। इसी बीच दमकल कर्मी भी पहुंच गए और पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। सीएफओ अनूप सिंह ने बताया कि कोर्ट परिसर में आग की सूचना मिली थी। दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। कोई हानि नहीं हुई है।

कोर्ट परिसर के बाहर मौजूद फोर्स। अमृत विचार

पुरवा व फतेहपुर चौरासी में लगी आग

संवाददाता,पुरवा

अमृत विचार। गुरुवार दोपहर चल रही तेज हवा के झोकों के बीच क्षेत्र के गांव माधवखेड़ा व शिवबक्स खेड़ा के बीच स्थित खेतों में अचानक आग लग गई। जब तक ग्रामीण वहां पहुंचते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। धीरे-धीरे आग मुन्नाखेड़ा, शिवबक्स खेड़ा, मर्दनपुर, पानकुवर खेड़ा व कटरा गावों तक पहुंच गई। ग्रामीण आग बुझाने के प्रयास करते रहे लेकिन, लपटें बढ़ती रहीं। सूचना पर वहां पहले पुरवा अग्निशमन केंद्र की गाड़ी फिर अचलगंज, मोहनलालगंज व बछरावां की दमकल गाड़ियां पहुंचीं। सभी ने पानी की बौठार कर आग पर काबू पाया। लेकिन, तब तक आग ने करीब छह किमी के परिक्षेत्र में फैली फसल को राख कर दिया। गनीमत रही कि आग ने बीच में पड़ने वाले गावों को चपेट में नहीं लिया। नहीं तो घटना बड़ी हो सकती थी। दमकल जवानों ने पानखेड़ा व सरांय ठकुरी के पास लपटों को शांत किया। मौके पर पूर्व विधायक उदयराज यादव, एडीएम नरेंद्र सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, लेखपाल व कानूनगो समेत तहसील अमला मौजूद रहा।

पुरवा में धू-धूकर जलती गेहूं की फसल।। अमृत विचार

पुरवा में आग की घटना की सूचना पर पहुंचे अधिकारी।

आग से 10 बीघा गेहूं की फसल स्वाहा

फतेहपुर चौरासी। थानाक्षेत्र के गांव दबौली निवासी जयप्रकाश के गंगा कटरी क्षेत्र में गेहूं के खेत हैं। जिनमें गुरुवार दोपहर अचानक आग लग गई। जब तक किसान आग पर काबू पाते तब तक जयप्रकाश की तीन बीघा, राजेश की तीन बीघा, महावीर की दो बीघा व हिमांचल की दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका। आग की सूचना पर एसओ राजेश्वर त्रिपाठी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को ढांढस बंधाया। वहीं लेखपाल निर्मल ने बताया कि आग से क्षति का आकलन किया जा रहा है।

पिता के आने पर हुआ बेटे का अंतिम संस्कार

अमृत विचार फॉलोअप

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- दो दिन पहले सड़क हादसे में हुई थी युवक की मौत

अमृत विचार। असोहा थानाक्षेत्र के गांव कंचनपुर निवासी किशोर की साथी के साथ जाते समय सड़क हादसे में बीते मंगलवार मौत हो गई थी। दुबई में नौकरी करने के चलते उसका पिता गुरुवार को घर लौटा। इसके बाद बेटे के शव का अंतिम संस्कार हुआ। पिता ने साथी युवक बेटे की हत्या का आरोप लगाया है।

कंचनपुर गांव निवासी सक्षम (16) पुत्र दिनेश कुमार 16 अप्रैल को गांव निवासी दोस्त छोटू के साथ बाइक से गांव जा रहा था। तभी पुरवा-मौरावां मार्ग पर पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बाजारखेड़ा गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे चली गई थी। इसमें बाइक चला रहा सक्षम गंभीर घायल हो गया था।

छोटू ने उसे परिजनों के साथ लखनऊ के बंथरा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। उसी दिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सक्षम के पिता दिनेश दुबई में रहते हैं। बेटे की मौत की सूचना पर बुधवार को वह घर पहुंचे और छोटू पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने असोहा पुलिस को हत्या की तहरीर दी है। लेकिन, पुलिस ने पुरवा कोतवाली क्षेत्र में हादसा होने की बात कह मौके से सक्षम के मिले चप्पल व बाइक के कुछ पार्ट मिलने की बात कह उसे चलता कर दिया। गुरुवार को दिनेश पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचा। जहां गुरुवार को जांच के बाद गांव के खेत में सक्षम के शव का अंतिम संस्कार किया गया। बेटे की मौत से मां पुष्पा व छोटा भाई बेहाल हैं। पिता ने सोशल मीडिया पर हत्या का आरोप लगा कई पोस्ट वायरल की हैं। एसओ रामऔतार ने बताया कि परिजन हत्या का आरोप लगा रहे थे। जबकि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गिरी थी। मौके पर काम कर रहे मजदूरों ने भी यही बताया था।

पांच लाख व कार नहीं मिली तो विवाहिता को घर से निकाला

संवाददाता गंजमुरादाबाद, उन्नाव

अमृत विचार। दहेज में पांच लाख रुपए और कार की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता से जेवर छीन लिये और उसे पीटकर घर से भगा दिया। पुलिस ने ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

बेहटा मुजावर क्षेत्र के गांव तेरवा जहांगीराबाद निवासी विनोद ने बताया कि उसने अपनी बेटी महिमा की शादी बांगरमऊ के गांव ताहिरापुर निवासी कैलाश के बेटे आशीष से की थी। ससुरालियों ने बाइक खरीदने के लिए उससे 70 हजार रुपए ऐंठ लिए। ससुरालीजन इसके बाद भी संतुष्ट नहीं हुए और पांच लाख नगद व कार की मांग करते हुए बेटी को प्रताड़ित करने लगे। 31 दिसंबर-2023 को पति आशीष, ससुर कैलाश, सास रामजानकी, ननद नीतू व देवर विकास ने बेटी की पिटाई के बाद जेवर छीनकर घर से भगा दिया।

सार-संक्षेप

मादक पदार्थ विक्रेता को एक साल की सजा

उन्नाव। गंगाघाट पुलिस ने मादक पदार्थ (गांजा) बेचने वाले युवक को पकड़कर जेल भेज दिया था। मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने गुरुवार को युवक को दोषी ठहराते हुए एक साल की सजा सुनाई है। बता दें कि गंगाघाट पुलिस ने दबिश देकर बीती 19 अप्रैल-2023 को मयंक उर्फ राजा झा निवासी मिश्रा कालोनी गंगाघाट को पकड़ा था। पुलिस ने उसके पास डेढ़ किलो गांजा बरामद किया था। पुलिस ने उस पर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई करते हुए जेल भेजा था। आईओ दरोगा प्रियंका चौधरी ने साक्ष्य जुटाकर 14 जून-2023 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। एडीजे-3 कोर्ट ने राजा को एक साल की सजा के साथ दो हजार जुर्माने के भी आदेश दिये।

दुष्कर्म व अपहरण का आरोपी तमंचा समेत गिरफ्तार

आसीवन। थानाक्षेत्र की चौकी रसूलाबाद प्रभारी महेंद्र सिंह, दीवान रामप्रताप मौर्य, सिपाही अंकित व मनमोहन के साथ गस्त पर थे। तभी रसूलाबाद में शिवाला तिराहा के पास एक युवक को संदिग्ध हालात में पकड़ा। उसके पास एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम संदीप निवासी गांव भगवानदीन खेड़ा के मजरा औराई चौकी रसूलाबाद आसीवन बताया।

लोकसभा चुनाव स्लोगन लिखे पोस्टर व स्टीकर लेकर निकले व्यापारी

मतदाताओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला इकाई ने प्रशासन का सहयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इसमें प्रमुख बाजारों व चौराहों के साथ रेलवे स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर उन्होंने तख्तियां लेकर लोगों से 13 मई को सभी काम छोड़कर मतदान जरूर करने की अपील की।

संगठन के जिलाध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव पदाधिकारियों के साथ सुबह करीब 11 बजे जागरूकता अभियान पर निकले। इस दौरान पदाधिकारियों व सदस्यों ने हाथों में जागरूकता नारों वाले पोस्टर व स्टीकर ले रखे थे। उन्होंने बड़ा चौराहा, सदर बाजार, छोटा चौराहा, रेलवे व बस स्टेशन के साथ विभिन्न बैंक शाखाओं में जाकर लोगों को जागरूक किया। व्यापारी नेताओं ने कहा कि अधिक से अधिक मतदाताओं के वोट देने से सही उम्मीदवार का चयन होता है। इसलिए मतदाताओं को अन्य काम छोड़कर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इस दौरान नगर अध्यक्ष संजय शुक्ला, वरिष्ठ महामंत्री इश्तियाक गौरी, शैलेंद्र गुप्ता, महेश गुप्ता, नवीन तिवारी, जितेंद्र दीक्षित, अरविंद गुप्ता, मनोज गुप्ता, रहमत अली, मुन्नू कुशवाहा, आशीष कुमार, राहुल गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, सुधीश चंद, विजय शुक्ला व सौरभ गुप्ता आदि शामिल रहे।

जागरूकता अभियान में शामिल व्यापारी नेता। अमृत विचार

जनसंख्या नियंत्रण कानून राष्ट्रहित में बहुत जरूरी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- चुनाव प्रचार के दौरान सांसद साक्षी महाराज ने दिया विवादित बयान

अमृत विचार। भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी व सांसद साक्षी महाराज ने चुनाव प्रचार के दौरान खुले मंच से एक बार फिर विवादित बयान दिया है। साक्षी महाराज ने बढ़ती जनसंख्या को लेकर दिये बयान में कहा कि अभी दो काम रह गये हैं। जब मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो ये दो काम करके हम आपके बीच में आयेंगे। पहला काम होगा जनसंख्या नियंत्रण कानून। हम दो हमारे दो, जो भी कानून बनेगा एक बनेगा। कहा कि इस देश में अब 4 बीवी 40 बच्चे नहीं चलेंगे।

साक्षी महाराज।

साक्षी महाराज ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि जमीन कम होती चली जा रही है और जनसंख्या बढ़ती जा रही है। कहां रहेंगे क्या खायेंगे और कहां बैठाये जायेंगे। कहा कि इस देश में अब 4 बीवी और 40 बच्चे नहीं चलेंगे, इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि आने वाले वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में यह कानून बनेगा। वहीं दूसरा काम गिनाते हुये उन्होंने कहा कि इस देश में दो विधान दो कानून नहीं चलेंगे। हमने कश्मीर में करके दिखाया इसलिए इस देश में समान नागरिक संहिता की आवश्यकता है। वह भी करके दिखाएंगे। बता दें कि इससे पहले भी दो बार के बीजेपी सांसद साक्षी महाराज जनसंख्या नियंत्रण कानून पर विवादित बयान दे चुके हैं। एक बार उन्होंने अपने इस बयान पर सफाई भी दी थी।

सेक्टर व जोनल मजिट्रेट्स को दी ट्रेनिंग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से सकुशल लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 संपंन कराने के लिए पूरनदास नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सेक्टर और जोनल मजिस्टेट्स को द्वितीय प्रशिक्षण दिलाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) गौरांग राठी के कुशल निर्देशन में कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना की मौजूदगी में मजिस्ट्रेट नामित अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्मिक प्रभारी ने प्रशिक्षण में शामिल सभी मजिस्ट्रेट्स को गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यों को न सिर्फ ईमानदारी से किया जाना चाहिए, बल्कि किसी प्रकार की चूक या लापरवाही भी नहीं होनी चाहिए। निर्वाचन के दौरान छोटी से छोटी चूक का बड़ा खामियाजा भरना पड़ सकता है। शांतिपूर्वक निष्पक्ष मतदान कराने में सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट्स की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। इसलिए उन्हें मतदान केंद्र से प्राप्त होने वाली जानकारियां उच्चाधिकारियों तक पहुंचाते हुए स्वयं की सार्थकता साबित करनी चाहिए। कार्मिक प्रभारी ने कहा मतदान कराने में ईवीएम की उपयोगिता को देखते हुए इसके संचालन में सभी को दक्षता प्राप्त करनी चाहिए। साथ ही मजिस्ट्रेट्स से उनके सुझाव भी लिए। ईवीएम के परिसंचालन विधि का प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी रामबहल द्वारा दिया गया। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता जयसिंह ने सभी मजिस्टेट्स को एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित किया। साथ ही उन्हें पीठासीन अधिकारी सहित अन्य मतदान कार्मिकों के कर्तव्यों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण प्राप्त करते सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट्स। अमृत विचार

- सीडीओ ने कहा-निर्वाचन में क्षम्य नहीं होती छोटी सी चूक

एक नजर

अचानक हुईं खून की उल्टियां अस्पताल में मृत घोषित

बांगरमऊ उन्नाव। हरदोई शहर निवासी बुजुर्ग दंपति गुरुवार को मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने बांगरमऊ आ रहे थे। तभी नगर के नानामऊ मार्ग तिराहा पर रोडवेज बस से उतरते ही पति को खून की उल्टियां होने लगीं। उसे स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। बता दें कि हरदोई शहर के पिहानी चुंगी चौकी निवासी ब्रजराज (70) पुत्र भिखारी गुरुवार को पत्नी हेमवती के साथ बांगरमऊ में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने रोडवेज बस से आ रहे थे। शाम के समय नगर के नानामऊ मार्ग तिराहे पर बुजुर्ग दंपति बस से उतरने लगा। तभी अचानक ब्रजराज को खून की उल्टियां होने लगीं। पत्नी हेमवती उसको लेकर सीएचसी पहुंची। जहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।

आबकारी टीम ने बरामद की 90 लीटर कच्ची शराब

पुरवा। जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक पुरवा निशांत सिंह ने टीम के साथ मौरावां थानाक्षेत्र के गांव असरेन्दा व हिलौली बाजार में दबिश देकर 90 लीटर कच्ची शराब बरामद की। टीम ने 600 किलो महुआ लहन भी नष्ट करवाया है।

दो युवकों पर नाबालिग से दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

फतेहपुर चौरासी । थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि गांव व पड़ोसी गांव निवासी सुभाष व चंदन बीते छह माह से उसकी 15 वर्षीय बेटी को लालच देकर दुष्कर्म करते आ रहे हैं। उसने बताया कि वह जब वह खेत चली जाती थी तब दोनों घर में घुसकर उसकी बेटी से दुष्कर्म करते थे। प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि महिला की तहरीर पर युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

घर से दो मोबाइल चोरी

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के भातूफार्म गायत्री नगर के एक घर में अज्ञात चोर घुस गये। जहां चोरों ने दो महंगे मोबाइल पार कर दिये। वहीं चोरों की गतिविधियां सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। भातू फार्म गायत्री नगर निवासी धनेश बहादुर सिंह ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि गुरुवार भोर पहर उसके घर में अज्ञात चोर घुस गये। जहां चोरों ने पत्नी गीता के दो मोबाइल पार कर दिये। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें दो युवक मुंह में रूमाल बांधे हुये दिखाई पड़े।

मौत का कारण स्पष्ट न होने से विसरा सुरक्षित

शुक्लागंज उन्नाव। जाजमऊ चौकी क्षेत्र के चंदन घाट के पास सोमवार सुबह एक 45 वर्षीय अज्ञात युवक का संदिग्ध हालत में शव आस पास के लोगों ने पड़ा देखा। शव के मुंह से खून निकलने पर लोग अनहोनी की आशंका भी व्यक्त की जा रही थी। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया था लेकिन पहचान न होने पर 72 घंटे के लिये शव को उन्नाव मार्चुरी में रखवाया गया था। जहां गुरुवार को डॉक्टरों ने उसका पीएम कराया। रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित किया गया है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि शिनाख्त के लिये सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है।

महिला व अधेड़ ने निगला जहरीला पदार्थ, रेफर

औरास। थानाक्षेत्र के गांव गोबरा के रहने वाले बोधी पुत्र इंदल ने बीमारी से तंग आकर गुरुवार दोपहर जहरीला पदार्थ निगल लिया। वहीं इसी थानाक्षेत्र के गांव गहाखेड़ा के मजरा मिर्जापुर अजिगांव निवासी सुरजाना पत्नी बृजपाल ने मां की डांट से छुब्ध होकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। दोनों के परिजन सीएचसी औरास लाए। जहां चिकित्सक ने बोधी को जिला अस्पताल भेज दिया। जबकि, सुरजाना का सीएचसी में इलाज किया जा रहा है।

सड़क हादसों में व्यवसायी समेत चार लोगों की गई जान

अचलगंज में बाइक से टकराकर पलटी कार में पेट्रोल पंप संचालक की मौत, दामाद के साथ बाइक से गंगा स्नान को निकली सास को बेकाबू ट्रक ने रौंदा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अवैध कट से निकले बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। अचलगंज थानाक्षेत्र में गहरा गांव के सामने हुए इस हादसे में पेट्रोलपंप संचालक की मौत हो गई। वहीं बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला अपने दामाद के साथ बाइक में बैठकर जाते समय बाइक के उछलने से वह ट्रक में पहिए के नीचे आ गई। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं दामाद को भी चोटें आ गईं। इसके अलावा असोहा थानाक्षेत्र में हुए दो सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई। संबंधित थानों की पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है।

अचलगंज में हुए हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

बाइक सवार को बचाने में गई पेट्रोल पंप मालिक की जिंदगी

ऐश्वर्य प्रताप सिंह।

हादसा 01

अजगैन कोतवाली अंतर्गत गांव बख्तूखेड़ा के मजरे मलाव निवासी ऐश्वर्य सिंह (32) पुत्र उमेश पेट्रोल पंप स्वामी थे। गुरुवार दोपहर वह किसी काम से अपनी कार से कानपुर जा रहे थे। तभी कानपुर-लखनऊ हाईवे पर अचलगंज थानाक्षेत्र के गहरा गांव के पास अवैध कट से बाइक से निकले कानपुर के बर्रा निवासी राज कुमार (56) को बचाने के प्रयास में उनकी कार बाइक से टकराकर सड़क किनारे खंती में जाकर पलट गई। इसमें दोनों को गंभीर चोटें आ गईं। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने ऐश्वर्य को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दिवंगत युवक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत पर मां गीता व पत्नी अंजली रो-रोकर बेहाल हैं। घायल बाइक सवार निजी सुरक्षा गार्ड व एक फैक्ट्री में नौकरी करता है।

अज्ञात वाहन से टकरा कर बाइक सवार की मौत

हादसा 02

पुरवा। असोहा थानाक्षेत्र के गांव शिवधारखेड़ा निवासी भंवरेश्वर पाल (48) बुधवार को क्षेत्र के लालमन खेड़ा गांव निवासी मौसी के घर तिलक समारोह में शामिल होने गया था। रात करीब 11 बजे वह बाइक से घर लौट रहा था। तभी पुरवा-मोहनलालगंज मार्ग पर संडौली गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह उछलकर दूर जा गिरा। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस को उसकी जेब में मोबाइल मिला। जिससे नंबर निकालकर सूचना परिजनों को दी गई। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। भंवरेश्वर मजदूरी कर परिवार पालता था। उसकी मौत से पत्नी उर्मिला, बेटा आकाश व अंकुश बेहाल हैं। एसओ रामऔतार ने बताया कि वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी

हादसा 03

बांगरमऊ। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी फूल कुमारी उर्फ सुशीला (55) पत्नी फूल चंद्र नवरात्र के समापन पर श्री सत्यनारायण व्रत कथा सुनने के बाद गुरुवार सुबह अपने दामाद अनिल निवासी गांव धोंधी थाना बिलग्राम जिला हरदोई के साथ बाइक से गंगा स्नान करने कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ घाट जा रही थी। तभी बांगरमऊ-बिल्हौर मार्ग स्थित भुड्डा चौराहे के पास पीछे से आए एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही चालक बाइक सहित सड़क पर गिर पड़ा। जबकि, बाइक पर पीछे बैठी सास फूलकुमारी उछलकर सड़क के बीचोबीच जा गिरी और ट्रक का पहिया उसके ऊपर से निकल गया। जिसमें महिला की मौके पर मौत हो गई। इसमें बाइक चला रहा दामाद अनिल भी घायल हो गया। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। घायल दामाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि मृतका के चारों बेटे राजू, राजेश, रामजी व सौरभ परिवार के साथ फरीदाबाद हरियाणा में रहकर सब्जी बेचने का काम करते हैं। जबकि फूल कुमारी पति के साथ दौलतपुर में रहती थी।

ट्रैक्टर-ऑटो भिड़े, तीन सवारियां घायल

हादसा 04

बिछिया। दही थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित बसीरतगंज के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने आटो में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें आटो में बैठी सवारियां घायल हो गईं। आटो चालक राजेश पुत्र विपिन सिंह निवासी सधीरा अजगैन ने बताया कि वह नवाबगंज से सवारी लेकर उन्नाव जा रहा था। अभी वह बसीरतगंज ही पहुंचा था कि ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इसमें आटो में बैठी राजदुलारी पत्नी अमर सिंह निवासी हुलसा खेड़ा अजगैन, मीना पत्नी सुशील निवासी सिविल लाइन सदर कोतवाली घायल हो गईं। पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अन्य वाहनों से गंतव्य को भेजा। वहीं भाग रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ लिया।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

हादसा 05

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के मर्दनखेड़ा निवासी (19) निर्मल कुमार अहमदाबाद में सिलाई का काम करता है। 23 अप्रैल को होने वाले मौसेरे भाई के तिलक में शामिल होने वह बुधवार शाम घर आया था। मां रामरानी ने बताया कि निर्मल बाइक से चचेरे भाई को ससुराल छोड़ने की बात कहकर निकला था। दही-मोहनलाल गंज मार्ग स्थित तुसरौर गांव के पास सामने से आ रही कार की टक्कर से वह जमीन पर गिर गया और गंभीर घायल हो गया। रोड़ पर उसे घायल पड़ा देख वहां से जा रहे ब्लाक के एकाउंटेंट ने निर्मल को सीएचसी पहुंचाया। सूचना पर पहुंचे परिजन निर्मल को गंभीर देख इलाज कराने को लखनऊ ले गये। कोतवाली प्रभारी कुवर बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

आमने-सामने टकराईं बाइकें, एक की मौत तीन घायल

पुरवा। असोहा थानाक्षेत्र के भवलिया गांव निवासी हृदयेश (28) लुधियाना में मजदूरी करता था। बुधवार को वह गांव लौटा था। गुरुवार दोपहर वह भतीजे मयंक (8) के साथ गांव के बाहर खेत जा था। तभी कालूखेड़ा-असरेंदा मार्ग पर गांव के मोड़ पर असरेंदा से आ रहे बाइक सवार लवकुश (20) की बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। इसमें हृदयेश व मयंक के अलावा दूसरी बाइक पर सवार लवकुश व उसके साथ बैठी उसकी बहन अनामिका (17) घायल हो गई। ग्रामीणों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद हृदयेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके भतीजे सहित अन्य तीनों को गंभीर हालत में जिला असपताल रेफर कर दिया गया। हृदयेश के पिता महादेव ने बताया कि हृदयेश पांच भाईयों में छोटा था। बेटे की मौत से मां महदेई, भाई संजय, लक्ष्मी व श्यामू बेहाल हैं। एसओ रामऔतार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तेज धूप होने से दोपहर में सड़कों पर दिखा सन्नाटा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गर्मी का पारा दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। दोपहर होते ही तेज धूप होने से मुख्य बाजारों, चौराहों पर सन्नाटा पसर जाता है। जरूरी काम को आने जाने वाले लोग ही घरों से निकल रहे है। वहीं छुट्टी होने पर स्कूली बच्चे भी छाता लगाकर घरों को जा रहे हैं।

गुरुवार का दिन अप्रैल माह का सबसे गर्म दिन रहा। सुबह ग्यारह बजे से ही तेज धूप होने के कारण राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारह बजते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। आवश्यक कार्य से जाने वाले लोग भी गमछे, तौलिया से सिर को पूरा ढके हुए गन्तव्य की रवाना हुए। दोपहर दो बजे तक राजधानी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी नगण्य रही। तेज धूप के कारण पशु पक्षी भी बेहाल दिखाई दिए। वहीं दोपहर के समय अधिकांश स्कूलों की छुट्टी हुई। जिस पर छात्राएं दुपट्टे और स्टॉल से पूरा मुंह ढक कर निकली। इसके साथ ही छोटे बच्चों को उनके अभिभावक छाता लगाकर लेने पहुंचे। शाम को मौसम सामान्य होने पर चहलकदमी बढ़ी। लोगों के मुताबिक यदि यही हाल रहा तो मई, जून माह में इस बार पारा पिछले कई रिकार्ड तोड़ सकता है। भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं।

छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये गुरुवार को नगर के अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। जहां छात्र-छात्राओं ने राहगीरों के अलावा क्षेत्र में रहने वाले मतदाताओं को जागरूक किया और वोट डालने की अपील की।

राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गुरुवार को मतदाता जागरुकता रैली निकाली। जहां सर्वप्रथम स्कूल के प्रबंधक अजय त्रिवेदी और प्रधानाचार्या डेफनी लेम्यूर ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान फोरलेन होते हुये रैली नेहरू नगर, गोपीनाथ पुरम, ऋषि आश्रम आदि स्थानों पर पहुंची। जहां छात्र-छात्राओं ने आने जाने वाले राहगीरों के अलावा क्षेत्रीय लोगों को हाथों में पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और निष्ठा से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार कभी ना करें इसका बहिष्कार आदि जागरुकता भरे संदेश की तख्तियां हाथ में लेकर लोगों को वोट डालने की अपील की। मतदाता जागरुकता को लेकर रैली में स्काउट गाइड, एनसीसी तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं व शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

मतदाता जागरुकता रैली निकालते अंबिका के बच्चे। अमृत विचार

सार-संक्षेप

आठ माह बाद पुलिस ने खोया मोबाइल किया बरामद

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक युवक का मोबाइल आठ माह पहले खो गया था। जिसकी शिकायत पीड़ित ने बीएसएनएल के पोर्टल सीईआईआर पर की थी। जिस पर पुलिस ने सीसीटीएनएस टीम की मदद से खोया मोबाइल बरामद कर युवक को सौंपा। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि नगर के रहने वाले देवांश द्विवेदी का मोबाइल आठ माह पहले खो गया था। जिस पर उसने मोबाइल खोने की शिकायत 4 सितम्बर 2023 को बीएसएनएल के पोर्टल सीईआईआर पर की थी। शिकायत पर पुलिस की टीम और थाने की सीसीटीएनएस टीम ने सर्विलांस के जरिये खोया मोबाइल बरामद किया। जिसके बाद देवांश को बुलाकर उसे मोबाइल सौंप दिया गया।

जाजमऊ में फिर मिला अज्ञात वृद्ध का शव, हड़कंप

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के जाजमऊ पुलिस चौकी क्षेत्र के अखलॉक नगर में गुरुवार को अज्ञात वृद्ध का शव खाली पड़े मकान में पड़ा आस पास के लोगों ने देखा। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया। जिसके बाद पुलिस ने विधिक कार्यवाही की है। जाजमऊ चौकी के पीछे अखलॉक नगर मोहल्ले में रहने वाले सैफ के खाली पड़े मकान गुरुवार सुबह आस पास के लोगों ने एक 70 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा देखा। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया और क्षेत्रीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची जाजमऊ चौकी पुलिस ने आस पास के लोगों से पूछताछ की। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 72 घंटे के लिये उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया है। मृतक ने ने नीली लुंगी और धारीदार सफेद शर्ट पहन रखी थी। वहीं सोमवार को भी चंदनघाट के पास एक 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पाया गया था। चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस उसकी पहचान नहीं करा सकी है।

बैराज मार्ग पर वाहनों की चेकिंग करती टीम। अमृत विचार

मजिस्ट्रेट ने बैराज मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की

शुक्लागंज उन्नाव। लोक सभा चुनाव को देखते हुये जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गुरूवार को स्टेटिक सर्विलांस टीम पहुंची। जहां टीम ने बैराज मार्ग पर आने जाने वाली गाड़ियों को रोककर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान किसी भी वाहन से संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर अभी तक उड़नदस्ता की टीम नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर चेकिंग कर रही थी। इधर निर्वाचन प्रक्रिया शुरूहो गई है। जिस पर जिले में स्टेटिक सर्विलांस टीम भी सक्रिय हो गई है। गुरुवार को मजिस्ट्रेट रजत गुप्ता, एसआई बृजेन्द्र सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मियों के साथ बैराज मार्ग पर पहुंचे। जहां सरैयां गांव के सामने आने जाने वाले चौपहिया वाहन सवारों को रोका गया। इस दौरान टीम ने वाहन चालकों से पूछताछ की।

'भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अन्नू टंडन ने पुरवा विधानसभा क्षेत्र में अपने पक्ष में वोट मांगते हुए मतदाताओं से दावा किया कि हो रहे लोकसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ दल भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र वास्तव में शब्दों की बाजीगरी वाला झूठ का पुलिंदा है। इस राजनैतिक दल ने अब तक कभी चुनावी वादे पूरे ही नहीं किए हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने विदेशों से काला धन वापस लाकर लोगों के बैंक खातों में 15-15 लाख रुपए व उचित मूल्य पर डीजल-पेट्रोल उपलब्ध कराने का वादा किया था। इसी तरह प्रतिवर्ष दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देने और सत्ता में आने के सौ दिन बाद मंहगाई कम करने सहित किसानों की आय दोगुना करने का वादा किया था। वहीं खाद-बीज व डीजल-बिजली की महंगाई ने किसानों के सामने परिवारों के भरण-पोषण की समस्या खड़ी कर रखी है। पूर्व विधायक उदयराज यादव व पूर्व एमएलसी सुनील साजन, पूर्व प्रमुख राज कुमार रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुनील रावत, अयोध्या भारती, जयमूर्ति शर्मा, केके द्विवेदी, राजेश वर्मा, वेद रावत, अलोपी वर्मा, जवाहर यादव व राम किशुन लोधी आदि आदि ने भी सपा के लिए वोट मांगे।

सभा को संबोधित करतीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन। अमृत विचार

पति समेत पांच ससुरालियों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। दही थानाक्षेत्र के गांव तारगांव निवासी महिला ने अपने पति समेत पांच ससुरालियों पर धोखाधड़ी करने व मोबाइल पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है।

तारगांव निवासी रामआसरे की बेटी सीमा ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी मई-2011 में हसनगंज कस्बा न्योतनी के मोहल्ला कटरा निवासी कंचन पुत्र गंगाराम से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही पति व उसके घर वाले किसी न किसी बहाने उसके मायके से रुपये मंगाते थे। उसके मुताबिक उसके पिता ने एक ट्रैक्टर खरीदने की बात कही तो पति ने चंडीगढ़ से सस्ता ट्रैक्टर दिलाने का झांसा देकर पिता रामआसरे से किश्तों में 5.90 लाख रुपये ले लिए और ट्रैक्टर पिता की जगह अपने नाम खरीद लिया। ट्रैक्टर ट्रांसफर कराने को कहा तो पति ने नहीं किया। आरोप है कि पति के परिजन भी उसका साथ दे रहे हैं। पीड़िता ने पति कंचन कुमार, सास शांती, ससुर गंगाराम, देवर चरणजीत, ननद सुमन पर धोखाधड़ी व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी व घरेलू हिंसा की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

गेटबूम खराब होने से शाम से देर रात तक लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- मरहला चौराहा और बैराज मार्ग तक वाहनों की लगी रहीं लंबी कतारें

अमृत विचार। गुरुवार शाम बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग खराब हो गई। जिससे कानपुर व मरहला की ओर से आने जाने वाले वाहन सवार क्रासिंग के पास रूक गये। कुछ ही देर में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। क्रासिंग खराब होने की जानकारी एसएनटी को दी गई। इस दौरान देर रात तक जाम की स्थिति बनी रही।

बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग का गेटबूम शाम करीब छह बजे खराब हो गया। गेटमैन ने गेटबूम खोलने और बंद करने का प्रयास किया। जिस पर गेटबूम खुल गया लेकिन बंद नहीं हो सका। जिस पर गेटमैन ने स्लाइडिंग गेट लगाकर यातायात रोका। जिससे एक ओर मरहला चौराहा और दूसरी ओर बैराज मार्ग तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम में तमाम बारातें और वीआईपी फंसे रहे। गेटबूम खराब होने की जानकारी एसएनटी विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया।

इस दौरान देर रात तक बैराज मार्ग पर भीषण जाम लगा रहा। कानपुर से आने वाले नेतुआ चंपापुरवा मार्ग से होकर गुजरे। वहीं लखनऊ से कानपुर जाने वाले नवीन पुल की ओर मुड़ गये।

दिखी मुस्तैदी

जिले के अस्पतालों का किया निरीक्षण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए कमियां दूर करने के निर्देश

एडी लखनऊ मंडल ने खामियां मिलने पर अफसरों को फटकारा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। चिकित्सा-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंडल लखनऊ के अपर निदेशक डा. जीपी गुप्ता गुरुवार को जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने जिला अस्पताल समेत जिले के कई सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण किया। इसमें उन्हें कई खामियां मिलीं। जिस पर उन्होंने संबंधित अफसरों को जमकर फटकार लगाई और कमियों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिये।

अपर निदेशक पहले जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उन्हें साफ-सफाई के अलावा अन्य कमियां मिलीं। जिस उन्होंने वहां मौजूद रहे सीएमओ डा. सत्य प्रकाश को कमियां दूर कराने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने बांगरमऊ सीएचसी के विभिन्न वार्डों व कक्षों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में मौजूद डा. सुनील कुमार राठौर से कहकर अस्पताल में तैनात अन्य चिकित्सकों को तलब किया। किंतु चिकित्साधीक्षक डा. मुकेश कुमार सहित अन्य चिकित्सक गायब मिले। इस उन्होंने नाराजगी जताते हुए सीएमओ को सभी अनुपस्थित चिकित्सकों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने इमरजेंसी कक्ष मं रखी दवाओं व इंजेक्शन की जांच की और आपरेशन थियेटर व प्रसव केंद्र और महिला वार्ड भी देखे। वहीं, लोगों ने अपर निदेशक से अस्पताल की अल्ट्रासाउंड मशीन बंद होने की शिकायत की। इस पर मौजूद स्टाफ ने बताया कि सात साल पूर्व यहां तैनात रेडियोलॉजिस्ट का ट्रांसफर हो गया था। तब से कोई तैनाती नहीं हो सकी है। उन्होंने नागरिकों को जल्द रेडियोलॉजिस्ट तैनात करने का आश्वासन दिया।

फतेहपुर चौरासी संवाददाता के अनुसार, एडी ने शहीद गुलाब सिंह लोधी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर चौरासी का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने सबसे पहले लेबर रूम देखा। अस्पताल परिसर में रखी एक्स-रे मशीन को देख उन्होंने उसे इंस्टाल कराने के निर्देश दिए।

नवाबगंज संवाददाता के अनुसार, स्थानीय सीएचसी का एडी ने गुरुवार शाम एसीएमओ नरेंद्र सिंह के साथ औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर देखा। वही चिकित्साधीक्षक डा. राजेश कुमार से स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी ली और ओपीडी रजिस्टर चेक किया। इस दौरान बीपीएम मलखान सिंह, फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार, स्टाफ नर्स मेंटर पुष्पा देवी, शिल्पा देवी, सतीश कुमार, अमन यादव आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

जिला अस्पताल का निरीक्षण करते एडी। अमृत विचार

नवाबगंज में वाटर कूलर देखते एडी।

एक नजर

सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव बने शाहिद

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे के मोहल्ला बाजार शम्भा निवासी शाहिद खां को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा का प्रदेश सचिव बनाया गया है, उनके मनोनयन से समर्थकों में उत्साह है। समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर शकील नदवी ने संगठन का विस्तार करते हुए कस्बे के मोहल्ला बाजार शंभा निवासी शाहिद खां को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। उनके मनोनयन से होने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को मजबूती मिलेगी। कस्बे सहित क्षेत्र में उनके समर्थक प्रसन्न हैं। नवनियुक्त प्रदेश सचिव श्री खां ने बताया वह 40 वर्षों से पार्टी की सेवा कर रहे हैं।

मिश्रिख से बसपा ने बीआर अहिरवार को बनाया प्रत्याशी

हरदोई। काफी लंबे इंतजार के बाद आखिर बसपा ने मिश्रिख लोकसभा से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। बसपा ने पूर्व डीएफओ रहे बीआर अहिरवार को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा से जुड़े सूत्रों के अनुसार गुरुवार की देर रात हरदोई लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी की भी घोषणा कर दी जाएगी। अभी तक दोनों भी लोकसभा क्षेत्र में बसपा ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया था।

जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के समक्ष अपना नामांकन दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश। अमृत विचार

सीडीओ सौम्या गुरुनानी के समक्ष नामांकन दाखिल कराते मिश्रिख क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत। अमृत विचार

भाजपा प्रत्याशियों ने किया नामांकन

जयप्रकाश रावत व अशोक रावत ने एक-एक सेट में दाखिल किया पर्चा

हरदोई

अमृत विचार। हरदोई और मिश्रिख लोकसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत और अशोक रावत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन किए। दोनों प्रत्याशियों ने एक-एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इन लोगों के साथ सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर और आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल के अलावा विधायक मौजूद रहे।

नामांकन के लिए पूरा कलेक्ट्रेट सजाया गया। सजे-धजे कलेक्टेट परिसर में लोक सभा सामान्य निर्वाचन के लिए 31 लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र हरदोई से जय प्रकाश रावत ने जिला मजिस्टेट कोर्ट में जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को तथा 32 लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र मिश्रिख से अशोक रावत ने अपर जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी को भाजपा से प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया।

इसी प्रकार 31 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र हरदोई में जय प्रकाश, सपा से ऊषा वर्मा, मुन्ना लाल, शिव कुमार, ज्ञानी, इन्द्रपाल पासी एवं ब्रम्हा प्रसाद कुल सात लोगों ने तथा 32 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अशोक कुमार, नीलम सिंह, वन्दना वर्मा, संगीता राजवंशी, मनोज कुमार राजवंशी तथा ललित कुमार कुल छह व्यक्तियों द्वारा संबंधित नामांकन कक्ष से नामांकन पत्र प्राप्त किये। नामांकन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। भाजपा प्रत्याशियों के साथ सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह, सांडी विधायक प्रभाष कुमार, संडीला विधायक अलका अर्कवंशी, मल्लावां विधायक आशीष सिंह आशू, गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन मौजूद रहे।

नारी नर रक्षक पार्टी के प्रत्याशियों ने भी नामांकन किया

हरदोई, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में हरदोई व मिश्रिख दोनों क्षेत्रों से नारी नर रक्षक पार्टी के प्रत्याशियों ने भी नामांकन किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी इस मौके पर मौजूद रहे। नामांकन के दौरान मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र से वंदना वर्मा तथा हरदोई से मुन्ना लाल ने अपना नामांकन दाखिल किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार ने कहा कि पार्टी लगातार जनसंपर्क कर रही है। आयोग ने उनकी मांग पर जूता चुनाव चिन्ह दिया है। जगह-जगह लोग उनकी पार्टी से जुड़ रहे हैं। जनता के बढ़ रहे सहयोग के चलते उन्होंने अपने प्रत्याशियों को चुनाव लड़ाने का फैसला लिया। उनके प्रत्याशियों को लगातार लोगों का सहयोग व समर्थन मिल रहा है।

मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी वंदना वर्मा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार के साथ नामांकन को जाते प्रत्याशी मुन्ना लाल।

नामांकन के लिए निकले सांसद अशोक रावत का किया स्वागत

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव मे नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए निकले भाजपा प्रत्याशी/सांसद अशोक कुमार रावत का कखफिला बेनीगंज पहुंचने पर क्षेत्रीय लोगों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं सहित समर्थकों ने अशोक कुमार रावत का बारी-बारी से माल्यार्पण किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक बार पुन: अशोक रावत को प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों में खुशी की लहर दिखी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश अंजना, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमेश चन्द्र श्रीवास्तव के साथ राकेश वैश्य, लव कुमार मिश्रा, रोहित वैश्य, अमित किसान सेवक ठाकुर सत्येंद्र सिंह, राहुल कुमार, दिनेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे

समर्थकों को रोकने में पुलिस को आया पसीना

हरदोई। सत्ता दल के दोनों प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थकों ने भी कलेक्ट्रेट में पहुंचने का प्रयास किया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट गेट तक पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें अंदर जाने से रोका। नामांकन के लिए किसी भी वाहन के कलेक्ट्रेट के अंदर आने पर प्रतिबंध लगा था, लेकिन कुछ नेताओं की गाड़ियां कलेक्ट्रेट गेट के अंदर नामांकन कक्ष के बाहर तक किसी तरह पहुंच गई। अंदर गाड़ियां देखकर वहां मौजूद एसपी ने तत्काल गाड़ियों को बाहर निकालने के निर्देश दिए। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों व जवानों ने सख्ती से पेश आकर वाहन चालकों को डांट लगाते हुए कलेक्ट्रेट से बाहर निकाला।

आचार संहिता लागू 25 तक होंगे नामांकन

हरदोई, अमृत विचार। जिला मजिस्टेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि जनपद में अवस्थित 31 हरदोई व 32 मिश्रिख (अजा) आंशिक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में गुरुवार से निर्वाचन की अधिसूचना लागू हो गई है। आम जनमानस के लिए टोल फ्री नम्बर 1950 तथा 05852-234407 जारी किये गये हैं। इन नम्बरों का उपयोग सामान्य शिकायतों के साथ-साथ निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित शिकायतों के लिए भी किया जा सकता है। वहीं जनपद में नामांकन शुरू होने के साथ ही 18 अप्रैल से अधिसूचना लागू हो गई। नामांकन की प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी। जिले में 13 मई को मतदान होगा। गुरुवार को नामांकन के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। 25 अप्रैल तक प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। प्रत्याशी 29 अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसके बाद शेष बचे प्रत्याशियों के लिए 13 मई को मतदान कराया जाएगा। चार जून को मतगणना कराई जाएगी।

विपक्ष के पास न नीति है न नेता : केशव

हरदोई

अमृत विचार। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने गुरुवार को गांधी भवन में हुई नामांकन सभा में कांग्रेस सरकार को भ्रष्टाचार की अम्मा बताया। उन्होंने यह भी कहा कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा लगा होगा उस गाड़ी में एक न एक गुंडा जरूर बैठा होगा। इस चुनाव में सपा और बसपा की जमानत जब्त होगी। विपक्ष के पास न नीति है और न ही नेता बचे हैं। सिर्फ यह लोग झूठे वादे कर रहे हैं।

जनसभा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह चुनाव साधारण नहीं है। पीढ़ियों की मजबूती इसी चुनाव से तय होगी। उन्होंने कहा कि चार सौ पार का नारा सुनते ही विपक्षी दलों की जमीन खिसकने लगती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन था और तब भी जीत का विश्वास था। इस बार दोनों अलग हैं तो जीत का विश्वास चार गुना हो गया है। श्री मौर्या ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर प्रधानमंत्री पर आरोप लगाने वाले राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी ने संसद में कहा था कि एक रुपया भेजते हैं तो लाभार्थी तक 15 पैसे पहुंचता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 34 लाख करोड़ रुपये लाभार्थियों के खातों में भेजे और एक एक रुपया खाते तक पहुंचा। देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है, लेकिन सपा बसपा वाले राशन बेचकर अपनी तिजोरियां भर लेते थे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र भी किया।

जनसभा को सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने भाजपा के द्वारा किये गए विकास कार्य गिनाएं। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने भाजपा को जिताने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, सांसद जय प्रकाश, सांसद अशोक रावत ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंच पर विधायक श्याम प्रकाश, माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, प्रभाष कुमार, रामपाल वर्मा, आशीष सिंह आशू, अलका अर्कवंशी भी मौजूद रहीं। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, पूर्व अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, हरदोई लोकसभा क्षेत्र के संयोजक प्रीतेश दीक्षित, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, छोटे महाराज, पीके वर्मा, गंगेश पाठक, मुकुल सिंह आशा भी मौजूद रहे।

नामांकन सभा में बोलते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व मौजूद भाजपा नेता। अमृत विचार

खाली कुर्सियां देख भाजपा नेताओं को आया पसीना

नामांकन सभा में भाग लेने आए उप मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान सभा स्थल पर अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी रही। उप मुख्यमंत्री अपने निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए, लेकिन उनके पहुंचने पर सभा स्थल पर नुक्कड़ सभा इतनी भी भीड़ न थी। उपमुख्यमंत्री के आने के बावजूद अधिकांश कुर्सियां खाली होने के कारण स्थानीय भाजपा नेताओं के माथे पर पसीना छूट गया। तमाम स्थानीय नेता यह कहते दिखे कि गर्मी बहुत है। आचार संहिता के चलते नामांकन के दौरान जनता को बुलाना उचित नहीं था।

बच्चों पर फेंक दी खौलते तेल की कड़ाही, तीन झुलसे

हरदोई

अमृत विचार। 11 साल,9 साल और एक 8 साल का बच्चा अपने गांव में हलवाई की दुकान पर समोसा खरीदने पहुंचे। आरोप है कि हलवाई ने खौलते हुए तेल की कढ़ाई तीनों बच्चों पर फेंक दी,जिससे वे बुरी तरह झुलस गए। इस तरह का मामला कोतवाली शहर के बेहटा सधई का बताया गया है। तीनों बच्चो को इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया गया है।

गुरुवार को कोतवाली शहर के बेहटा सधई निवासी कालू का 9 वर्षीय पुत्र हनीफ, रईस का 8 वर्षीय पुत्र रहीम और साजिबुल का 11 वर्षीय पुत्र कलीम साथ-साथ वहीं गांव में हलवाई की दुकान पर समोसा खरीदने पहुंचे,जैसा कि हलवाई के ऊपर आरोप है कि उसने तीनों बच्चो के ऊपर खौलते हुए तेल की कढ़ाई फेंक दी,जिससे तीनों बुरी तरह झुलस गए,उन्हे बिलबिलाते हुए देख कर गांव मे हड़कंप मच गया। हालांकि कहा जा रहा है कि भट्टी पर चढ़ी कढ़ाई एका-एक गिर पड़ी,जिससे हादसा हुआ। तीनों बच्चो को इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया गया है।

झुलसे बच्चे का इलाज करते डॉक्टर।

नामांकन से लगा रहा जाम, फंसी एंबुलेंस

हरदोई, अमृत विचार। भाजपा प्रत्याशियों का नामांकन कराने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या आए थे। पुलिस लाइन पर उनका हेलीकाप्टर उतरा वहां से उन्हें गांधी मैदान जाना था। उप मुख्यमंत्री के आने से पहले ही पुलिस लाइन से गांधी मैदान तक रास्ता बंद कर दिया गया, वहीं नामांकन के चलते सोल्जर बोर्ड चौराहे से डाक बंगला चौराहा तक पहले से ही बैरीकेटिंग लगी हुई है। उपमुख्यमंत्री के आने से काफी पहले रास्ता रोक दिया गया, जिससे रेलवे स्टेशन, कलेक्ट्रेट, मुख्य डाकघर, बीएसएनएल, बेसिक शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग सहित तमाम मुख्य स्थानों पर जाने वाले लोग घंटों रास्ता बंद होने के कारण धूप में खड़े रहे। इस बीच घंटाघर रोड, रोडवेज बस अड्डा रोड, सिनेमा चौराहा, सांडी रोड, महात्मा गांधी मार्ग सहित तमाम सड़कों पर दर्जनों वाहन फंस गए। जाम के दौरान कई एंबुलेंस भी काफी समय तक बेबस खड़ी रहीं। चिलचिलाती धूप में लोगों को घंटों जाम का झाम झेलना पड़ा।

नामांकन के चलते कलेक्ट्रेट रोड पर लगाई गई बैरीकेडिंग (ऊपर) और जाम में फंसी एंबुलेंस सहित अन्य वाहन।

सार-संक्षेप

खाने में नहीं मिला स्वाद तो दूल्हे के भाई को पीटा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के एक मैरिज हॉल में चल रहे वलीमे के भोज में खाने की बदइंतजामी को लेकर हुए विवाद में जमकर मारपीट हुई। जिसमें दूल्हे के भाई,बहन और मां को चोटें आई। पीड़ित ने आरोपियों पर जेवर छीन ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। मोहल्ला खलील निवासी दूल्हे के पिता शमशाद अली ने बताया उसके पुत्र का विवाह पिहानी थाने के अब्दुल्ला नगर निवासी कमरूद्दीन की पुत्री के साथ हुआ था। बुधवार को कस्बे के एक मैरिज हॉल में दावते वलीमा था। खाने में विलंब होने और अच्छा न होने पर दावत में आए विपक्षी मोहल्ला गिलजई निवासी अमीर हसन पुत्र वजीर हसन, जीशान,अरमान पुत्रगण नवी हसन,और दनियापुर निवासी सलीम उसके पुत्र साकिब उर्फ साकिर को गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने डंडे से उसे मारना शुरू कर दिया। बचाने आई उसकी पत्नी महमूदा बेगम और पुत्री रेनू को विपक्षियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।पीड़ित पिता ने विपक्षियों पर उसके पुत्र, पुत्री और पत्नी के जेवर भी ले जाने का आरोप लगाया है।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने पूछताछ की। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

कर्मचारियों को दिलाई गई शपथ

हरदोई। लोक सभा सामान्य निर्वाचन में 13 मई को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने निर्देशानुसार गुरुवार को कलेक्टेट परिसर में प्रशासनिक अधिकारी दामोदर बाजपेई ने कलेक्टेट कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलायी। इस अवसर पर श्री बाजपेई ने कहा कि मजबूत एवं सशक्त लोकतंत्र की स्थापना तथा जनपद की गरिमा बढ़ाने के लिए सपरिवार मतदान अवश्य करें।

आग बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार

छप्पर में लगी आग से 27 बेजुबान जिंदा जले

माधौगंज, हरदोई। अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग से घर में रखा सामान व नगदी जेवर जल गये। आग की लपटों ने 27 बेजुबानों की जिंदा जलकर मौत हो गई है। थाना क्षेत्र के गांव इंदापुरवा मजरा शुक्लापुर भगत निवासी रामेश्वर पुत्र गोपाली का घर में रखा सुबह साढ़े नौ बजे अचानक आग का गोला बना गया। आग की लपटें देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आग में तेईस मुर्गा, चार बकरा, चार बोरी गेहूं, दो जोड़ी चाँदी की पायल, कमर बिछुआ, सोनू के ज़ेवर,कपड़े, बर्तन, धान, भूसा, छोटे व बड़े बक्से,बैंक के कागजात व अन्य दस्तावेज, 80 हजार रुपए सहित गृहस्थी जल कर राख हो गए। ग्रामीणों की सूझबूझ से दो पम्पिंग सेट चला कर व हैंड पंप से पानी लाकर आग को काबू कर लिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुचने से पूर्व ग्रामीणों ने आग बुझा लिया। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस व राजस्व टीम ने आग से हुए नुकसान का आंकलन किया।

करोड़पति हैं भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश व अशोक रावत

हरदोई

अमृत विचार। गुरुवार को नामांकन में दाखिल शपथ के अनुसार हरदोई लोकसभा सीट से 66 वर्षीय भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश की हरदोई में गैस एजेंसी है। जिसकी पूंजी 82 लाख रुपये है। जयप्रकाश के पास फार्च्यूनर, आडी, महेंद्रा एसयूवी गाड़ी है, वहीं इनकी पत्नी के पास भी फार्च्यूनर है। जयप्रकाश के पास विरासत में मिली कारबाइन के अलावा राइफल भी है, वहीं पत्नी के पास पिस्टल है। जयप्रकाश के पास आभूषण तो नहीं हैं, लेकिन उनकी पत्नी के पास साढ़े सात सौ ग्राम का सोना है, जिसकी कीमत 55 लाख से ऊपर की है, वहीं पांच किलो से अधिक चांदी, 10 लाख से अधिक हीरे के आभूषण तथा दो लाख से अधिक सिक्के व गिन्नियां हैं।

1980 में स्नातक उत्तीर्ण जयप्रकाश के ऊपर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हैं। उनके पास लखनऊ, उन्नाव, हरदोई सहित तमाम जगहों पर आवास, प्लाट व खेती मौजूद है। जयप्रकाश की कुल संपत्तियां नौ करोड़ से अधिक की है। वहीं उनकी पत्नी की 12 करोड़ से अधिक संपत्तियों की मालिक हैं। जयप्रकाश के हाथ में नकदी 2 लाख 25 हजार तथा उनकी पत्नी के हाथ में 1 लाख 45 हजार रुपये की नकदी है। हरदोई, लखनऊ, दिल्ली सहित तमाम जगहों पर जयप्रकाश के बैंक खाते हैं, वहीं इनकी पत्नी के पास भी लखनऊ की कई बैंकों में करोड़ों रुपये जमा हैं। जयप्रकाश का शेयर में भी लाखों रुपये लगा हुआ है।

40 लाख से अधिक का आयकर देते हैं जयप्रकाश

भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में सरकार को 40, 97,950 रुपये आयकर के रूप में अदा किए। वर्ष 2019-20 में जयप्रकाश ने 36,96,007 रुपये आयकर दिया था। उनकी पत्नी ने 2023-24 में 5,50,000 आयकर के रूप में दिए हैं। वित्तीय वर्ष 2019-20 में उनकी पत्नी ने 5,81,045 रुपये आयकर दिया था।

करोड़ों रुपये की संपत्ति के मालिक हैं अशोक रावत

हरदोई, अमृत विचार। गुरुवार को नामांकन में दाखिल शपथ के अनुसार मिश्रिख से 57 वर्षीय भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत ने लखनऊ विश्वविद्यालय से 1998 में प्राचीन भारतीय इतिहास से परास्नातक की डिग्री हासिल की है। अशोक रावत के पास भी करोड़ों रुपये की संपत्ति है। इनके पास पेट्रोल पंप के अलावा लखनऊ, कानपुर, हरदोई में तमाम प्लाट, खेती व आवासीय भूमि है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अशोक रावत ने 14,26,910 रुपये का आयकर दिया। उनकी पत्नी ने इसी वित्तीय वर्ष में 14,64,840 रुपये आयकर के रूप में सरकार को दिए। अशोक रावत वर्ष 2019-20 में 8,13,210 रुपये आयकर दिया था, वहीं उनकी पत्नी ने वर्ष 2019-20 में 6,25,241 रुपये सरकार को आयकर के रूप में दिए थे। अशोक रावत के पास हरदोई, लखनऊ व दिल्ली के तमाम खातों में लाखों रुपये की धनराशि जमा है। यह असलहों के भी शौकीन हैं। इनके पास पिस्टल व राइफल है, पत्नी के पास एक राइफल है। पत्नी लखीमपुर स्थित एक पेट्रोल की मालकिन भी हैं। अशोक रावत के ऊपर कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है। अशोक रावत इनोवा गाड़ी के मालिक हैं, इनके पास हाथ में पहनने वाला सोने का कड़ा, सोनी की घड़ी की चेन, ब्रेसलेट, चार हीरे की अंगुठियां, 10 सोने की अंगुठियां, चार सोने की चेन सहित 33 लाख 50 हजार रुपये आभूषण हैं, वहीं उनकी पत्नी 800 ग्राम सोने के आभूषण सहित 64 लाख रुपये का सोना-चांदी है।

चुनाव की रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र कलेनापुर गांव में देर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्ष की ओर से सात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कलेना पुर निवासी त्रिविजय ने पुलिस को बताया कि चुनावी रंजिश के चलते गांव के ही रामजीवन, अनूप, राम औतार घर पर आए और गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडों से पीट कर धमकी देते हुए भाग निकले। द्वितीय पक्ष की ओर से अनिकेत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही विपक्षी त्रिविजय देव शर्मा बलराम और शिवराम ने गाली गलौज करते हुए घर वालों को मारा पीटा इसको लेकर अनिकेत ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। दोनों पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है। जल्दी आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

बयाना लेकर गाड़ी न भेजने का लगाया आरोप

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे के मोहल्ला खेड़ा अजमत निवासी युवक ने दो ड्राइवरों पर एडवांस लेने के बाद तय समय पर गाड़ी न भेजने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू की है। कस्बे के मोहल्ला खेड़ा अजमत निवासी अंकित शर्मा ने बताया वह ड्राइवर है ।उसने एक विवाह में जाने के लिए मुन्ना ड्राइवर को 5 गाड़ी के लिए और रामकुमार ड्राइवर को एक गाड़ी और अन्य को 4 गाड़ी का बयाना 200 रुपए के हिसाब से दिया था। गाडियां अम्तोरा से ककरघटा जानी थी। रात में ही गाड़ियों की वापसी थी, किंतु गुरुवार को मौके पर मात्र 3 गाडियां पहुंची अन्य विपक्षी ड्राइवर मुन्ना और रामकुमार न तो गाड़ी भेज रहे न ही उसका फोन उठा रहे हैं। कोतवाली में पीड़ित ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

मधुमक्खियों ने हमले में कई किसान घायल

हरदोई। गेंहू काटने के लिए खेत पर जा रहे किसानों के ऊपर सारंग मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले से झटपटा रहे किसानों को देख कर खेतों में कटाई कर रहे किसानों मे भगदड़ मच गई। हमले सेअधमरे हुए किसानों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया गया है। गुरुवार की सुबह कोतवाली शहर के लालपालपुर निवासी गुड्डन पुत्र आंनद प्रकाश प्रजापति खेत पर गेंहू काटने जा रहा था। गांव के बाहर निकलते एका-एक उसके ऊपर सांरग मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। उसे झटपटाता देख कर उधर से निकल रहा वकील नाम का युवक उसे बचाने दौड़ा,मधुमक्खियों ने उसे भी नही छोड़ा,उसके अलावा और भी कई किसान मधुमक्खियों के हमले से बिलबिला उठे।

किशोरी ने की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। किसी घरेलू बात से नाराज़ किशोरी ने कीटनाशक दवा खा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसके शव को अपने कब्ज़े में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया है। पिहानी कोतवाली के खरकइया अब्दुल्ला नगर निवासी सुनील की 17 वर्षीय पुत्री रामसहेली ने किसी घरेलू बात से नाराज़ हो कर घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली। उसे उल्टी-पल्टी होने से घर वालों को इसका पता हुआ। आनन-फानन में उसे सीएचसी ले जाया गया,लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलइस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

सड़कों पर दम तोड़ रहे नेताओं के विकास के दावे और वादे

हरदोई

अमृत विचार। जब इस मार्ग को नहीं बना सके ज़िम्मेदार तो प्रदेश का क्या होगा हाल, अक्सर इस मार्ग पर माननीय लोगों का आवागमन होता है। लोकसभा चुनाव हैं ऐसे में दावे और वादे की झड़ी लगी हुई है। राजनीतिक दल अपने 10 वर्ष के विकास को लेकर जनता के बीच पहुंच रहा है, जबकि विपक्ष सत्ता पक्ष की नाकामियों को गिनाकर खुद के कार्यकाल में किए गए विकास पर जनता के बीच में वोट मांग रहा है, लेकिन यह जनता है यह सब जानती है और देखती भी है।

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के निर्देश जारी किया थे। इसके बाद विभाग प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने में तेजी से जुट गया था, लेकिन धीमे-धीमे यह कार्य सुस्त पड़ता गया। जिसके पास एक बार फिर मुख्यमंत्री द्वारा दीपावली तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। विभाग का दावा है कि प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बना दिया गया, लेकिन विभाग के दावों की पोल हरदोई जनपद में आकर खुल जाती है। प्रदेश के साथ जनपद के मार्गों को तो छोड़ दीजिए खुद माननीय के जाने वाले मार्ग पर ही गड्ढे नजर आ जाएंगे।

उत्तर प्रदेश में लगातार नेता प्रदेश के सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाए जाने के बात कर रहे हैं, लेकिन हरदोई जनपद में आज भी कई मार्ग कैसे हैं जहां भारी-भारी गड्ढे में से होकर लोगों को निकलना पड़ रहा है। शहर के जिला अस्पताल चौराहे से नघेटा रोड की ओर आने वाले मार्ग के शुरू में ही सड़क के दोनों और भारी-बड़ी गड्ढे हैं। इन गड्ढों में कई बार ई-रिक्शा पलट भी जाते हैं। इसके चलते यात्री घायल तक हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार है कि इस बाबत सुध लेना ही नहीं चाह रहे हैं। हालांकि जिम्मेदारों के लिए यह बात कोई मायने नहीं रखती है। जब जिम्मेदारों ने माननीय के निकलने वाले रास्ते तक को नहीं बनाया और न ही इस रास्ते से गुजरने वाले प्रदेश के मंत्री और विधायकों ने इसे बनाने की सुध ली तो प्रदेश और जनपद में सड़कों का क्या हाल होगा यह साफ समझ जा सकता है। हरदोई बीजेपी कार्यालय जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त है। इस मार्ग पर भी गड्ढे नजर आ जाएंगे।

जिला अस्पताल चौराहे से नघेटा रोड जाने वाला जर्जर मार्ग। अमृत विचार

बदहाल सड़क से होकर गुजर जाते हैं भाजपा नेता

लोकसभा का चुनाव है ऐसे में बीजेपी कार्यालय पर लगातार जनप्रतिनिधियों का पहुंचने का दौर जारी रहता है। यहां आए दिन सांसद जय प्रकाश जो की इस बार भी उम्मीदवार है बीजेपी के, क्षेत्रीय मंत्री, विधायक, प्रदेश सरकार में मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष यहां आते हैं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हैं। यहां आने वाले तमाम भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री विधायक और प्रदेश में मंत्रियों को सड़क में गड्ढे और सड़क की दुर्दशा नजर नहीं आ रही है। जब विभाग भाजपा कार्यालय जाने वाली सड़क को दुरुस्त नहीं कर पाया तो जनपद के सड़कों का क्या हाल होगा इसे साफ़ समझा जा सकता है।

सीओ को प्रार्थना पत्र देकर लगाई फरियाद

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने जेठ पर बदनीयती से घर में घुसकर तमंचे के बल पर छेड़छाड़ करने और विरोध पर मारपीट कर रुपए छीनने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़ित महिला ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया बुधवार को उसका पति खेत गया था। मौका देखकर उसका जेठ इस्माइल घर में घुस आया और गलत नियत से पकड़ कर उसे खींचा विरोध करने पर तमंचा दिखाकर मारपीट की। पर्स में रखी सोने की झुमकी और दस हजार रुपया छीन ले गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने उस पर कोई कार्यवाही नहीं की।

लापरवाही से नवजात की हुई मौत जिला महिला अस्पताल में हंगामा

मांगे गए रुपये देने के बाद भी डाक्टरों ने बरती लापरवाही

हरदोई

अमृत विचार। ज़िला महिला अस्पताल का इलाज ला-इलाज होता जा रहा है। वहां बगैर पैसे के पत्ता तक नही हिलता। मुंह मांगे पैसे देने के बाद भी सही इलाज हो,इसकी कोई गारंटी भी नही। हर दूसरे-तीसरे दिन ऐसे मामले सामने आ रहें है,जो सरकारी इलाज को ला-इलाज साबित करने के लिए काफी है। गुरुवार को ज़िला महिला अस्पताल में भर्ती कराई गई प्रसूता के ऑपरेशन के लिए 45 सौ और जांच के नाम पर डेढ़ हज़ार रुपये वसूल करने के बाद भी ऐसी लापरवाही बरती गई कि बच्चे की मौत हो गई और प्रसूता की जान पर बन आई। इसे ले कर वहां हंगामा होने लगा, इससे पहले कहानी और आगे बिगड़ती उसी बीच प्रसूता को वहां से रिफर कर दिया गया।

बताया गया है कि सवायजपुर निवासी श्याम सिंह का कहना है कि बुधवार को उसने अपनी पत्नी नीलम को प्रसव पीड़ा होने पर ज़िला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उसका आरोप है कि वहां के डाक्टरों ने ऑपरेशन के लिए उससे 45 सौ रुपये मांगे,जब तक रुपये दे नहीं दिए गए,तब तक किसी ने हाथ तक नही लगाया। उसके बाद जांच के नाम पर उससे डेढ़ हज़ार रुपये लिए गए। इतना सब करने के बाद लापरवाही का ऐसा बोलबाला रहा कि नीलम के बच्चे की मौत हो गई और उसकी भी जान पर बन आई। लापरवाही बरतने से हुई बच्चे की मौत पर वहां हंगामा होने लगा, कहानी और बिगड़ती,इससे पहले ही वहां के डाक्टरों ने उसे कहीं और ले जाने की बात कहते हुए रिफर कर दिया। ज़िला महिला अस्पताल मे ऐसा कोई पहला मामला नहीं है।

नवजात की मौत से एंबुलेंस में गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

तीन दिवसीय उर्स जहूरी का हुआ समापन

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला मैदानपुरा में तीन दिवसीय उर्स जहूरी सोमवार से शुरू होकर 18 अप्रैल बुधवार को खत्म हुआ। उर्स का आगाज़ 15 तारीख सोमवार की रात तिलावत कुरान से हाफिज रिजवान ने शुरुआत की थी, जिसके बाद मिलाद की महफिल में कन्नौज से आए मौलाना शाहनवाज साहब ने तकरीर की। कहा कि बुजुर्गों के नक्शे कदम पर उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर हम अपनी जिंदगी को कामयाब बना सकते हैं। दूसरे दिन 16 तारीख को बाद नमाज़ ए ज़ोहर फनाफिश्शेख मखदूम हजरत जहीरूद्दीन शाह अलमारूफ छोटे मियां साहब रहमतुल्लाह अलैह का कुल शरीफ हुआ। तीसरे दिन सुबह बाद नमाजे फजर कुरआन खानी हुई नौ बजे जिक्रे औलिया ए पाक व मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें हुजूर बिलग्रामी करार हैदर बिस्मिल बिलग्रामी कमरुल खान कमर बिलग्रामी व असगर बिलग्रामी ने हजरत छोटे मियां रहमतुल्ला आलेह की शान में मन्क़बत पेश की। उसके बाद मौलाना शम्स तबरेज खाकी जहूरी ने बुजुर्गों की हयात मुबारका पर रोशनी डाली। तीन बजे गागर का जुलूस निकाला गया रात को नौ बजे से सुबह चार बजे तक कव्वाली का प्रोग्राम चला। जिसमें बोबी कव्वाल संडीला, कमालुद्दीन कव्वाल फर्रूखाबाद, मारूफ कव्वाल सन्डीला ने बुजुर्गों की शान में कव्वालियां पढ़ीं और चार बजे सुबह आखिरी कुल शरीफ हुआ, हज़रत अनीस मियां की दुआ के बाद प्रोग्राम खत्म हुआ।

झोलाछाप के इलाज से एक और मौत, आरोपी फरार

हरदोई

▸▸ लगातार मरीजों की मौतों के बाद भी विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

अमृत विचार। बीच बाज़ार में दुकान खोल कर बैठे झोलाछाप ने खांसी-बुखार की दवा लेने पहुंचे मरीज़ को इंजेक्शन लगा दिया। जिससे उसकी तबियत और बिगड़ गई। जब तक उसके घर वाले कुछ समझ पाते,उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। मामला अरवल थाने के मनोहरपुर चौंसार का बताया गया है। इसका पता होते ही झोलाछाप अपना झोला समेट कर वहां से भाग निकला।

अरवल थाने के मनोहरपुर चौसार निवासी खेती-किसानी करने वाला 40 वर्षीय रामभरोसे पुत्र सियाराम को कुछ दिनों से खांसी-बुखार आ रहा था। उसके छोटे भाई ओमकार ने बताया कि बुधवार को वह चौंसार की बाज़ार में दवाखाना खोले बैठे सुनील कटियार के पास दवाई लेने पहुंचा। बताते है कि सुनील ने उसके इंजेक्शन लगाया और दवा दी। उसके कुछ ही देर बाद एका-एक तबियत और बिगड़ गई,उसके घर वाले कुछ समझ पाते,उससे पहले ही रामभरोसे के हाथ-पांव ठंडे पड़ गए। आनन-फानन में उसे सीएचसी पहुंचाया जाता, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही सुनील अपना झोला समेट कर वहां से भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। उसका कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि समय-समय पर जांच अभियान चलाया जाता है। ऐसे किसी चिकित्सक के खिलाफ शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यवाही की जाती है। उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेकर जांच के बाद दोषी को बक्शा नहीं जाएगा।

अनुशासन से मिलती है सफलता : डा. सुमन

हरदोई, अमृत विचार। आर्य कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षिकाओं व अभिभावकों के मध्य शिक्षण एवं अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। अभिभावकों ने अपनी तमाम समस्याएं रखीं, जिनका विद्यालय परिवार द्वारा समाधान किया गया। अभिभावक संघ की बैठक को संबोधित करते प्राचार्य डा .सुमन वर्मा ने कहा कि यदि अभिभावक जागरूक हैं तो छात्राओं का भविष्य अवश्य उज्जवल होगा। अनुशासन में रहने से ही सफलता मिलती है। नई शिक्षा नीति में शिक्षिकाओं के ऊपर कम समय में पाठयक्रम पूरा करने का दबाव है। ऐसे में अभिभावक विद्यालय का सहयोग अवश्य करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास, विरोध करने पर जमकर की पिटाई

हरदोई, अमृत विचार। घर वाले गेहूं की कटाई करने खेत पर गए हुए थे। अकेली विधवा घर में चारपाई पर सो रही थी। उसी गांव का एक युवक घर में घुसा और उसे बुरी नीयत से दबोच लिया। विरोध करने पर उसने विधवा की लात-घूंसों से पिटाई की और जान से मार डालने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज किया है। 12 अप्रैल की रात को पाली थाने के एक गांव की 35 वर्षीय विधवा घर में अकेली थी। उसी बीच रात के करीब 11 बजे उसी गांव का मुकेश यादव उसके घर में घुसा और सो रही विधवा को बुरी नीयत से दबोचते हुए उसके साथ छेड़-छाड़ करने लगा। नींद से जागने पर विधवा ने विरोध किया तो मुकेश यादव ने उसकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी और शोर होने पर पकड़े जाने के डर से उसे जान से मार डालने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पुलिस ने विधवा की तरफ से दी गई तहरीर पर मुकेश यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की जांच एसआई हृदय राम यादव को सौंपी गई है।

महिला की मौत, दहेज़ हत्या का लगाया आरोप

हरदोई। 27 वर्षीय युवती की संदिग्ध हालत में फांसी लगाने से मौत हो गई। बेटी की मौत पर उसके पिता ने उसके ससुराल वालों के ऊपर दहेज़ हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है,उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। हरियावां थाने के कुरसेली निवासी सुशील की 27 वर्षीय पत्नी बीनू की संदिग्ध हालत में मौत हो गई,हालांकि उसके ससुराल वालों का कहना था कि बीनू ने फांसी लगा कर आत्महत्या की।

आयोजन कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से बांधा समां

राम के समान गुणवान कहां पाओगे

हरदोई,

अमृत विचार। श्री सुंदरकांड सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में शहर के महाराज सिंह पार्क में राम नवमी के अवसर पर बुधवार की रात को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियों की रचनाओं से पूरा वातावरण राममय हो गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर व भाजपा नेता पारुल दीक्षित ने दीप प्रज्जवलन व मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कवि सम्मेलन की शुरुआत कवयित्री आकांक्षा गुप्ता की वाणी वंदना से हुई। प्रतापगढ़ से आये ओज कवि हरि बहादुर हर्ष की कविता"राम मेरी आन मान राम मेरे स्वाभिमान, राम के समान गुणवान कहां पाओगे।" पर पूरा पांडाल जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। प्रयागराज से आये हास्य कवि धंनजय शास्वत ने "मैं कैसे मान लूं कि बेरोजगारी बहुत है,जब मुर्दे भी मनरेगा से तनख्वाह ले रहे।" कविता पढ़ श्रोताओं को गुदगुदाया। हरदोई के ओज कवि राजेश बाबू अवस्थी ने "राम मन्दिर प्रतीक हिन्दुओं कि आन बान का।राम मन्दिर प्रतीक धर्मशील कीर्तिमान का।"कविता पढ़ तालियां बटोरी। युवा कवि वैभव शुक्ल की रचना " मन के पावन पृष्ठ भूमि पर शब्दों की तुरपाई कविता, जिसने प्रेम किया है उसने एक बार तो गाई कविता" सराही गई।

रायबरेली से आये संचालक डा० नीरज पाण्डेय ने "राम जी के पांवो से जुड़ाव जिसका हुआ है पांव उसके कोई भी टाल सकता नहीं।



कविता पाठ करते कवि। अमृत विचार

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

ब्लड बैंक: - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

एक नजर

प्रथम प्रशिक्षण में कुल 86 मतदान कार्मिक गैरहाजिर

सीतापुर। जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण गुरूवार को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल खैराबाद में दो पालियों 10 से एक बजे तक और दो से पांच बजे तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 347 पीठासीन अधिकारियों के सापेक्ष तीन अनुपस्थित रहे तथा 2053 मतदान अधिकारी प्रथम के सापेक्ष 83 मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 86 अनुपस्थित कार्मिकों के कार्यालयाध्यक्षों से अपेक्षित है कि इन कार्मिकों को 20 अप्रैल को प्रथम पाली में प्रशिक्षण के लिए उपस्थित होने के लिये निर्देशित कर दें, यदि इनके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया जाता है तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत संबंधित कार्मिक के विरुद्ध कार्यवाही कर दी जायेगी।

बार काउंसिल प्रत्याशी ने मांगा समर्थन

सीतापुर। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के निर्वाचन-2024 में प्रत्याशी मधुलिका यादव ने गुरूवार को तहसील और ग्राम न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं से मिलकर समर्थन मांगा। सुश्री यादव ने अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान की दिशा में अपने प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करवाने, अधिवक्ता बीमा राशि दस लाख करवाने, अधिवक्ता पेंशन लागू करवाने, स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दिलवाने और टोल टैक्स से छूट दिलवाने के लिए संघर्ष करेंगी। इस मौके पर कई वरिष्ठ अधिवक्ता भी मौजूद थे।

दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर हुई मारपीट

लहरपुर। ग्राम नेवादा के निकट दो बाइकों की टक्कर हो गई। जिससे एक युवक व एक महिला घायल हो गए। घायल युवक शादाब 18 वर्ष पुत्र इजरायल निवासी ग्राम चक मल्लापुर बुरी तरह घायल हो गया। महफूज ग्राम चक मल्लापुर ने बताया कि जब दूसरे पक्ष से उपचार कराने के लिए कहा गया तो विवाद शुरू हो गया और मारपीट होने लगी। जिसका वीडियो किसी ने बनाकर वायरल कर दिया गया। इस संबंध में अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा ने बताया कि अस्पताल के बाहर हुए विवाद की उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

शादी के दिन दुल्हन प्रेमी संग जेवरात लेकर फरार

▸▸ युवती की मां ने प्रेमी के खिलाफ दी तहरीर

महमूदाबाद, अमृत विचार। कोतवाली इलाके में शादी की एक रात पहले ही दुल्हन प्रेमी संग फरार हो गई। गुरुवार की सुबह जब परिजनों की आंख खुली तो युवती को कमरे में ना पाकर होश फाख्ता हो गये। पीड़ित परिवार ने घर के सामने रहने वाले प्रेमी युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

वार्ड शेरापुर निवासी प्रेमी अरुण कुमार पुत्र रामराज और युवती के बीच पूर्व से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है कि दोनों प्रेमी युगल शादी के लिए राजी थी लेकिन प्रेमिका के पिता की नाराजगी के चलते प्रेमिका की शादी दूसरी जगह तय कर दी। 18 अप्रैल को युवती की बरात आने वाली थी। युवती के परिवार वालों का आरोप है कि प्रेमी गुरुवार सुबह तड़के प्रेमिका को गहनों और नकदी के साथ लेकर फरार हो गया। युवती की मां ने प्रेमी के खिलाफ बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का शिकायती पत्र पुलिस को दिया है। कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और परिजनों के द्वारा लिखित शिकायत मिली। इसके आधार पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

गन्ना तौल के लिए 3 दिन तक इंतजार कर रहे किसान

मुश्किल

▸▸ भीषण धूप में किसान बेहाल, सूख रहा गन्ना

सांडा, सीतापुर, अमृत विचार। बिसवां चीनी मिल के सकरन क्षेत्र क्रय केंद्र सांडा पर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था खराब है। क्रय केंद्र पर किसानों को गन्ने की तौल कराने के लिए तीन-तीन दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। तेज धूप के कारण ट्रॉली में गन्ना सूखने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। 20 क्विंटल गन्ना की उतराई 100 से 150 रुपये देना पड़ता है। पैसे न देने पर गन्ना नहीं उतारा जाता है।

किसान सुशील राज ने बताया कि इन दिनों तेज धूप होने लगी है। तौल के लिए तीन तीन दिन का इंतजार करना पड़ रहा है और ट्रॉली में लोड गन्ना सूख जाता है। जिससे दो से तीन क्विंटल तक वजन घटने से नुकसान होता है। किसान राकेश कुमार ने बताया कि चटख धूप के कारण गन्ना काटने और सेंटर तक पहुंचाने के लिए लेबर नहीं मिल रहे हैं। 20 क्विंटल गन्ना तैयार करने में खेत में दो से तीन दिन का समय लग जाता है। इधर क्रय केंद्र पर लाने के बाद गन्ना तौला में तीन तीन दिन का समय लग रहा है। ऐसे में पूरा एक सप्ताह लग जाता है जिससे काफी परेशान हैं।

किसान राकेश, श्रीकांत वर्मा, सन्दीप मिश्रा, सुनील, शिवशंकर, राजेश, सुरेंदर, मोहम्मद यासीन, बाबूराम, रामबृक्ष आदि के साथ केंद्र पर मौजूद दर्जनों किसानों ने बताया कि ट्रांसपोर्टिंग व्यवस्था बेपटरी होने का खामियाजा किसान भुगत रहे हैं। उतराई के नाम पर भी वसूली कर शोषण किया जाता है। क्रय केंद्र पर तेज धूप का भी सामना करना पड़ रहा है। यहां तक इस समय किसानों को पहले की अपेक्षा चार गुना टिकट दे दिये गए हैं और मोटरों की संख्या कम है। जिस कारण जाम लगा है। किसानों की समस्या पर केन मैनेजर सचिन सिंह ने बताया एक साथ अधिक टिकट कट जाने से समस्या बन गई है दो दिन में सही से संचालन हो जाएगा।

क्रय केंद्र पर तौल के इंतजार में खड़ी ट्रॉलियां। अमृत विचार

मतदान से पहले आजम से जेल में मिले रामपुर सपा जिलाध्यक्ष

बेटे अदीब व बहन के साथ जेल में डेढ़ घंटे चली चुनाव पर बातचीत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

▸▸ मतदान बहिष्कार ऐलान के बाद दूसरी बार मिलने पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से एक दिन पहले जेल में बंद पूर्व मंत्री आजम खां से बेटे अदीब और रामपुर सपा जिलाध्यक्ष ने मुलाकात कर सियासी गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। बेटे अदीब के साथ आजम की बहन ने भी जेल में मुलाकात की है। डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात के बाद रामपुर में शुक्रवार को होने वाला मतदान काफी प्रभाव डाल सकता है। बेटे अदीब से मिलकर आजम परिवार को लेकर भावुक भी नजर आये।

बताते चलें कि रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम और पत्नी तंजीम सहित बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा सुनाई थी। रामपुर प्रशासन ने आजम को सीतापुर और बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल में शिफ्ट कर दिया था। 22 अक्टूबर की सुबह आजम को सीतापुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। जेल में बंद आजम खां से गुरुवार को हुई सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर, बेटे अदीब आजम और बहन निकहत अल्ताफ ने रामपुर से जेल पहुंचकर आजम से मुलाकात की। सूत्रों की मानें तो इस मुलाकात में पारिवारिक बातों पर कम रामपुर की लोकसभा सीट का भविष्य तय करने पर दिग्गज नेता आजम ने ज्यादा जोर दिया है। शुक्रवार यानी आज रामपुर में पहले चरण का मतदान होना है। आजम का कुछ दिन पहले मतदान बहिष्कार का जारी हुए लेटर का घमासान अभी खत्म नहीं हुआ था और गुरुवार को बेटे अदीब के साथ सपा जिलाध्यक्ष की हुई मुलाकात कई मायनों में अहम मानी जा रही है।

गुरुवार की दोपहर बेटे अदीब सहित तीनों ने जेल पहुंचकर ऑनलाइन मुलाकात पर्ची लगवाई और जेल मैनुअल के अनुसार जेल में दाखिल होकर आजम से मुलाकात की। बेटे अदीब से मिलकर भावुक नजर आये। बहन से मुलाकात के बाद आजम ने बेटे और सपा जिलाध्यक्ष से करीब एक घंटे से अधिक समय तक चुनावी रणनीति पर चर्चा की। मुलाकात का समय खत्म होने के बाद तीनों लोग जेल से बाहर निकलकर वापस रामपुर रवाना हो गये।

अज्ञात वाहन की टक्कर से मां-बेटी की मौत

संवाददाता, पहला, सीतापुर

पिता गंभीर

▸▸ देबियापुर पुलिस चौकी के निकट हुई दुर्घटना

अमृत विचार। थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत बिसवां-बहराइच मार्ग पर देबियापुर पुलिस चौकी के निकट गुरुवार दोपहर ग्राम सेवता से अपनी पत्नी तथा दो साल की बच्ची को लेकर जा रहे बाइक सवार को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गये। जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी बिसवां लाया गया, जहां उपस्थित डाक्टरों ने बच्ची तथा उसकी मां को मृत घोषित कर दिया तथा घायल पति का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

थाना रेउसा के ग्राम सेवता निवासी 28 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र शिवकुमार मौर्य अपनी पत्नी पूनम तथा दो साल की लड़की लाची के साथ बाइक से थाना रामपुर कलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम लोना में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत बिसवा बहराइच मार्ग के देबियापुर पुलिस चौकी के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क के दूसरी तरफ जा गिरे। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने उन्हें एंबुलेंस से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पहुंचाया। जहां उपस्थित डाक्टरों ने पत्नी पूनम तथा लड़की लाची को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल पिता का इलाज किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी सदरपुर राकेश कुमार सिंह ने बताया की जानकारी मिली है कि किसी डम्फर से शायद ओवरटेक करते समय हादसा हुआ है अभी उस वाहन का कोई पता नहीं चल सका है। मृतक के परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। वहीं हाउस के बाद मां-बेटी की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। घायल मुकेश की एक ही बेटी थी। जिसकी हादसे में मौत हो गई।

दुर्घटना में बाइकसवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल

हादसे के बाद घटनास्थल पर पड़ी बाइक। अमृत विचार

लहरपुर, अमृत विचार। बिसवां मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खानपुर सादात के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से एक ही बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

बीती बुधवार देर रात दीपक पुत्र रतनलाल 24 वर्ष निवासी पहाड़ापुर लखीमपुर, अनुज पुत्र फूल चंद्र 45 वर्ष निवासी मूरेपुर थाना हरगांव, सुमित पुत्र बाबूराम 20 वर्ष निवासी निराला नगर लखीमपुर खीरी, जो ग्राम पहाड़ापुर से लहरपुर क्षेत्र के ग्राम गिरगिटपुर में तिलक समारोह में नई मोटरसाइकिल देने के लिए बिना हेलमेट लगाए नई बाइक से जा रहे थे, लहरपुर-बिसवां मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खानपुर सादात के सामने पीछे से एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और सूचना एंबुलेंस को दी गई। एंबुलेंस ने घायलों को नजदीकी सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत तीनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अज्ञात कारण से लगी आग 60 बीघा फसल जली

आग से जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

महोली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के खेतों में तेज हवाओं के बीच अचनाक गेहूं की फसल में आग लग गई। तेज हवाओं के चलते आग की भयावह लपटों ने पड़ोसी खेतों को भी अपनी जद में ले लिया। ग्रामीणों ने 112 पुलिस को सूचना देकर फायर ब्रिगेड की मांग की लेकिन वह मौके पर नहीं पहुंच सकी।

हरैंया-फत्तेपुर गांव में गुरुवार की दोपहर गांव के कोमल के खेत में पकी खड़ी गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग की विकराल लपटों ने पास-पड़ोस के खेतों को भी अपनी जद में ले लिया। भीषण आग से कोमल की करीब 3 बीघा, गजराज की करीब 8 बीघा, ऊषा की करीब 6 बीघा, राजेश की करीब 20 बीघा, उमा की करीब 5 बीघा, गंगाराम की करीब 3 बीघा, लक्ष्मण की करीब एक बीघा, होरी लाल की करीब 3 बीघा, किशोरी लाल की करीब 3 बीघा, देवदत्त की करीब 3 बीघा और पूजन की करीब 4 बीघा फसल जलकर नष्ट होने का अनुमान है। आनन-फानन में ग्रामीणों ने यूपी पुलिस 112 पर सूचना देकर फायर ब्रिगेड की मांग की। लेकिन घंटों बीतने के बावजूद फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने किसी तरह ट्रैक्टर से जुताई कर और आग पर मिट्टी उड़ेल कर आग पर काबू पाया। सूचना के बाद मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल अरुणेंद्र भार्गव ने नुकसान का आंकलन किया। तहसीलदार अनिल कुमार ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पीड़ित किसानों को सरकारी मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

वनकर्मी के घर के पास से सरकारी लकड़ी बरामद

थानगांव, सीतापुर

अमृत विचार। वन विभाग के एक कर्मचारी द्वारा बुधवार को ट्रैक्टर-ट्राली में शीशम की सरकारी लकड़ी भरकर उसे निजी स्वार्थ के लिए कुदरत आरा मशीन रेउसा ले जाया गया था। जहां लकड़ी के बोटों पर नम्बरिंग देख लोग भड़क गए और नव विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। जिस पर क्षेत्रीय डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच की, जिसमें सामने आया कि वन विभाग का क्षेत्रीय सहायक चिरैया निवासी सियाराम ने लकड़ी को आरा मशीन पर निजी काम के लिए के लिए भेजा था।

डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह ने दर्जनों की संख्या में शीशम के बेशकीमती बोटे धान के पुआल में छुपाए सियाराम के घर के आसपास से भी बरामद किए हैं। जिस लकड़ी को विभागीय रेंज भेजने के बजाय अपने निजी स्वार्थ के लिए इधर-उधर छुपा कर रखता था। डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह ने बताया कि उक्त क्षेत्रीय सहायक के कब्जे से बरामद कीमती शीशम के बोटे विभागीय रेंज भेजकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं शिक्षक

लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने का संकल्प लेते शिक्षक। अमृत विचार

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से न्याय पंचायत रिसोर्स सेंटर के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदीपुर में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी और मतदान हेतु संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें न्याय पंचायत जीतामऊ के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने भारतीय लोकतंत्र और मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित शिक्षकों ने आगामी लोकसभा चुनाव में स्वयं मतदान करने और दूसरों को इस राष्ट्रीय कार्य के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

मतदाता जागरूकता संगोष्ठी में मौजूद शिक्षकों को संबोधित करते हुए केआरपी अनवर अली ने कहा कि, समाज में शिक्षकों का सम्मान और महत्व है इसलिए शिक्षक मतदान प्रतिशत बढ़ाने में बहुत बड़ी भूमिका निभा सकते हैं, सभी शिक्षकों को इस राष्ट्रीय कार्य में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आगे आना चाहिए। संकुल शिक्षक राजेश कुमार वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, अपना देश संसार का सबसे मजबूत और महान लोकतांत्रिक देश है हम सब को इस पर गर्व है।

शिक्षक जुबेर वारिस एवं रामचन्द्र वर्मा ने वोट के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शिक्षक विशुन कुमार वर्मा, ज्ञान प्रभा देवी, उमेश चन्द्र वर्मा, अजीत कुमार राजवंशी, आलोक कुमार आदि ने भी मतदाता जागरूकता पर चर्चा की और स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी मतदान अवश्य करने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया।

सार-संक्षेप

स्थापना दिवस पर विशेष पूजा कर मंदिर का किया श्रृंगार

स्थापना दिवस पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु व बच्चे। अमृत विचार

लहरपुर। नगर के प्रसिद्ध छोटे बालाजी मंदिर के 12वें स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। नगर के पूरवा बेहटी स्थित प्रसिद्ध छोटे बालाजी मंदिर में बृहस्पतिवार को मंदिर के 12वें स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना कर मंदिर का भव्य श्रृंगार किया गया। प्रात: से ही भारी संख्या में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज की पूजा अर्चना कर अपनी अपनी मनौतियों को पूर्ण करने की कामना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

परती की भूमि पर अवैध कब्जा कर हो रहा निर्माण

महमूदाबाद। ब्लॉक महमूदाबाद अंतर्गत ग्राम दक्षिणपुरवा निवासिनी मधु वर्मा पत्नी नीरज वर्मा ने आरोप लगाया है कि गाँव के ही नरसिंह पुत्र विजुली व मनोज पुत्र नरसिंह द्वारा नवीन परती की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके नींव उठाकर निर्माण करवाया जा रहा है। इस संबंध में मधु वर्मा द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर तीन शिकायतों सहित 3 शिकायती पत्र मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सीतापुर को संबोधित पत्र दिए जा चुके हैं, मधु वर्मा का आरोप यह भी है कि परती की भूमि का कोई पट्टा भी नही है और यदि पट्टा उनके नाम से है तो उन्हें पट्टा के अभिलेख दिखाए जाए अन्यथा हो रहे निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाया जाए और पूरी जांच हो जाने के बाद सही पाए जाने पर ही निर्माण कार्य करवाने का आदेश जारी किया जाए। इस संबंध में जब क्षेत्रीय लेखपाल विनय से बातचीत की गई तो पता चला है कि वे छुट्टी पर हैं और ड्यूटी पर आने के बाद गंभीरता से इस मामले को देखेंगे। बताया जाता है कि थाना सदरपुर की पुलिस ने जाकर निर्माण कार्य रोकवा दिया था, किन्तु उनके जाने के बाद निर्माण कार्य पुन: चालू है। मधु वर्मा ने अवैध निर्माण को रुकवाए जाने की मांग की है।

भक्तिभाव मठिया माता देवी मंदिर पर युवा दुर्गा जागरण समिति के तत्वावधान में निकली झांकी

भजनों पर कलाकारों का नृत्य देख भावविभोर हुए श्रद्धालु

प्रभु के विभिन्न स्वरूपों में कलाकार। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम केशरीगंज स्थित देवी मंदिर पर बुधवार देर रात झांकी नृत्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें रात भर श्रद्धालु भक्तिरस में झूमे।

क्षेत्र के ग्राम केशरीगंज स्थित मठिया माता देवी मंदिर पर बुधवार देर रात युवा दुर्गा जागरण समिति के तत्वावधान में भव्य झांकियों के साथ नृत्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें मास्टर शिवम राज जागरण एंड झांकी ग्रुप पूरनपुर बरेली से आए कलाकारों ने भगवान के विभिन्न स्वरूपों की भव्य झांकियो का मंचन कर झांकियों से संबंधित भजनों पर नृत्य का ऐसा समां बांधा कि उपस्थित श्रद्धालु रात भर झूमते रहे। ज्ञातव्य है कि कलाकारों ने श्री बालाजी, श्री राधाकृष्ण एवं भगवान के विभिन्न स्वरूपों की भव्य झांकियों का मंचन किया और झांकियां पर आधारित भजनों पर कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

कलाकारों ने मयूर नृत्य एवं भगवान भोलेनाथ के तांडव नृत्य का भव्य मंचन किया जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए। सारी रात श्रद्धालु पंडाल में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की झांकियों को देखकर भक्तिरस में झूमते रहे।

प्रत्येक पदाधिकारी करे अथक परिश्रम

कार्यालय पर संचालन समिति की बैठक में चर्चा करते पदाधिकारी। अमृत विचार

दिशा-निर्देश

▸▸ भाजपा जिला कार्यालय पर लोकसभा संचालन समिति की बैठक संपन्न

सीतापुर, अमृत विचार। भाजपा जिला कार्यालय पर लोकसभा संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह व लोकसभा संचालन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे और बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी नीरज सिंह ने लोकसभा संचालन समिति के पदाधिकारियो से वन टू वन बात करके चल रही तैयारी की समीक्षा की एवं पार्टी द्वारा जारी गाइडलाइन के विषय में विस्तार से बताया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि लोकसभा संचालन समिति द्वारा अपना कार्य नियमतः और समय पर किया जा रहा है। बस चुनाव में शेष बचे दिनों में प्रत्येक पदाधिकारी को परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है और पार्टी द्वारा दिए गए कार्यों को बखूबी निभाना है। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्द्दह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

संपादकीय

भारत की मजबूत दावेदारी

बीते कुछ समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता पर सवाल उठे हैं। सुरक्षा परिषद के बारे में कहा जाता है कि वो अपने मौजूदा रूप में पुराना और कम प्रतिनिधित्व वाला संगठन बन गया है। दूसरी ओर भारत का वैश्विक कद बढ़ा है। भारत लंबे समय से विकासशील दुनिया के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की मांग कर रहा है जिसका समर्थन वैश्विक समुदाय भी करता है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्था में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि इसमें 21 वीं सदी की दुनिया को प्रतिबिंबित किया जा सके। एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने कहा कि दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत के पास सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट नहीं है। इसके चलते परिषद बेतुकी है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बुधवार को कहा कि अमेरिका ने सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्थानों में सुधार के लिए समर्थन की पेशकश की है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण से पहले 14 अप्रैल को जारी अपने घोषणापत्र में भाजपा ने कहा हम वैश्विक निर्णय लेने में भारत की स्थिति को ऊपर उठाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2 अप्रैल को कहा था कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता जरूर मिलेगी, क्योंकि दुनिया में यह भावना है कि उसे यह पद मिलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत, जापान, जर्मनी और मिस्र ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र के समक्ष एक प्रस्ताव रखा है और उनका मानना है कि इससे मामला थोड़ा आगे बढ़ेगा। यह एक वैश्विक मंच है, जहां विवादों को निपटाने पर चर्चा होती है। फिलहाल सुरक्षा परिषद में अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और यूनाइटेड किंगडम स्थायी सदस्य हैं। परिषद के 10 अस्थायी सदस्य हैं। भारत फिलहाल अस्थायी सदस्य है। अस्थायी सदस्य जनरल असेंबली द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। सुरक्षा परिषद में जब भी किसी मसले पर फैसला लेना होता है तो उसके लिए 15 में से 9 सदस्यों के वोट की जरूरत होती है। वोटिंग में स्थायी सदस्य काफी अहम होते हैं। अगर कोई भी एक स्थायी सदस्य फैसले से सहमत नहीं होता है तो वो पूरा प्रस्ताव या निर्णय खारिज हो जाता है। स्थायी देशों की इस शक्ति को वीटो पावर कहा जाता है। पिछले कुछ सालों में भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के बिना भी वैश्विक नेतृत्व की भूमिका हासिल कर ली है। अब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समर्थन से भारत के दावे को मजबूती मिली है।

पूर्वोत्तर में बेहतर प्रदर्शन क्यों जरूरी है भाजपा के लिए

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।

पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में आज यानी 19,26 अप्रैल और फिर 9 मई को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। पिछले यानी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 25 में से 19 सीटें जीते मिली थीं।

केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूर्वोत्तर में कैंपेन की कमान संभाली हुई है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिश्चित करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। रैली में हजारों लोगों की तालियों के बीच गृहमंत्री ने सभा में कहा, "हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।"

पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी, जब पूर्वोत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं, बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें है। इसके अलावा मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। वहीं विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का फैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईस्ट पर है। असम में सीएए को लेकर लंबे समय से सियासी उथल-पुथल मची हुई है।

इस बीच एक खबरिया चैनल के मुताबिक 14 लोकसभा सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) की भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों की

11 सीट में बीजेपी 4 से 6 सीट जीत सकती है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं, जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं।

इस बीच पूर्वोत्तर मामलों के जानकार भी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इसका भाजपा को लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15 वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6600 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था।

पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशानिर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। उधर राजधानी में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक अपने घरों से हजारों मील दूर रहने पर भी अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं, अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मई को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। वो प्यारी सी मुस्कान बिखरते हुए बताते हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है, पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गई थी। दिल्ली शर्मसार भी हुई थी। टी.वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईस्ट, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। इसका नानकपुरा में दफ्तर है। इसमें सब अधिकारी और शेष स्टाफ नार्थ ईस्ट से है। बेशक दिल्ली पुलिस की नार्थ ईस्ट यूनिट के गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुई थी। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते हुए डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का उनको लेकर अधिक सेंसटिव होना है। इसके कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। वे नार्थ ईस्ट के नागरिकों से लगातार मिलते भी हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एम.पी. बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेडिट यूनिट पूर्वोत्तर के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने। सरकार ने इस सिफारिश को माना। जाहिर है, तब से दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा भी सामने आया। वर्ना पहले तो दिल्ली पुलिस का मतलब दिल्ली देहात और हरियाणा ही होता था। अब दिल्ली पुलिस में पूर्वोत्तर के सैकड़ों महिला-पुरुष काम कर रहे हैं। बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।

बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है, वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर.के. पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं। यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है, वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर.के. पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं, यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

व्यंग्य

एक अनूठी कला

छेड़खानी भारतीय संस्कृति का गौरवशाली हिस्सा है। हमारे यहां छेड़ने वाले आदरणीय देवता मान लिए गए है। नंदलाल का ही उदाहरण ले लीजिए। पनघट पर जाने वाली कन्याएं प्रतीक्षा करती थी उनकी, मनुहार करती थी। कृपया पधारें। आएं और छेड़े हमें। पानी भरना तो बहाना मात्र है, हमें तो आपसे छिड़ जाने में आनंद आता है। आपका कंकरिया मार हमारी मटकी तोड़ देना, हमारी बैंया मरोड़ कर या हमारे वस्त्र चुराकर आपके कदंब के पेड़ पर चढ़ जाने में जो सुख है वो किसी और बात में हैं नहीं।

छेड़खानी है क्या? छेड़खानी के लिए कम से कम एक लड़की का होना आवश्यक है। भारतीय उपमहाद्वीप में लड़का छेड़ू होता है। प्रायः और लड़कियां छेड़ी जाती हैं। लड़की का ध्यान खींचने के लिए किए गए सारे ही क्रियाकलाप छेड़खानी की परिभाषा में आते हैं। मुंह चलाना या उसे छूने की कोशिश करना भी शामिल है इसमें। ऐसा किया जाना तब तक ही सुरक्षित है जब तक कि खुद कन्या अथवा उसका भाई या बाप इसका बुरा न मानें। इनके बुरा माने जाने का डर ही वो वजह है जिससे हमारे देश में कानून एवं व्यवस्था बनी हुई है।

छेड़खानी दरअसल प्रेम निवेदन का ही पर्याय है। हमारे पुराणों में मत्स्य कन्या सत्यवती का जिक्र है। नदी पार करने के लिए ऋषि पाराशर उसकी नाव में बैठे। उसकी सुंदरता पर रीझे। कन्या को अपनी अभिलाषा सूचित की उन्होंने। वो सरल कन्या ऋषि के निवेदन को ठुकरा नहीं सकी। नदी और नाव की सार्वजनिक उपस्थिति को देखते हुए कोहरे के वितान का इंतजाम भी ऋषि ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत ऋषि ने उसे आजीवन सुगंधित और चिरकुमारी रहने का आशीर्वाद दिया। इस कथा का सार यह कि यदि पुरुष समर्थ है तो छेड़खानी दोनों ही पक्षों को प्रसन्न कर सकती है और इसे आध्यात्मिक क्रिया माना जा सकता है। छेड़खानी कभी वर्जित विषय नहीं रहा हमारे यहां। हमारे पारिवारिक रिश्तों में भी छेड़छाड़ की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। हमारी संस्कृति में भाभी-देवर, जीजा-साली के बीच हंसी-मजाक, छेड़खानी शास्त्र सम्मत मान्य है। होली जैसे पर्व भी इसी मनोवृत्ति को समर्पित है, होली का एक दिन केवल इसीलिए निश्चित किया गया है ताकि जो अभागे संपूर्ण वर्ष इस आनंद से वंचित रहे हैं वो भी अपने मन की भड़ास निकाल लें। इस दिन ससुर और जेठ के देवर हो जाने को अन्यथा नहीं लिया जाता और शायद यही कारण है कि होली हमारा सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहार है। छेड़खानी मनोरंजन हमारा है। हमारी हिंदी फिल्मों को ही देख लें। हिंदी फिल्मों के हीरो आधी फिल्म में हीरोइन को छेड़ता है और बची हुई आधी फिल्म में अपनी बहन को विलेन से छिड़ने में बचाता है। आप समझ नहीं पाते कि जब हीरो और विलेन एक जैसी ही सांस्कृतिक क्रिया में लिप्त हैं तो हीरोइन खुश क्यों होती है और हीरो की बहन क्यों बुरा मान जाती है?

दरअसल छेड़खानी तभी दुस्साहस है जब आपकी नायिका इसे अन्यथा ले। यदि आपकी छेड़खानी उसे भा रही है, तब तो आपकी चांदी है और यदि ऐसा नहीं तो आपको सर मुंडाने के बाद गधे की सवारी भी करना पड़ सकती है। यह तो हुई पुराणों और फिल्मों की बातें। सच बात तो यह कि हर भारतीय पुरुष छेड़खानी की कला में सिद्धहस्त मानता है खुद को। किसी भी कन्या की उपस्थिति मात्र से उनकी आंखें चमकने लगती हैं। हमारे देश में कन्या, कन्या होने भर से छेड़खानी की पात्र हो जाती है। एकांत हो, भीड़ हो, किसी कन्या का दिखना भर पर्याप्त होता है। जब भी ऐसा होता है भारतीय पुरुषों का मन की करने के लिए रोम-रोम तड़पने लगता है।

छेड़खानी का परिणाम पीटा जाना ही हो हर बार, ऐसा भी जरूरी नहीं। छेड़खानी कला है और आप इस कला में पारंगत है तो आप कन्या की प्रशंसा भी प्राप्त कर सकते हैं। देखने दिखाने में ठीक-ठाक हों आप। जेब में भरा हुआ पर्स हो और बातें बनाना आता हो आपको तब तो आप मास्टर हो सकते हैं इस विधा के। मनोविज्ञान का जानकार होना आपको सफल बना सकता है। छेड़खानी यदि शिष्टता पूर्ण है, तमीज की हद में हो। लड़की की प्रशंसा का भाव शामिल हो, उसमें तो मुमकिन है आप अपनी करनी में सफल हो जाए। यदि आपने जीवन में किसी लड़की को छेड़ा नहीं। छेड़ने का प्रयास या विचार नहीं किया तो आपके इस ग्रह के निवासी होने पर बाबत शक होगा मुझे। यदि आपने ऐसा किया है और समस्त विध्न बाधाओं से सुरक्षित रहते हुए किया है, आपके ऐसा करने से लड़कियां प्रसन्न होती हैं तो यकीनन आप आकर्षक सुदर्शन समर्थ और निडर मनुष्य हैं।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

साहित्य चोरी के लिए हटाए गए नार्वे के दो मंत्री

संपन्न उत्तरी यूरोप राष्ट्र नार्वे, एक विकसित राजतंत्र की गत दिनों बड़ी वैश्विक फजीहत हुई। सरकार की दो मंत्री श्रीमती सांद्रा बोर्स जो रिसर्च और उच्च शिक्षा विभाग संभालती हैं तथा स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती इंगविल्ड क्जेर्कोल को बेशर्मी से पद त्याग करना पड़ा। दोनों पर आरोप था कि उन्होंने अपनी थीसिस के लिए दूसरे छात्रों के शोधकार्य से चोरी की। आश्चर्य यह था कि सत्ता और शिक्षा का प्रशासन संभालने वाले सत्तासीन ने ही शैक्षिक तस्करी की। नार्वे की संसद में भी मसला उठा। छात्रों ने गंभीर गुस्सा प्रगट किया।

हालांकि भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है। ठीक जमींदार जैसा जो खेतिहर श्रमिक का शोषण करता है। अब इन महिला मंत्री, वह भी रिसर्च और शिक्षा की, ऐसी ओछी हरकत करें? अक्षम्य ही न है, कठिन दंड की भागी हैं। कई भारतीय विश्वविद्यालय में तो डाक्ट्रेट रिसर्च की थीसिस की चोरी आम बात है। ऐसे चोरी के अभियुक्त साधारण नहीं, ऊंचे लोग भी हैं। विचार कर लें कि साहित्यिक चोरी क्या है? दूसरे के विचारों या शब्दों को अपना मानना, स्रोत को श्रेय दिए बिना उपयोग करना और किसी मौजूदा स्रोत से प्राप्त विचार या उत्पाद को नए और मौलिक के रूप में प्रस्तुत करना।

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प से लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति और वर्तमान डेमोक्रेटिक प्राथमिक उम्मीदवार जो बाइडन तक, साहित्यिक चोरी करते हुए पकड़े गए।

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है।

साहित्यिक चोरी के 'वास्तविक जीवन' में बहुत कम या कोई परिणाम नहीं होते हैं। इसके खिलाफ कोई कानून नहीं है। केवल अपमानजनक टिप्पणी, नकारात्मक और शर्म ही है, लेकिन शिक्षा जगत में अमूमन ऐसा नहीं होता है। साहित्यिक चोरी के परिणाम, जो शैक्षणिक नैतिकता का उल्लंघन है, गंभीर सजा हो सकती है जिसमें कक्षाओं में असफल होना और डिग्री रद करना शामिल है। उदाहरण के लिए साहित्यिक चोरी के आरोप लगने के बाद एक कनाडाई शिक्षक को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा, उसकी पीएचडी रद कर दी गई। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में नौकरी के लिए नामित एक व्यक्ति ने उस समय अपना नाम वापस ले लिया जब उसकी पीएचडी थीसिस में साहित्यिक चोरी का पता चला।

यहां मेरा अभिप्राय भी मेरे कई लेखों की निंदनीय चोरी से है। यह एक अति गंभीर बौद्धिक तथा शैक्षणिक गुनाह है। इसके वर्गीकृत अपराध हैं : हार्वर्ड के 2006 में एक स्नातक ने एक पुस्तक प्रकाशित की जो 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की सर्वाधिक पठनीय वाली सूची में काफी ऊपर आ गई। मगर जब पता चला कि उसके कई हिस्से दूसरी पुस्तकों से चुराए गए हैं तब वह लेखिका गुमनामी के अंधेरे में खो गई। ऐसा सिर्फ पत्रकारों के साथ नहीं है। भविष्य में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में देखे जाने वाले अमेरिका के एक उभरते हुए सासंद ने मूर्खता के कारण अपने सारे अवसर खो दिए। उन्होंने बराक ओबामा के भाषण को अपना बताकर दर्शकों के सामने हूबहू दोहरा दिया।

मेरे निजी अनुभव में एक बड़ी विकराल दगाबाजी हो गई, गाजियाबाद की एक पत्रिका के संपादक ने मेरा लेख हूबहू शतप्रतिशत जैसा था छाप दिया। बस मेरा नाम काटकर अपना नाम लिख मारा। फोन पर जब मैंने बहुत डांटा और चोरी के जुर्म में लखनऊ पुलिस को भेजने की चेतावनी दी तो पहले तो प्रमाण मांगने लगे। बाद में डरकर माफी मांगने लगे। मेरा लेख था मंदिर और मजार बनाकर फुटपाथ कब्जियाना। लखनऊ सचिवालय के ठीक सामने बापू भवन के फाटक पर एक गैर कानूनी मंदिर बन गया था। मैंने पुलिस द्वारा उसे तुड़वाया, क्योंकि यातायात बाधित हो रहा था। फिर मैंने पत्रिका के संपादक का प्रमाण दिया। मैंने लिखा कि मुख्यमंत्री के सचिव नृपेन्द्र मिश्रा (आईएएस) ने मंदिर तुड़वाने हेतु मेरी शिकायत पर सहायता की थी। पत्रिका के संपादक डर गए कि नृपेन्द्र मिश्र उन्हें जानते ही नहीं। मदद की बात तो हुई नहीं। फिर उनका यह लेख कैसे हुआ? बिजनौर के पत्रकार ने मेरी सहायता की थी। अंततः संपादक जी ने बेहतर समझ कि मुझसे माफी मांग ली। वर्ना हर सप्ताह उन्हें लखनऊ अदालत में आना पड़ता।

सोशल फोरम

चार कंधे भी मिलने मुश्किल

हृदय बहुत व्यथित है। रोज किसी न किसी परिजन या परिचित की इस फानी दुनिया से कूच कर जाने की मनहूस खबर मिलती है। अफसोस का बड़ा मुद्दा यह भी है कि विदाई देने वालों की संख्या सीमित खुद-ब-खुद सीमित हो गई है। हरेक की कोई न कोई मजबूरी भी है। और हम भी अस्थमा के कारण विदाई देने वाली सीमित संख्या का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं। कई लोग तो खबर भी नहीं कर रहे हैं। सोचते हैं बताने से फायदा ही क्या? बंदा आ तो पाएगा नहीं। और अगर आ भी गया तो इस भीषण गर्मी में उसे संभालना भी पड़ेगा।

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

चौहत्तर प्लस हो चुका है। नाना प्रकार की व्याधियों से पीड़ित है। उसे कुछ हो गया तो ये तय करना मुश्किल हो जाएगा कि किस वजह से मरा। सच तो ये है कि डर तो हमें भी लगता है। पहले तो हम जरा सी जान-पहचान वाले को भी विदा करने चले जाते थे। पत्नी उलाहना दिया करती थी, कुछ ज्यादा ही सामाजिक हो चले हो। हम कहते थे, नहीं जाएंगे तो हमारी बारी में कौन जाएगा? वो पलटवार करती थी, जब सभी संगी-साथी चले जा रहे हैं तो तुम्हारे साथ जाएगा कौन? आज हम सोचते हैं, पत्नी सही कहती है। सब तो जा रहे हैं। दस लोग जुटने भी मुश्किल हो चले हैं और अगर ये सिलसिला आगे भी जारी रहा तो कंधा देने के लिए चार जरूरी बंदे भी नहीं मिलेंगे। हो सकता है वो दिन भी आए कि नगर निगम की तरफ से लाश ढोने वाली गाड़ी आए, निर्जीव शरीर लाद ले जाए और अगले फेरे में एक पोटली में राख समेट कर दे दे, अपनी फुरसत से नदी में बहा देना।

हमें तो वो जमाना याद आता है जब आवागमन के साधन सीमित थे। हमारे पुश्तैनी शहर मियांवाली (अब पाकिस्तान में) से साल दो साल बाद सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार के लिए एक कारवां चलता था, सबके हाथों में अपने-अपने परिजनों की अस्थियों पोटलियों में बंधी होती थीं। कुछ के हाथ में ज्यादा पोटलियां होती थीं। ये उनकी होती थीं जिनके वारिसान सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार का लंबा सफर करने में अक्षम होते थे। वो जाने वाले से गुजारिश करते थे - भाई, मेरे बाऊजी जी की अस्थियां भी गंगा मैया में बहा देना। वर्तमान व्यस्त हालात देखकर ख्याल आता है, क्या वो युग वापस आने वाला है?

-फेसबुक वॉल से

शिक्षा और परीक्षा

हम सभी जानते हैं कि साहित्य सौंदर्य बोधात्मक विषय है। वह सौंदर्य किसी भी क्षेत्र का हो सकता है। प्रकृति का, मानव का, चरित्र का, भाव का, कला का इत्यादि। सौंदर्य की खासियत यह है कि वह मनुष्य को डुबाकर अपने रंग में रंग देता है। सौंदर्य-नद में स्नान किया हुआ व्यक्ति अपने को पावन महसूस करता है। उसके भीतर अनायास ही एक सकारात्मक रूपांतरण की घटना घटने की पृष्ठभूमि तैयार हो जाती है और कई लोग रूपांतरित भी हो जाते हैं। साहित्य में विचार भी घुले-मिले होते हैं। विचार सुंदर भी हो सकते हैं और कुरूप भी, विचार प्रगतिशील भी हो सकते हैं और पतनशील भी, जो साहित्य प्रतिगामी विचारों को लेकर चलता है, उसे ही घटिया साहित्य कहा जाता है। इसी तरह सौंदर्य भी मनुष्य को शाश्वत शांति की ओर ले जाने वाला और अशांति पैदा करने वाला भी हो सकता है। साहित्य की समीक्षा में यह देखना होता है कि वर्णित सौंदर्य हमें किस दिशा में ले जा रहा है या ले जा सकता है, जो समीक्षा इस दृष्टि से विश्लेषण न कर सके, वह सार्थक नहीं कही जा सकती।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिंदी आलोचना की सबसे बड़ी कमी यह है कि उसका ध्यान साहित्य के सौंदर्योद्घाटन पर नहीं है। वह मुख्य रूप से विचार पर आधारित होती है, जबकि साहित्य मुख्य रूप से सौंदर्य पर आधारित होता है। ऐसी आलोचना को साहित्यालोचन कैसे कह सकते हैं? आचार्य शुक्ल ने तुलसीदास, सूरदास आदि पर पुस्तकें लिखकर जिस आलोचना की नींव डाली थी, वह सौंदर्योद्घाटन पर आधारित थी। उसका विकास किया जाना चाहिए, लेकिन अफसोस कि शुक्ल जी से आगे इस दिशा में समीक्षा नहीं बढ़ सकी। जिस तरह साहित्य की शुष्क समीक्षा लिखी जा रही है। उसी तरह उसका अध्यापन भी शुष्क होता चला गया। मैंने अनेक अच्छे शिक्षकों से पढ़ा है, लेकिन काव्य पढ़ाने का जो ढंग गुरुवर कविवर केदारनाथ सिंह का पास था, वह अन्यत्र दुर्लभ था, उनकी कक्षा में रसधार बहती थी। खासकर निराला की "राम की शक्ति पूजा" और "सरोज स्मृति" पढ़ाते समय ऐसा समां बंधता था कि विद्यार्थी सुध-बुध खोकर उनके साथ बहे चले जाते थे। वह साहित्य की शुष्क समीक्षा नहीं थी, वे सौंदर्य की गहराई में उतरते थे और अपने सहृदय विद्यार्थियों को उसमें बहा ले जाते थे।

बहुत समय पहले की बात है। पटना के गांधी मैदानमें विशाल पंडाल लगा था। वहां मोरारी बापू का रामचरित मानस पर प्रवचन चल रहा था। उन्होंने गायकों और वाद्ययंत्रों की सहायता से वीर रस को साकार कर दिया। कक्षा में वीर रस की कविताओं को समझाने के क्रम में यह कहना कि इसमें कठोर और द्वित्व वर्णों का समायोजन होता है। एक बात और है उसे सही कंठ और वाद्ययंत्रों से जीवंत कर देना कितनी अलग बात है। मुझे साहित्य के अध्यापन का सूत्र वहां मिला। हमारे शिक्षक बंधु तुरंत बोल उठेंगे कि कक्षा में यह कैसे संभव है? इस सड़े सिस्टम में तो सचमुच संभव नहीं है। मैं तो इस प्रणाली से बाहर की बात कर रहा हूं। इस प्रणाली में तो लिखित परीक्षा लेकर कागज पर अस्सी प्रतिशत और उससे भी अधिक अंक दे दिए जाते हैं। कागज का वह टुकड़ा हमें खुशियों से भर देता है कि अब हमें नौकरी मिल सकती है। क्या इसी बात के लिए साहित्य बना है? हमारा कोई परिष्कार नहीं हुआ। हमारे उदात्त भाव नहीं जगे, बल्कि कुछ उल्टा ही हुआ। हमारे अंदर अनेक तरह की विकृतियां आ गईं। साहित्य हमने डूबकर पढ़ा और समझा है, इसकी परीक्षा जीवन के दैनंदिन क्रियाकलापों में होनी चाहिए या परीक्षा भवन में कागज के पन्नों पर? द्रोणाचार्य ने धनुर्विद्या की परीक्षा कक्षा में कागज पर न लेकर पेड़ पर एक नकली चिड़िया रखकर ली थी। विद्यार्थियों के हाथ में कागज और कलम नहीं, धनुष और बाण थे। इसे कहते हैं शिक्षा और परीक्षा।

संघर्षों की विरासत को आगे बढ़ाएं

मई दिवस अमर रहे, दुनिया के मेहनतकशों एक हो। पूरी दुनिया की मेहनतकश जनता एक मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाती आई है, हमारे देश में भी 1923 से मजदूर दिवस मनाया जाता रहा है।

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है। पूंजीवाद का विरोध और समाजवाद की स्थापना के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाना मेहनतकश वर्ग का मूल उद्देश्य है। वैसे तो काम के घंटे तय करने की लड़ाई के लिए लड़े गए इस संघर्ष को बढ़ाने का काम तेजी से आगे बढ़ा है। किंतु पिछले कुछ सालों की पूंजीवादी सोच को बढ़ाने वाली सत्ता और उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी, भुखमरी, महंगाई और अमीरी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियां किसी से छिपी नहीं हैं। सौ वर्ष पहले हासिल काम के घंटे के अधिकार को समाप्त करने, स्थाई रोजगार के बदले ठेका/संविदा प्रथा, अग्निवीर, शिक्षामित्र, बैंक मित्र, लेबर कोड लागू करने, एकतरफा छटंनी, तालाबंदी, जबरन हो रहे वीआरएस से आम जनता त्रस्त हुई है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस बार मई दिवस एक बार फिर मेहनत कश जनता को पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ लामबंद होने और क्रांतिकारी संघर्ष को पुरजोर तरीके से आगे बढ़ाने का समय है। आइए अपनी क्रांतिकारी संघर्षों की विरासत को इस मई दिवस पर और आगे बढ़ाएं।

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में

एक नजर

मजदूर की भट्टे पर मौत हत्या का आरोप

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिसाल खेड़ा मजरे बन्नावा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब विगत दो माह पूर्व मथुरा भट्टे पर काम करने गए एक युवक की लाश उसके घर पहुंची। मृतक संजय दो माह पूर्व मथुरा भट्टे पर काम करने गया था। परिवारीजनों का कहना है कि संजय को गांव के ही श्रीकृष्ण दो माह पूर्व मथुरा भट्टे पर काम करने के लिए ले गए थे। वहीं परिवारीजनों ने भट्ठा मालिक से लेनदेन के भी विवाद की आशंका जताते हुए भट्ठा मालिक पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस बाबत प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि युवक की मौत के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा गांव निवासी प्रेम नारायण अपने घर से रेल कोच फैक्ट्री में ड्यूटी करने के लिए निकला था, तभी अंसतुलित होकर वह बाइक से गांव के ही किनारे सड़क में हो गए गड्ढे में गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां मौजूद राहगीरों ने उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल में रेफर कर दिया है।

30 घरों की गृहस्थी सहित 90 बीघा फसल राख

अलग-अलग क्षेत्रों में तेज हवाओं ने आग को बनाया विकराल, शादी वाले घर में मचा तांडव

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। तेज हवाओं के साथ ग्रामीणों अंचलो में चूल्हे की चिंगारी ने आग का विकराल रूप दिखाया है। हवाओं के साथ लगी आग ने देखते ही देखते जिले के अलग अलग क्षेत्रों में गृहस्थी के सामानों सहित किसानों की सैकड़ों बीघा फसलों को जलाकर खाक कर दिया है। आग के रौद्र रूप से ग्रामीणों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। लोग घरों से जरुरी सामान को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की जद्दोजहद करते रहे। शादी वाले घर में आग लगने ने शादी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। इस भीषण आग के चलते बेटी की बारात भी अब हालात को देखते हुए रोक दी गई। गुरुवार को हुए अग्निकांडों में करीब 15 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर खाक हो गई। प्रशासिक अफसरों ने पीड़ितों के नुकसान का आंकलन कर आर्थिक सहायता दिलाये जाने का आश्वाशन दिया है।

थानगांव थाना इलाके के ग्राम पंचायत बेलौता के मजरा गोड़ियनपुरवा गांव में गैस सिलेंडर में रिसाव होने के कारण आग अचानक शादी वाले घर में आग लग गई। आग लगने के दौरान गैस सिलेंडर पर बारात को लेकर पकवानों को बनाया जा रहा था। देखते ही देखते आग की लपटों ने एक विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों में गांव के ही दिनेश, प्रहलाद, राम लखन, पैकरमा, गयादीन, धनीराम, जीवन बाबू आदि लोंगो के घर जलकर राख हो गए। जिनमें घर गृहस्थी का सामान, अनाज, कपड़े, बर्तन, नगदी सहित घर का सारा सामान जल गया। बताया जाता है कि दिनेश की बेटी साध्वी की गुरुवार को घर पर बारात आनी थी। जिसके आने से पहले ही शादी का सामान व नगदी जलकर बर्बाद हो गया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना फायरकर्मियों को देकर कड़ी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने इस आगजनी में करीब दस लाख रुपए की संपत्ति जलकर नष्ट होने की आशंका जताई जताई है। वहीं गोड़ियनपुरवा के महेश का पांच बीघा गेहूं जलकर खाक हो गया। भीषण अग्निकांड की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे तहसील प्रशासन के कर्मचारियों ने नुकसान का आंकलन कर जल्द पीड़ितों को सहायता राशि प्रदान कराने का आश्वाशन दिया। तहसीलदार ने बताया गया कि पीड़ितों को कंबल तिरपाल सहित आदि चीजों का वितरण कर दिया गया है। भोजन की भी व्यवस्था भी कराई जाएगी।

बरात वाले घर में खाना बनाते समय लगी आग के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व पीड़ित। भीषण आग पर पानी की बौछारे से काबू पाने का प्रयास करते फायरकर्मी अमृत विचार

रामपुरमथुरा में आगजनी में जले 21 घर

रामपुरमथुरा। विकासखंड इलाके के पठानन पुरवा गांव मजरा छतौनी में गुरुवार दोपहर अचानक गांव में आग लग गई। आग की लपटों में गांव के करीब 21 घर जल जाने से ग्रामीणों का लाखों रुपयों की नगदी समेत घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

गांव के राकेश पुत्र बनवारी लाल के घर के लगभग सभी लोग गांव से दूर खेत में गेहूं काटने गए थे। सुबह खाना बनाने के बाद चूल्हे की आग बुझाकर सभी खेतों में चले गए थे। लेकिन किन्हीं कारणवश चिंगारी ने आग का विकराल रूप धारण कर लिया। गांव में लगभग 21 घर जलकर राख हो गए। ग्रामीण बनवारी लाल ने बताया कि घर की छत डलवाने के लिए रखे 40 हजार की नगदी सहित एक सोने की कील घर में रखी हुई थी। जो कि घर में आग लगने से घर का अन्य सामान भी जलकर राख हो गया। राजेंद्र ने बताया कि दुकान में लगभग 2 लाख रुपए का सामान भरा था। जो आग लगने से जल गया है। पीड़ित ओम प्रकाश ने बताया कि घर बनवाने के लिए मेंथा का 40 किलो तेल घर में रखा था तथा 50 हजार नगद छत डलवाने के लिए रखे थे। आग लगने से तेल के साथ घर सारा सामान जल गया। मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी गई। सेउता विधायक ज्ञान तिवारी, तहसीलदार, लेखपाल, पुलिस समेत कई अन्य अधिकारियों ने सभी पीड़ित परिवारों की मौके पर मदद करते हुए सम्बन्धित विभाग से सहायता दिलाए जाने की बात कही।

तार टूटकर गिरने से जली 4 बीघा गेहूं की फसल

आग लगने के बाद खेतों से गायब गेहूं की फसल। अमृत विचार

लहरपुर, अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम नया गांव बेहटी स्थित सरकारी नलकूप के निकट गेंहू के खेत मे बिजली का तार टूट कर गिरने से अचानक खेतों में आग लग गई।

राजेन्द्र पुत्र मुल्लू निवासी मोहल्ला गन्नी टोला ने 9 बीघा खेत इकरार अली व मस्तूर अली से ठेके पर लेकर गेहूं बोया था। बताया जाता है कि बुधवार देर रात सरकारी नलकूप के निकट खेत में बिजली का तार अचानक टूट कर गिर गया। जिसमें लगभग 4 बीघा गेंहू की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। इस संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल पवन यादव ने बताया कि नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट बना कर भेजी जा रही है, जल्द ही मुआवजा दिलाया जाएगा।

सेउता में दुकान के छप्पर में लगी आग

सेउता। थाना रेउसा इलाके में अज्ञात कारणों के चलते छप्पर में आग लग गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हवाओं के चलते ग्रामीणों को आग पर काबू पाने के लिए कड़ी जद्दोजहद करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम कोढ़ीपरवा मजरा सेउता में गुरुवार दोपहर तेज हवाओं से बचने के लिए गांव के लोग घरो में महफूज थे। इस दौरान अचानक अज्ञात कारणो के चलते रामनाथ पुत्र अंगने की दरवाजे पर लकड़ी के खोखे पर रखा छप्पर जलने लगा। आग को देखकर परिवार वाले किसी प्रकार खोखे मे रखा सामान निकाल लिया। हवा इतनी तेज थी कि चंद मिनटों में ही खोखे पर रखा छप्पर जल कर राख हो गया। पीड़ित रामनाथ के घर 20 अप्रैल को शादी होनी है।

नींद आने पर पेड़ से टकराया ट्रक क्लीनर की मौत, चालक घायल

दुर्घटना

- कन्नौज का रहने वाला था मृतक, ड्राइवर का जिला अस्पताल में इलाज जारी
- रामकोट चीनी मिल जा रहा था ट्रक, हादसे में ट्रक के उड़े परखच्चे

संवाददाता, महोली/सीतापुर

अमृत विचार। कोतवाली इलाके में खाली ट्रक लेकर रामकोट चीनी मिल जा रहे ड्राइवर को नींद आने से ट्रक सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकरा गया। हादसे में ट्रक क्लीनर की दर्दनाक मौत हो गई जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा दोनों को जिला अस्पताल भेजा। जहां क्लीनर को मृत घोषित करते हुए ड्राइवर का इलाज जारी है। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू की है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के महोली-मिश्रिख मार्ग पर वजीरनगर के समीप सड़क हादसे में चीख पुकार मच गई। पाताबोझ चैकी प्रभारी रजनीश कुमार वर्मा ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे महोली कोतवाली क्षेत्र के चठिया गांव का निवासी शुभम कुमार (28) अपने क्लीनर अमन दुबई (27) पुत्र सर्वेश कुमार निवासी ग्राम अकबरपुर थाना छिबरामऊ, जिला कन्नौज के साथ ट्रक लेकर रामकोट स्थित चीनी मिल जा रहा था।

रास्ते में चालक को नींद आने से ट्रक अनियंत्रित हो गया और पाताबोझ- गुजरापुर गांव के निकट सड़क के दाहिनी ओर खड़े पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक के केबिन के परखच्चे उड़ गए। इस दौरान क्लीनर अमन की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां डॉक्टर ने अमन को मृत घोषित कर दिया जबकि शुभम का इलाज जारी है। मृतक के परिजनों को सूचना देकर पंचनामा किया गया है। इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

सड़क हादसे में पेड़ से टकराया क्षतिग्रस्त ट्रक। अमृत विचार

भाजपा प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

सीतापुर, अमृत विचार। गुरुवार को चौथे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया का दौर शुरू हो गया। डीएम न्यायालय में पहले दिन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक पर्चा खरीदने वालों की गहमा-गहमी रही। 15 लोगों ने लोकसभा चुनाव के लिए पर्चा खरीदा। जबकि भाजपा से सीतापुर के प्रत्याशी राजेश वर्मा ने नामांकन का सेट दाखिल किया। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, चंचल श्रीवात्सव व अन्य दो लोग मौजूद रहे। नामांकन को लेकर सुबह से ही कलेक्ट्रेट परिसर में पर्चा खरीदने वालों का आवागमन शुरू हो गया था।

डीएम अनुज सिंह ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था कराई गई है। प्रत्याशी के साथ ज्यादा भीड़ अंदर नहीं जा सकेगी। केवल प्रस्तावक ही अंदर जायेंगे। हमने 100 मीटर का दायरा बनाया है, जिसमें एक प्रत्याशी की तीन गाड़ियां ही अंदर जा सकेंगी। वहीं नामांकन दाखिल करने आये भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राजेश वर्मा ने मीडिया से बात करते हुये बताया कि उन्होंने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। चार लाख पार के सवाल पर बोले कि पहले सभी प्रत्याशियों को मैदान में आ जाने दीजिए, उसके बाद ही कुछ कह सकते हैं। फिर उन्होंने कहा कि इसका फैसला जनता करेगी।

अपना नामांकन पत्र दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला। अमृत विचार

मीडियाकर्मियों से पास मांगते रहे सीओ लहरपुर

इस बार पिछले चुनाव की तरह अलग तरह की पाबंदियां दिखाई दीं। 2019 के चुनाव में जहां मीडिया ने नामांकन स्थल डीएम न्यायालय तक जाकर कवरेज की थी। वहीं इस बार उन्हें मीडिया सेंटर तक ही महदूद कर दिया गया। यही नहीं नामांकन स्थल तो छोड़िये मीडियाकर्मियों को जिलाधिकारी गेट से महज बीस कदम दूर मीडिया सेंटर जाने के लिए जददोजहद करनी पड़ी। माइक आईडी व पहचान बताने के बाद भी सीओ लहरपुर सुशील कुमार यादव मीडियाकर्मियों से पास मांगते रहे। ऐसे में पुलिस की बेवजह की रोकटोक से मीडियाकर्मियों में नाराजगी दिखाई दी। जबकि बता दें कि मीडियाकर्मियों को कोई भी पास जिला प्रशासन की तरह से जारी नहीं किये गये हैं। नामांकन स्थल की तरफ जाने वाले रास्तों को बेरिकेटिंग लगाकर पूरी तरह से बंद कर दिया गया।

25 अप्रैल तक होंगे नामांकन

नामांकन प्रक्रिया गुरूवार 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चलेगी। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी और 29 अप्रैल को प्रत्याशी लोकसभा से अपनी उम्मीदवारी वापस ले सकेंगे।

सार-संक्षेप

तमंचे के साथ फोटो डालने वाला गिरफ्तार

सिधौली/सीतापुर, अमृत विचार। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो डालकर दबंगई दिखाने का प्रयास कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस तरह से सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ अपनी फोटो पोस्ट करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि एक दिन पहले एक युवक की सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल हुई थी। जिसे आज दिन गुरुवार को ग्राम गंधौली के पास से कस्बा इंचार्ज शशांक पांडेय, उपनिरीक्षक उमाशंकर यादव, आरक्षी संदीप कुमार व धर्मेन्द्र यादव ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच करने पर युवक की पहचान मुमताज खान पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम मुकीमपुर थाना कोतवाली सिधौली के रूप में हुई। युवक को गिरफ्तार उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवक के पास एक 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस मिली है। आरोपी युवक के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सड़क किनारे नाले में घुसा मौरंग लदा डम्फर

नाले में घुसा डंपर। अमृत विचार

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। नगर के कोतवाली रोड स्थित पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा के आवास के निकट देर रात्रि में एक मौरंग लदा डंपर अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरा, हालांकि नाले में जाकर गिरे डंपर में मौजूद ड्राइवर व क्लीनर को कोई चोट नहीं पहुंची और गनीमत यह रही कि बगल में बना मकान डंपर की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। फिलहाल इस मामले में कोई भी अप्रिय घटना नहीं घटी है। हालांकि कुछ नागरिकों का कहना है कि सड़क के बाद फुटपाथ के लिए जगह छोड़ी जाती है, लेकिन बढ़ाकर बनाए गए मकानों के कारण फुटपाथ की जगह ही नहीं बची है इसलिए सड़क से सटाकर नाले का निर्माण कर दिया गया है। जिस वजह से यह घटना घटी है।

वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना के लिए करें मतदान

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार। 2024 में होने वाला आम चुनाव आम मतदाता के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है कि वह देश में वास्तविक लोकतन्त्र की स्थापना एवं संविधान बचाने के लिए मतदान करे। यह बात लोकतान्त्रिक राष्ट्रनिर्माण अभियान व जनमुक्ति संघर्ष वाहिनी द्वारा जारी एक राष्ट्रव्यापी अपील में कही गई है। उक्त अपील के बारे में चर्चा करते हुए लोकतान्त्रिक राष्ट्रनिर्माण अभियान एवं जनमुक्ति संघर्ष वाहिनी, सीतापुर के संयोजक अनुराग आग्नेय ने बताया कि मतदाता ही लोकतंत्र के भाग्य विधाता हैं। उन्हें बिना डर और लालच के सोच समझकर वोट डालना है। आज लोकतंत्र और हमारा पूरा समाज संकट में है। शासन साम्प्रदायिक और पूँजीपरस्त ताकतों के सहारे दिन-ब-दिन निरंकुश होता जा रहा है। राजनैतिक दल समाज को बांट रहे है। समाज का तानाबाना उधड़ रहा है। मेहनतकश, मासूम और ईमानदार लोगों की जिन्दगी से खेला जा रहा है। झूठ, लूट, नफरत, द्वेष और उन्माद का जहर घोल रहा है। हर दिन संविधान के उल्लंघन, नागरिक अधिकारों के हनन तथा शोषित, वंचित, बहुजनों और आंदोलनकारियों पर दमन की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील कि वे अपने मत का उपयोग सोच समझकर दूरगामी परिवर्तन के लिए करें।

भाजपा नेता ने बूथों का किया दौरान

लालगंज, रायबरेली। भाजपा के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने पार्टी को जिताने के बाबत कई बूथों का दौरा किया और लोगों से रायबरेली में भी भाजपा का कमल खिलाने का आह्वान किया। उन्होंने गौरा रुपई के जनता बाजार, बहाई और सोंडासी के बाजपेई पुर पहुंचकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस मौके पर डा चंद्र प्रताप सिंह, विकास कुमार, हरिशंकर गुप्ता, अभिषेक शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दो सदस्यीय टीम करेगी झोलाछाप डॉक्टर की जांच

लालगंज, रायबरेली। बिना किसी डिग्री के एक महिला की आंत का ऑपरेशन और उसे दवा लिखने के मामले की जांच शुरू हो गई है। मामले की जांच नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे और लालगंज चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश गौतम को सौंपी गई है। डॉ राजेश गौतम का कहना है कि जांच चल रही है। महिला को इलाज करने के नाम पर ठगा गया है।

उससे लालगंज नगर के तथाकथित डा पंकज ने इलाज के नाम पर हजारों रुपये ले लिया है और अभी उससे रुपए मांग रहा है। पंकज के खिलाफ पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं। इसके बावजूद वह दवा इलाज करने से बाज नहीं आ रहा है। इस मामले में भी महिला को लिखी गई दवा में उसी की हैंडराइटिंग का पर्चा है। भले ही किसी दूसरे डॉक्टर ने ऑपरेशन किया हो। बिना डिग्री धारी व्यक्ति मरीज को दवा नहीं लिख सकता है।

बताते चले कि सराय कुर्मी निवासी लक्ष्मन रैदास ने स्वास्थ्य विभाग और लालगंज पुलिस से शिकायत करते हुए बताया था कि सूदन खेड़ा साकेत नगर लालगंज में प्राइवेट क्लीनिक चलाने वाले डा पंकज ने उसकी पुत्री अलका का आंत का ऑपरेशन किया और हजारों रुपया इलाज के बाबत ले लिया है, लेकिन उसके पुत्री की हालत अभी ठीक नहीं है। अब डा पंकज फिर से ऑपरेशन के लिए रुपया मांग रहा है जबकि पहले उसने कहा था कि इन रुपयों में ही ऑपरेशन हो जाएगा और तुम्हारी पुत्री बिल्कुल चंगी हो जाएगी।

पीड़ित लक्ष्मन रैदास ने बताया कि गांव की आशा बहू बिटूला ने उसे बरगला कर डा पंकज के यहां इलाज कराने के बाबत सलाह दी थी। डॉ पंकज क्लीनिक चलाता है। कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग ने उसका फर्जी नर्सिंग होम बंद नहीं कराया है।

मारपीट का मुकदमा दर्ज मेडिकल के लिए भेजा

सलोन, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र में दबंगो पर कानून का असर नही दिखाई दे रहा है। बीती रात निमन्त्रण से गई दो सगी बहनों के ऊपर चार लोगों ने हमला बोल दिया। सुबह कोतवाली पहुंची पीड़ित महिला ने अभियुक्तो के विरुद्ध पुलिस को तहरीर सौंपा।

कोतवाली क्षेत्र के रोहनिया अन्तरी गांव की रहने वाली सीता देवी पत्नी सुभाष यादव अपनी बहन गीता पत्नी प्रशांत के साथ 17 अप्रैल को निमंत्रण से गई हुई थी। आरोप है कि विपक्षी जय सिंह, जगुनाथ, मान सिंह और हंसराज पुरानी रंजिस को लेकर हमला बोल दिया। वही घण्टो चले मारपीट में महिला सीता देवी गम्भीर रुप से घायल हो गई। जबकि उसकी बहन गीता को भी चोट आई है। बुधवार सुबह कोतवाली पहुंची पीड़ित महिला की तहरीर लेकर चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया महिला कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

आयोजन राज्यमंत्री ने कीर्तन कलाकारों का किया उत्साह वर्धन, जवाबी कीर्तन एवं रात्रि जागरण में झूमे श्रद्धालु

रात भर चला बेहतरीन जवाबी-कीर्तन का महासंगम

- सचदेवा ने कहा- अब मुख में मीठी जुबानी कौन रखता है

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। चैत्र नवरात्र एवं राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में क्षेत्र के शिवगढ़ नगर पंचायत अंतर्गत पूरे पाण्डेय स्थित अवधेश्वर महादेव मन्दिर व रामजानकी मन्दिर एवं ठाकुर द्वारा परिसर में गत वर्षों की भांति नवें जवाबी-कीर्तन एवं जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें कानपुर के कीर्तन कलाकार सचदेवा शरारती व उरई जालौन के कीर्तन कलाकार अजय के मध्य रातभर कटपीस एवं बेहतरीन ज्ञानवर्धक कीर्तन का महासंगम चलता रहा।

दोनो कीर्तन कलाकारों ने ज्ञानवर्धक कीर्तन गाकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।वहीं श्रोता रातभर तालियां बजाकर कीर्तन कलाकारों का उत्साह वर्धन करते नजर आए। सचदेवा शरारती के गीत 'अब मुख में मीठी जुबानी कौन रखता है, पक्षियों के लिए पानी कौन रखता है, हमीं संभाले रहे गिरती दीवार को, वरना सलीखे से बुजुर्गों की निशानी कौन रखता है' पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। प्रातःकाल निर्णायक मण्डल के पूर्व प्रधान नन्द किशोर तिवारी, राजकुमार शुक्ला, रामाकिशंकर शुक्ला, अमित अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा द्वारा दोनों कीर्तन कलाकारों को बराबरी की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। जवाबी-कीर्तन एवं जागरण का शुभारम्भ कार्यक्रम के आयोजक रमेश प्रकाश मिश्रा, व्यवस्थापक अंकुर मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। राम जन्मोत्सव एवं मातारानी के जागरण में पहुंचे स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, हैदरगढ़ चेयरमैन आलोक तिवारी, गोविंद नारायण शुक्ला, किरन तिवारी ने मन्दिर में माथा टेककर क्षेत्र वासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना मांगी।

कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को व्यवस्थापक अंकुर मिश्रा ने माला पहनकर एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर बीके शुक्ला, शिवा वर्मा, राजेंद्र प्रकाश मिश्रा, पवन शुक्ला, राकेश प्रकाश मिश्रा, धर्म प्रकाश मिश्रा, शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल, शिव मोहन सिंह, काशीदीन, रिंकू सिंह, प्रशांत मिश्रा, जयप्रकाश, अजय वर्मा, दिनेश शुक्ला, योगेश, चंद्रेश सिंह, रामकिशोर मौर्य, पंकज मिश्रा, रजत मिश्रा, प्रांजुल, प्रियांशु, पंकज दीक्षित सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

जवाबी-कीर्तन करते कलाकार।

कार्यक्रम में मौजूद राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, अन्य।

चिलचिलाती धूप में स्कूल से घर जाते हैं बच्चे

सरेनी, रायबरेली। मौसम के गर्म तेवर देख अभिभावकों की भी त्यौरियां चढ़ने लगी हैं। क्षेत्र के अभिभावकों ने छोटे बच्चों को विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग शुरू कर दी है। गौरतलब है कि क्षेत्र में नन्हें-मुन्ने बच्चों के विद्यालय सुबह खुल रहे हैं, किन्तु बंद होने का समय अपरान्ह दो बजे है। इससे गर्मी व उमस में लू के थपेड़े खाते हुए जब बच्चे घर पहुंचते हैं तो उनकी माताएं अपने बच्चों का चेहरा देखकर ही परेशान हो जाती हैं। हसनापुर के सज्जन बाजपेयी ने कहा कि की बच्चों की पढ़ाई का समय अब एक माह तक सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े ग्यारह कर देना चाहिए। अस्सी वर्षीय बुजुर्ग कालीशंकर दर्जी ने कहा कि विद्यालय से बच्चों को लेने उनकी पुत्रबधू रोजाना पैदल स्कूल जाती है। जब वह परेशान हो जाती है तो बच्चे कितनी परेशानी झेल रहे हैं। दुधवन गांव के रामेन्द्र सिंह का कहना है कि भीषण गर्मी में जब तेज हवा चल रही है तो विद्यालय के समय में बदलाव की जरूरत है।

इच्छा मृत्यु मांग रहे गरीब को मिली रेलवे से नोटिस

- 15 दिन में जमीन खाली करने का अल्टीमेटम

ऊंचाहार, रायबरेली। अपनी पैतृक जमीन पर भूमाफिया के कब्जे को हटवाने के जद्दोजहद में लगे गरीब को अब रेलवे ने नोटिस थमा दिया है। जमीन खाली कराने के लिए राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु मांगने वाले को रेलवे विभाग ने उसी जमीन को लेकर नोटिस थमा दिया है। नोटिस में 15 दिन के अंदर जमीन खाली करने को कहा है।

मामला नगर से जुड़ा है। नगर के खरौवां कुआं निवासी इंद्रेश कुमार के पिता राम प्यारे ने अपनी भूमि संख्या 2824 में आंशिक भाग करीब ढाई विश्वा का बैनामा हरिकिशन नाम के व्यक्ति को किया था। किंतु उसने जबरन साढ़े सात विश्वा में कब्जा करके भवन निर्माण कर लिया। इससे अपने जमीन को पाने के लिए गरीब परेशान है। इसी भूमि के शेष भाग पर जब पीड़ित अपना निर्माण करने पहुंचा तो रेलवे लाइन के किनारे भूमि स्थित होने के कारण रेलवे और राजस्व अधिकारियों ने उसका निर्माण ढहा दिया। खास बात यह है कि एसडीएम ने अपनी जांच आख्या में इस बात को स्वीकार किया है कि उसकी जमीन के अधिक भाग पर अवैध कब्जा करके निर्माण किया गया है, किंतु राजस्व विभाग अवैध कब्जा को हटाने में रुचि नहीं ले रहा है। उसने अपनी जमीन को मुक्त कराने के लिए राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु भी मांगी है। इस बीच रेलवे ने गुरुवार को उसे नोटिस थमाया है।

अपनी ढपली अपना राग

मोदी को सत्य नहीं, सत्ता चाहिए। मोदी को किसान, गरीब मजदूरों की नहीं बल्कि अदाणी-अंबानी की चिंता है।

– प्रियंका गांधी

वह वायनाड को अपना परिवार बता रहे, हिंदी में कहावत है कि लोग रंग बदलते हैं, लेकिन परिवार बदलते पहली बार देखा।

– स्मृति इरानी

भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। फेयर चुनाव हुआ और गड़बड़ी नहीं हुई तो जुमलेबाजी, गारंटी वाली बातें कुछ काम नहीं आने वाली।

– मायावती

जिन्होंने भाजपा को पैसा दिया, आपने वो तारीखें क्यों छिपाई? यह दुनिया की सबसे बड़ी लूट-खसोट वाली स्कीम है।

– राहुल गांधी

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आज आईसीयू में हैं और जनता दोनों ही पार्टियों को ऑक्सीजन देने के लिए तैयार नहीं हैं।

– केशव प्रसाद मौर्य

तीन स्तरों से प्रेक्षक रखेंगे मतदान पर नजर

7582 मतदेय स्थलों पर होगी वेबकास्टिंग | **1510** मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी होगी व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिए चुनाव प्रेक्षक मतदान पर सतर्क नजर रखेंगे। 7582 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग होगी। इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 1510 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव में कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7,693 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदेय स्थलों में से 3571 संवेदनशील हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से आठ सामान्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक व 10 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा अतिरिक्त 1272 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 150 जोनल मजिस्ट्रेट, 103 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 1861 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 4083 भारी वाहन, 5058 हल्के वाहन व 65380 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं। मतदान के बाद स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। चरण के निर्वाचन के दौरान अर्द्ध सैनिक बलों-पुलिस बलों के तैनाती में आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायतार्थ एयर एम्बुलेंस व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन मुरादाबाद व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन बरेली में रहेगी।

111 आदर्श मतदेय स्थल

पहले चरण में चरण में कुल 111 आदर्श मतदेय स्थल, 45 महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 36 समस्त युवा कर्मी मतदेय स्थल व 32 दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

सबसे अधिक प्रत्याशी कैराना में

कुल 80 प्रत्याशियों में सात महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 14 प्रत्याशी कैराना क्षेत्र में हैं व सबसे कम प्रत्याशी नगीना (अजा) व रामपुर निर्वाचन क्षेत्र में हैं, जहां छह-छह प्रत्याशी हैं।

सबसे ज्यादा मतदाता मुरादाबाद में, नगीना में कम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता मुरादाबाद व सबसे कम मतदाता नगीना (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। कैराना से 14 प्रत्याशी व कुल मतदाताओं की संख्या 17,22,432 है, जिसमें पुरुष 9,21,832, महिला 8,00,504 तथा थर्ड जेन्डर 96 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1750 मतदेय स्थल है। मुजफ्फरनगर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 18,17,472 है, जिसमें पुरुष 9,68,869, महिला 8,48,460 तथा थर्ड जेन्डर 143 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1698 मतदेय स्थल हैं। बिजनौर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 17,38,307 है, जिसमें पुरुष 9,23,530, महिला 8,14,693 तथा थर्ड जेन्डर 84 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1837 मतदेय स्थल है। नगीना (अ0जा0) से छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 16,44,909 है, जिसमें पुरुष 8,72,364, महिला 7,72,485 तथा थर्ड जेन्डर 60 है।

इलेक्शन बॉयस्कोप

लखनऊ : चुनाव के प्रचार का जोर और शोर भले दिखायी, सुनायी न दे रहा हो, लेकिन, राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री बेचने वाली दुकानें पूरी तरह सजी-धजी नजर आ रहीं हैं। दरअसल, लखनऊ की ऐसी दुकानों से आसपास के जिले से आकर भी अलग-अलग पार्टियों के समर्थक झण्डा-बैनर खरीद कर ले जाते हैं। अमृत विचार

भविष्यवाणियों पर भी मुहर लगाएगा वेस्ट यूपी का वोटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुक्रवार को संपन्न होगा। इस चरण में पश्चिम उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाली आठ सीटों पर एनडीए मजबूती से ताल ठोक रहा है। दरअसल, पिछले लोकसभा चुनाव में इन 8 सीटों में से 4 सीटों पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा था। हालांकि, विभिन्न चैनलों के ओपिनियन पोल में इस बार इन सभी 8 सीटों पर अलग-अलग तरह की भविष्यवाणी की जा रही है। एनडीए के लिए हो रही भविष्यवाणी के पीछे डबल इंजन की सरकार द्वारा हर तबके और हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाना भी अहम फैक्टर माना जा रहा है। खासतौर पर राज्य सरकार ने केंद्र की योजनाओं को जिस तरह बिना लीकेज जन-जन तक पहुंचाया है, उसके चलते समझा जा रहा है कि मतदाताओं के मन मे एनडीए की सकारात्मक छवि बनी है। वहीं, कहीं युवाओं का मन टटोल कर तो कहीं जात-बिरादरी और उम्मीदवार को लेकर छायी नाराजगी के बहाने सपा-कांग्रेस गठबंधन का वजन बढ़ा बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि, क्षेत्रीय स्तर पर गुटबंदी का फायदा विपक्ष को भी मिल सकता है। बहरहाल, भाजपा को उप्र. में अपने सबसे बड़े स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है। इन सभी सीटों पर वह तूफानी रैलियां कर चुके हैं। उन्होंने भी भविष्यवाणी की थी कि पहले ही चरण से एनडीए अपने विपक्षी दलों पर बढ़त हासिल कर लेगा।

- **पिछले लोकसभा चुनाव में पहले चरण की 8 सीटों में से 4 पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा**

57 वर्षों के इतिहास में 9 सांसदों ने किया है अमेठी का प्रतिनिधित्व

3 सांसद रहे अपराजित 6 को मिल चुकी है पराजय

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार। अमेठी लोकसभा के चुनावों में तीन सांसद ही ऐसे हुए हैं जिनको अमेठी की जनता ने कभी हार का स्वाद नहीं चखाया। अब तक हुए 09 सांसदों में तीन ही अजेय रहे हैं, बाकी के 06 सांसद ऐसे रहे हैं जिन्हें कभी ना कभी अमेठी में पराजय का सामना करना पड़ चुका है।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोकसभा सीट का 57 वर्षों का इतिहास देखें तो अब तक कुल 16 बार चुनाव हुए हैं, जिसमें विजयी हुए 09 सांसदों ने अब तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया है। विद्याधर बाजपेई, राजीव गांधी और सोनिया गांधी ही ऐसे सांसद हैं जो अमेठी में अजेय रहे। 1967 में सबसे पहले कांग्रेस से विद्याधर बाजपेई सांसद बने। उन्होंने 1971 का भी चुनाव जीता। इसके बाद उन्होंने चुनाव भी नहीं लड़ा। दोनों चुनाव जीतने से अमेठी के पहले सांसद रहे विद्याधर बाजपेई अजेय रहे। संजय गांधी के निधन के बाद अमेठी आए राजीव गांधी ने 1981, 1984, 1989 और 1991 में चुनाव जीतकर लगातार 10 वर्षों तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें भी कभी पराजय का सामना नहीं करना पड़ा। अमेठी के अजेय योद्धाओं में उनका नाम लिया जाता है। सोनिया गांधी ने अमेठी से सिर्फ 1999 में ही चुनाव लड़ा। और जीतने के बाद वो रायबरेली चली गई। जिससे उन्हें भी कभी अमेठी में हार नहीं मिली। इसके अलावां रवींद्र प्रताप सिंह, संजय गांधी, सतीश शर्मा, संजय सिंह, राहुल गांधी व स्मृति इरानी ऐसे सांसद हैं जिन्हें जीतने के बाद या फिर पहले पराजय का सामना करना पड़ चुका है।

ये सांसद रहे अपराजित

1967, 71	विद्याधर वाजपेई
1981, 84, 89, 91	राजीव गांधी
1999	सोनिया गांधी



इन सांसदों को मिल चुकी है हार

वर्ष	हारे सांसद	कितने वोटों से मिली हार
1977	संजय सिंह	75844
1980	रवीन्द्र प्रताप सिंह	128545
1998	सतीश शर्मा	23270
1999	संजय सिंह	300012
2014	स्मृति इरानी	107903
2019	राहुल गांधी	55120

लोस चुनाव का शोर, रायबरेली में अभी नहीं पकड़ रहा जोर

कांग्रेसियों को प्रियंका के आने की उम्मीद | **भाजपा खेमा रुको-देखो की रणनीति पर**

दिलीप सिंह, रायबरेली

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में सियासी हलचल बढ़ने लगी है। रायबरेली सीट पर गांधी परिवार ने प्रियंका को उतरने के संकेत भी दे दिए है। वहीं, भाजपा अभी भी कांग्रेस के पत्ते खोलने का इंतजार कर रही है। वर्तमान में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व प्रत्याशी रह चुके अधिवक्ता अजय अग्रवाल, पूर्व सांसद व हाई कोर्ट के अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह लोगों के बीच जाकर मजबूत अपनी-अपनी दावेदारी की पेशबंदी कर रहे हैं। इसके अलावा कई और नामी-गिरामी हस्तियां भी दावेदारी करते नजर आ रहीं हैं।

दूसरी ओर बसपा की बात करें तो अभी भी पार्टी की तरफ से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। संभवतः उसे भी पहले कांग्रेस से उम्मीदवार के सामने आने का इंतजार है। ऐसे में राजनीतिक पार्टी ही नहीं बल्कि स्थानीय जनता भी कांग्रेस उम्मीदवार की सूरत स्पष्ट होने को बेकरार है। वीआईपी सीटो में शुमार कांग्रेस का गढ़ रही रायबरेली सीट पर लगातार सोनिया गांधी ने चार बार जीत दर्ज की है, जबकि इससे पहले भी कांग्रेसी ही ज्यादातर जीत दर्ज कराते रहे। नेहरू गांधी परिवार से ताल्लुक रखने वाले उम्मीदवारों की जीत होती रही है। इस बार जहां देश मे इंडिया बनाम एनडीए के मध्य चुनाव हो रहा है। दोनों गठबंधन अपने अपने मुद्दे लेकर जनता के बीच जा रहे है।

इन सबके बीच अभी तक रायबरेली में भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशियों को लेकर पत्ते नही खोले है। दोनों पार्टियां एक दूसरे के ताक में है, जबकि 26 अप्रैल से नामांकन भी होने है। सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद अब कांग्रेस से किसी नए चेहरे का आना तय है। ऐसे में पार्टी के पदाधिकारियों की माने तो पार्टी की तेज तर्रार नेता सोनिया गांधी की बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा इस बार रायबरेली से अपनी सियासी पारी का आगाज कर सकती है। प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस खेमे में उत्साहित है, लेकिन जमीनी स्तर पर चुनाव का माहौल काफी सुस्त है। वही भाजपा की ओर से भी अभी तक किसी के नाम की घोषणा नही कि गई है। उप्र. की दो सीटें जहां पर भाजपा ने अपने प्रत्याशी नही उतारे है उनमें एक सीट रायबरेली भी है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस से बागी होकर सोनिया गांधी के सामने सियासी ताल ठोंकने वाले दिनेश प्रताप सिंह भाजपा को जीत तो नही दिला सके बल्कि कांग्रेस की रिकार्ड जीत को जरुर कम किया था। इस बार भी वह तेजी से अपने समीकरण बनाने में जुटे है, लेकिन अभी किसी के नाम की घोषणा नही हुई है।

1952 से अब तक सिर्फ तीन बार चुनाव हारी है कांग्रेस

उप्र में रायबरेली का जिक्र आते ही मस्तिष्क में वीआइपी जिले का नक्शा आ जाता है। कारण भी साफ है क्योंकि इसी सीट से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी लड़ चुकी हैं। वह जीतीं भी और उन्हें खाटी समाजवादी राजनारायण के हाथों हारना भी पड़ा। यह वही सीट है जहां नेहरू-गांधी परिवार की दो पीढ़ियों का सीधा नाता रहा है। इतना ही नहीं, इस परिवार ने जिसे भी यहां से खड़ा किया उसने जीत का परचम फहराया। इसे कांग्रेस का गढ़ भी कहा जाता है क्योंकि जब उप्र. में इस दल का सूपड़ा साफ हो गया तो इसी जिले ने लाज भी बचाई। 1952 से लेकर 2014 तक की चुनावी तस्वीर बताती है कि, सिर्फ तीन बार कांग्रेस हारी है। जबकि, फिरोज गांधी से लेकर इंदिरा गांधी, शीला कौल, अरुण नेहरू, सतीश शर्मा जैसी बड़ी हस्तियां यहां से चुनाव जीतकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंच चुकी हैं।

आईना : रायबरेली लोकसभा सीट

2019 के चुनाव का लेखा जोखा

उम्मीदवार	वोट
सोनिया गांधी	534,918
दिनेश प्रताप सिंह	367,740



2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	सोनिया गांधी	526,434
भाजपा	अजय अग्रवाल	173,721
बसपा	प्रवेश सिंह	63,633
एएपी	अर्चना श्रीवास्तव	10,383

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952,57	फिरोज गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1960	आरपी सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	बैजनाथ कुरील	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	इंदिरा गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	इंदिरा गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	राज नारायण	जनता पार्टी
1980	इंदिरा गांधी व अरुण नेहरू	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	अरुण नेहरू	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989 व 91	शीला कौल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1996 व 98	अशोक सिंह	भारतीय जनता पार्टी
2004,06,09,14 व 19	सोनिया गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

2014 नोटा 5,409 | 2019 नोटा 10,252

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	सोनिया गांधी	481,490
बसपा	आरएस कुशवाह	1,09,32
बीजेपी	आरबी सिंह	25,444

2024

कुल मतदाता - 2139284
पुरुष मतदाता - 1116539
महिला मतदाता- 1022706



प्रचार का शोर थमा, बढ़ीं प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनें

आज होने वाले मतदान के बाद पश्चिमी उप्र. से निकले संदेश से तय हो सकता है उत्तर प्रदेश में आगे का राजनीतिक रुख | **कहीं आमने-सामने तो कहीं मुकाबला त्रिकोणीय और कहीं राजनीतिक विरासत बचाना चुनौती**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर बुधवार की शाम प्रचार का शोर तो थम गया लेकिन प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनें बढ़ी हुईं हैं। इन सीटों पर शुक्रवार को होने वाले मतदान के बाद पश्चिमी उप्र. से निकले संदेश से उत्तर प्रदेश में आगे का राजनीतिक रुख तय हो सकता है।

समझा जाए तो इस बार यहां का समीकरण बदला हुआ है। पिछले दो चुनाव से सपा के साथ मिलकर लड़ रही रालोद इस बार भाजपा के साथ है। बसपा अकेलें ही मैदान में है। इस इलाके का महत्व इसी से समझा जा सकता है कि खुद अमित शाह यहां पर रह कर रणनीति बनाने आए थे। कांग्रेस ने भी प्रचार के अंतिम दिन प्रियंका गांधी को मैदान में उतारा था।

पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (सु.), मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत लोकसभा क्षेत्रों में वोटिंग होनी है। इंडिया की तरफ से आठ में से सात सीटों पर सपा और एक सीट पर कांग्रेस का प्रत्याशी उतरा है। इसी तरह एनडीए की तरफ से सात सीटों पर भाजपा और एक सीट पर रालोद का प्रत्याशी है। बसपा ने सभी आठ सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। पहले चरण की इन सभी लोकसभा सीटों के लिए 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें 73 पुरुष और 7 महिला उम्मीदवार हैं। पश्चिम यूपी की सियासत में कई ऐसे परिवार हैं, जिनकी कई पीढ़ियां राजनीति में रहीं। इन परिवारों पर इस बार राजनीतिक विरासत बचाना बड़ी चुनौती है।

पीलीभीत में एनडीए, इंडिया और बसपा के साथ ही कुल दस प्रत्याशी मैदान में हैं। इस बार यहां त्रिकोणीय मुकाबलें से इंकार नहीं किया जा सकता। एनडीए की तरफ से योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद तो वहीं इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार मैदान में हैं। बसपा ने अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू पर दांव लगाया है।

मुरादाबाद में भाजपा ने सर्वेश सिंह, सपा ने रुचि वीरा और बसपा ने इरफान सैफी को उतारकर चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर इंडिया गठबंधन खासकर सपा की परेशानी बढ़ा रखी है। वहीं, रामपुर में तीन दशक बाद इस बार आजम के परिवार या उनका कोई भी करीबी चुनावी मैदान में नहीं है। सपा ने इस बार रामपुर से दिल्ली के इमाम मोहिबुल्ला नदवी पर दांव लगाया है। भाजपा की तरफ से घनश्याम सिंह लोधी पर दोबारा भरोसा जताया गया है। बसपा ने भी जीशान खान को उतारकर सपा के वोट बैंक में सेंघ लगाने की कोशिश की है।

उधर, सहारनपुर में इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने इमरान मसूद को उतारा है। भाजपा की तरफ से राघव लखनपाल और बसपा ने माजिद अली को टिकट दिया गया है। इमरान मसूद राजनीतिक घराने से ताल्लुक रखते हैं। हालांकि, भाजपा उम्मीदवार राघव लखनपाल का भी परिवार1970 से राजनीति में सक्रिय है।

इधर, कैराना से भाजपा ने प्रदीप चौधरी, सपा ने इकरा हसन और बसपा ने श्रीपाल राणा को उतारा है। कैराना से सपा प्रत्याशी इकरा हसन कैराना के पूर्व सांसद मुनव्वर हसन की बेटी और कैराना सपा विधायक नाहिद हसन की छोटी बहन है। मुजफ्फरनगर में भाजपा ने केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, सपा ने हरेंद्र मलिक और बसपा ने दारा सिंह प्रजापति पर दांव लगाया है। बिजनौर सीट एनडीए गठबंधन में रालोद के खाते में यह सीट गई है। रालोद ने यहां से चंदन चौहान को उतारा है। सपा ने दीपक सैनी और बसपा ने चौधरी विजेंद्र सिंह को टिकट दिया है। बिजनौर सीट से विधायक चंदन चौहान (मीरापुर) रालोद (एनडीए गठबंधन) के प्रत्याशी है।

नगीना सीट उप्र. में अकेली ऐसी सीट है जहां मुकाबला चतुष्कोणीय दिखाई दे रहा है। यहां पर भाजपा, सपा-बसपा के साथ ही आजाद पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर मैदान में हैं। भाजपा ने ओमकुमार, सपा ने मनोज कुमार और बसपा ने सुरेंद्र पाल सिंह को उतारा है। चंद्रशेखर पहले सपा के साथ उतरने वाले थे। बाद में अकेले ही उन्होंने चुनाव लड़ने का फैसला किया। सपा से पिछले दिनों अलग हुए स्वामी प्रसाद मौर्य चंद्रशेखर का साथ दे रहे हैं। ऐसे में दोनों की जोड़ी किस दल के वोटों में सेंधमारी करेगी यह तो वक्त ही बताएगा।

चुनावी चक्कर

- **मिशन 80 साधने को खुद मोर्चा संभालेंगे मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में फिर चुनावी माहौल गरमाने को रुहेलखंड में कई रैलियां करेंगे। 26 अप्रैल को मोदी बरेली में भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में रोड शो करेंगे। इसी बीच, शाम को प्रधानमंत्री करीब एक घंटे जनता के बीच होंगे। जबकि, इससे एक दिन पहले 25 अप्रैल को बदायूं और शाहजहांपुर में उनकी चुनावी रैलियां होनी हैं। मोदी के रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। बरेली के भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बताया कि 26 अप्रैल को अपराह्न 4 बजे प्रधानमंत्री बरेली में रोड शो की शुरुआत करेंगे। वह करीब एक घंटे तक बरेली में रहेंगे। राम मंदिर के लोकार्पण के बाद मोदी पहली बार बरेली आएंगे। ऐसे में इस रोड शो में उनका आभार भी प्रकट किया जाएगा।
- **चौराहे पर संवाद किया और हो गई एफआईआर :** मछली शहर लोकसभा से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार प्रिया सरोज पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में जौनपुर के मड़ियाहूं में मुकदमा दर्ज हुआ है। इस पर प्रिया का तर्क है कि जब से उन्हें चुनाव मैदान में उतारा गया है तब से भाजपा को हार का डर सताने लगा है। यही कारण है कि नियमों का पालन करते हुए जनसंपर्क किए जाने पर भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। दरअसल, मड़ियाहूं कोतवाली के सामने गांधी तिराहे पर जनसंपर्क के दौरान उन्होंने संवाद किया था। आरोप है कि इसकी पूर्व अनुमति नहीं ली गई। इसलिए उड़ान दस्ता टीम ने उन पर कार्रवाई करा दी। बहरहाल, प्रिया सरोज कहतीं हैं कि भाजपा लाख कोशिश कर ले, लेकिन वह डरने वाली नहीं। वहीं प्रिया सरोज के पिता मछली शहर के पूर्व सांसद तूफानी सरोज का कहना है कि तहसील मुख्यालय होने के चलते वहां पर कुछ लोग एकत्र हो गए थे। कार्यक्रम में सपा का तो कोई कार्यकर्ता ही नहीं था।

आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल समेत कई दिग्गजों की किस्मत का आज फैसला

देश के मूड का आज पहला इम्तिहान 102 सीटें तय करेंगी नया रोड मैप

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की आठ, उत्तराखंड की सभी पांच, मध्य प्रदेश की छह, बिहार की चार, राजस्थान की 12, पश्चिम बंगाल की तीन, तामिलनाडु की सभी 39 के अलावा अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, छत्तीसगढ़ की 11, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो सीट, मिजोरम, सिक्किम, नगालैंड, त्रिपुरा, लक्षद्वीप व पुडुचेरी अंडमान और निकोबार द्वीप तथा जम्मू-कश्मीर की की एक-एक पर मतदान होगा। इस बार पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित कई दिग्गज नेताओं की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो जाएगा। तीन पूर्व मुख्यमंत्री त्रिपुरा के बिप्लव कुमार देब, असम के सर्बानंद सोनोवाल और बिहार के जीनराम मांझी हैं। केंद्रीय मंत्रियों में नितिन गडकरी, किरण रिजिजू, डॉ. संजीव बालियान, जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र यादव और अर्जुन मेघवाल प्रमुख उम्मीदवार हैं।

जिन 102 सीटों पर आज पड़ेंगे वोट, उन पर 2019 में स्कोर



मध्य प्रदेश में भाजपा की चुनौती से निपटने में कांग्रेस के लिए बसपा बन रही स्पीड ब्रेकर

- मध्यप्रदेश में पहले चरण की अन्य सीटों में सीधी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के राजेश मिश्र और कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल को बसपा के पूजनराम साकेत चुनौती दे रहे हैं। शहडोल भाजपा की हिमाद्रि सिंह और कांग्रेस के फुंदेलाल सिंह मार्को के मुकाबले बसपा से धनीराम कोल मैदान में हैं। जबलपुर में भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के सीधे मुकाबले को बसपा के राकेश चौधरी त्रिकोणीय बनाने में प्रयासरत हैं। बालाघाट में भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी के कांग्रेस के अशोक सिंह सरस्वार के साथ कंकर मुंजारे की चुनौती से निपटना पड़ रहा है।

गडकरी को जीत की हैट्रिक में नहीं दिख रही कोई मुश्किल बड़ी

महाराष्ट्र की नागपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीसरी बार मैदान में हैं। गडकरी के खिलाफ कांग्रेस से निधायक विकास ठाकरे उतरे हैं। 2014 में गडकरी ने सात बार के सांसद रहे विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी की जीत की हैट्रिक जानकार आसान मान रहे हैं, लेकिन विपक्ष उन्हें विकास कार्यों में भेदभाव के आरोप पर घेर रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी अपने जातीय समीकरण के आधार पर भी गडकरी को घेरने का प्रयास कर रहा है।

08% महिला प्रत्याशी ही पहले चरण में चुनाव मैदान में

77 भाजपा प्रत्याशी पहले चरण में लड़ रहे चुनाव, कांग्रेस के 56 प्रत्याशी

86 सबसे ज्यादा उम्मीदवार पहले चरण में बसपा से उतरे हैं मैदान में

रिजिजू के लिए आसान नहीं नजर आ रहा जीत का चौका लगाना

- अरुणाचल प्रदेश की पश्चिम लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू चुनाव मैदान में हैं। किरेन रिजिजू 2004 से तीन बार इस सीट से सांसद रह चुके हैं और चौथी बार जीत के लिए मैदान में उतरे हैं। रिजिजू का मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से है। माना जा रहा है कि रिजिजू को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। रिजिजु अब तक इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चार चुनाव लड़ चुके हैं, जिनमें तीन बार बिजयी रहे हैं।

जितेंद्र सिंह विकास के सहारे तीसरी बार

- जम्मू-कश्मीर के दिग्गज नेता और मोदी सरकार में प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्य मंत्री डॉ .जितेंद्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे हैं। इस सीट से वह लगातार दो बार से चुनाव जीत चुके हैं। जितेंद्र सिंह के खिलाफ कांग्रेस ने चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है। भाजपा ने इलाके के विकास को मुद्दा बनाया है, जबकि कांग्रेस विकास के दावों को झूठा बताने के साथ अग्निवीर भर्ती को मुद्दा बना रही है। मोदी, योगी, राजनाथ, अनुराग ठाकुर के मुकाबले यहां सचिन पायलट, राजबब्बर, उमर अब्दुल्ला प्रचार कर गए हैं।

51 सीटों पर अन्य दलों ने 2019 में पहले चरण की कुल 91 सीटों पर हुए चुनाव में कब्जा जमाया था। 31 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं। कांग्रेस को 9 सीटें मिली थीं।

यूपीए और मोदी सरकार के मंत्रियों राजा और मुरुगन के बीच दिलचस्प जंग

- बागवानी और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट पर मोदी सरकार के मंत्री और मनमोहन सरकार में मंत्री रह चुके दो नेताओं के बीच मुकाबला है। यहां डीएमके से पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा चुनावी मैदान में हैं, जिनके खिलाफ भाजपा की मोदी सरकार में मत्स्य, पशु चिकित्सा और डेयरी राज्य मंत्री एल मुरुगन ताल ठोंक रहे हैं। ए राजा इस सीट से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। पिछली बार एआईएडीएमके के प्रत्याशी त्यागराजन को ढाई लाख से ज्यादा मतों से हराया था। मुरुगन पहली बार नीलगिरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

चेन्नई साउथ : त्रिकोणीय संघर्ष में पूर्व राज्यपाल दे रहीं डीएमके को चुनौती

- चेन्नई को डीएमके का गढ़ माना जाता है। यहां तीन सीटें चेन्नई साउथ, चेन्नई सेंट्रल और चेन्नई नार्थ हैं। चेन्नई साउथ सीट से पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन भाजपा से चुनाव लड़ रही हैं। वह मार्च तक तेलंगाना की राज्यपाल थीं। सुंदरराजन 2019 में थुथूकोडी सीट से लड़ी थीं लेकिन डीएमके की कनिमोड़ी से हार गई थीं। इसके बाद उन्हें राज्यपाल बना दिया गया था। सुदरराजन 2014 से 2019 तक तमिलनाडु भाजपा की अध्यक्ष रह चुकी हैं। सुंदरराजन के सामने दो मजबूत प्रत्याशी हैं। डीएमके के मौजूदा सांसद थमिजाची थंगापांडियन और एआईडीएमके से उतरे जयवर्धन। जयवर्धन 2014 में चेन्नई साउथ से जीते थे। 2019 में वह दूसरे नंबर पर रहे थे। इस सीट पर डीएमके को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है, इसकी वजह बाढ़ के दौरान हुई लोगों की परेशानी है। एआईडीएमके और भाजपा प्रत्याशी सुंदरराजन स्थानीय मुद्दों को भुनाने में जुटे रहे।

कोयंबटूर में कितना कमाल दिखा पाएंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई

- तमिलनाडु के कोयंबटूर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई मैदान में उतरे हैं। यहां उनका सामना डीएमके नेता गणपति पी. राजकुमार और एआईएडीएमके के सिंगाई रामचंद्रन से है। इस सीट पर वामपंथी दलों का प्रभाव भी है। 2019 के चुनाव में माकपा के पीआर नटराजन जीते थे। लेकिन इस बार भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई की सभाओं में आने वाली भीड़ उनके समर्थन का इशारा कर रही है। इसी तरह राज्य की शिवगंगा लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद और कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम का मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है। कार्ति इस पर 2014 में चुनाव हार गए थे। लेकिन 2019 में जीते थे।

कहीं इस बार भी मंझधार में ही न रह जाएं जीतन राम मांझी

- बिहार की गया सुरक्षित सीट से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी चुनाव लड़ रहे हैं। मांझी पिछले दो चुनाव इस सीट से हार चुके हैं। इस बार उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम पार्टी भाजपा गठबंधन का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी उनके लिए वोट मांग गए हैं। मांझी का सीधा मुकाबला राजद के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत से हैं। सर्वजीत बोध गया विधानसभा सीट से विधायक हैं। नीतीश-तेजस्वी की सरकार में मंत्री भी रहे हैं। जातीय आधार के मुताबिक इस सीट पर माझी की जाति महादलित के मतदाता सबसे ज्यादा हैं। लेकिन दूसरे नंबर पर दुसाध यानी पासवान है, राजद के सर्वजीत इसी बिरादरी से आते हैं।

निशीत प्रमाणिक को कूच बिहार सीट जीतने से रोकने में जुटी टीएमसी

- कूच बिहार लोकसभा सीट पर भाजपा के निशीत प्रमाणिक का सीधा मुकाबला तृण मूल कांग्रेस के जगदीश चंद्र बसुनिया से है। पिछली बार प्रमाणिक इस सीट पर 50 हजार से ज्यादा वोटों से जीतने में सफल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस सीट पर सभाएं कर गई हैं। अंतिम समय तक दोनों प्रत्याशी राजबंशी समुदाय के मतदाताओं को लुभाने में लगे रहे, जिनकी इस सीट पर 40 फीसदी से अधिक आबादी है।

चेन्नई सेंट्रल में दयानिधि मारन के सामने जीत का अंतर बचाना चुनौती

- चेन्नई सेंट्रल सीट से डीएमके से उतरे दयानिधि मारन को भाजपा के विनोज पी सेल्वम के साथ डीएमडीके के प्रत्याशी पार्थसारथी की चुनौती से पार पाना पड़ रहा है। यूपीए सरकार में मंत्री रह चुके दयानिधि मारन का इस लोकसभा क्षेत्र में अच्छा प्रभाव है। 2019 में मारन यहां से करीब साढ़े चार लाख मतों से चुनाव जीते थे। हालांकि 2014 में एआईएडीएमके के एसआर विजयकुमार ने दयानिधि मारन को हरा दिया था। भाजपा ने इस बार 2019 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रही पीएमके को राजग गठबंधन में जोड़कर मारन के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है।

मंडला में केंद्रीय मंत्री कुलस्ते को मरकाम से मिल रही तगड़ी टक्कर

- मंडला में भाजपा ने छह बार के सांसद केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस के चार बार के विधायक ओमकार सिंह मरकाम से है। दोनों नेता 2014 के लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने आ चुके हैं, तब मरकाम को हार मिली थी। उधर, कुलस्ते इस सीट से केवल एक बार 2009 में हारे थे। कुलस्ते को हाल ही में विधानसभा चुनाव में मंडला लोकसभा की निवास सीट से पराजय का सामना करना पड़ा था। इस लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस काबिज है, तीन पर भाजपा जीती थी। इसके चलते लोकसभा चुनाव में जीत के लिए कुलस्ते को कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है।

डिब्रूगढ़ ले रहा केंद्रीय मंत्री सोनोवाल की कड़ी परीक्षा

- असम की डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में उतरे हैं। भाजपा ने इस बार केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली की जगह सोनोवाल को यहां से मैदान में उतारा है। कांग्रेस से मनोज धनोवर उन्हें चुनौती दे रहे हैं। डिब्रूगढ़ सीट पर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक दोनों दलों का घमासान देखने को मिला। जानकर यहां मुकाबला नजदीकी मान रहे हैं।

जोराहट में गौरव गोगोई को जोर लगाने पर भी छूट रहा पसीना

- असम में कांग्रेस ने इस बार सीट बदलकर अपने नेता गौरव गोगोई को जोराहट सीट से मैदान में उतारा है। वह पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे हैं। इस सीट पर 2019 में भाजपा के तपन कुमार गोगोई जीते थे। वह इस बार भी यहां कमल खिलाने में लगे हैं। इसके चलते गौरव गोगोई को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। इस सीट पर अहोम समुदाय के मतदाता ज्यादा हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों के प्रत्याशी इसी समुदाय से आते हैं।

एक अकेला छिंदवाड़ा क्या इस बार भी बनेगा कांग्रेस का सहारा

- मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा अकेली लोकसभा सीट जिस पर 2019 के चुनाव में कांग्रेस जीती थी। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ एक बार फिर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। छिंदवाड़ा से भाजपा ने विवेक बंटी साहू को उतारा है, जो इस बार पार्टी नेताओं का जोरदार समर्थन मिलने से नकुल नाथ के सामने जमकर चुनौती पेश कर रहे हैं। इस सीट को कमलनाथ का गढ़ माना जाता है। 1997 को छोड़कर कांग्रेस यहां से बराबर जीतती रही है। लेकिन इस बार कमलनाथ ऐसा फंसे हैं कि राज्य की अन्य सीटों पर प्रचार नहीं कर पा रहे हैं।

चतुष्कोणीय मुकाबले में फंसा नगीना इस बार चुनेगा किस दल की अंगूठी

मतदान से पहले बिजनौर जिले की नगीना लोकसभा क्षेत्र में चुनावी लड़ाई रोचक और दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि अपनी आजाद समाज पार्टी से मैदान में उतरे युवा दलित नेता चंद्रशेखर आजाद ने मुकाबला चतुष्कोणीय बना दिया है। यहां दलित और मुस्लिम वोटों पर घमासान मचा है, जो संख्या में लगभग बराबर हैं। भाजपा से इस सीट पर नहटौर के विधायक ओम कुमार को रालोद का भरपूर समर्थन मिलने के बाद भी चुनाव निकालने में पसीना छूट रहा है। इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार और बसपा के सुरेंद्र पाल भी जमकर ताल ठोंक रहे हैं। पिछली बार इस सीट पर बसपा जीती थी। लेकिन यहां के सांसद गिरीश चंद्र इस बार बसपा से ही बुलंदशहर से चुनाव लड़ रहे हैं।

रामपुर में मुकाबला सीधा या तिकोना इसी पर टिकी हैं जीत की उम्मीदें

रामपुर लोकसभा सीट पर सपा नेता मो. आजम खान का दबदबा रहा है, लेकिन वह इस बार जेल में हैं, तो नवाब खानदान भी चुनाव से दूर है। हालांकि पूर्व सांसद बेगम नूर बानो कांग्रेस-सपा के उम्मीदवार के साथ हैं, तो उनके पौत्र हमजा मियां भाजपा में शामिल होने के बाद कमल खिलाने में लगे हैं। 2019 में आजम खान ने इस सीट पर भाजपा से उतरीं पूर्व अभिनेत्री जयाप्रदा को हराया था। 2002 में विधायक का चुनाव लड़ने के लिए सांसदी छोड़ दी थी। उप चुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी विजयी रहे थे। भाजपा ने उन्हें ही दोबारा मैदान में उतारा है। सपा से जामा मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी और बसपा से जीशान खान भाजपा को चुनौती दे रहे हैं, तो सुप्रीम कोर्ट के मशहूर वकील महबूब प्राचा भी मैदान में हैं। माना जा रहा है कि इस सीट पर ध्रुवीकरण होने की स्थिति में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला होगा, लेकिन ऐसा नहीं होने पर त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

कैराना में सपा की इकरा हसन ने मेहनत से भाजपा को दी चुनौती

कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद प्रदीप चौधरी के सामने सपा-कांग्रेस गठबंधन से इकरा हसन और बसपा से धर्म सिंह सैनी मुकाबले में हैं। यहां चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद भी तीनों दल जातीय समीकरण साधने में जुटे रहे। भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी गुर्जर हैं और इस सीट पर भाजपा के कोर वोट के साथ डेढ़ लाख से अधिक गुर्जर मतदाता का उन्हें समर्थन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पलायन की याद दिलाकर पार्टी वोटों को लामबंजद कर गए हैं। ऐसे में सपा और बसपा में मुस्लिम वोट पाने के लिए होड़ मची है। लेकिन सपा की युवा प्रत्याशी इकरा हसन ने जिस तरह गांव-गांव जाकर मेहनत की है, उसने माहौल उनके पक्ष में मोड़ा है। इकरा की मां पिछली बार इस सीट से चुनाव हार गई थीं। जानकारों के मुताबिक राजनीतिक परिवार से आने वाली इकरा भाजपा को चुनौती देने में सफल होती दिख रही हैं। उनके पास जहां मुस्लिम वोट बैंक हैं, वहीं वह दलित, जाट, कश्यप, गुर्जर वोट की जुगत में लगी हैं।

सहारनपुर में मसूद को भाजपा से सीधे मुकाबले में आने से रोक रही बसपा

सहारनपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के राघव लखनपाल शर्मा का मुकाबला कांग्रेस-सपा गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद और बसपा के माजिद अली से है। यहां प्रचार थमने से पहले प्रियंका गांधी ने रोड शो के जरिए कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया। 2014 में यहां भाजपा जीती थी, लेकिन 2019 में राघव लखनपाल बसपा प्रत्याशी से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस के इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर तीसरे नंबर पर थे। यहां माना जा रहा है कि भाजपा ने इस बार बसपा के दलित वोट बैंक में सेंध लगा दी है। चार दिन पहले ही बसपा के पूर्व विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस सीट पर मतदाताओं में जोश भर गए थे। गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद वोट के समीकरण साधकर सीधी लड़ाई में चुनाव जीतने की जुगत भिड़ा रहे हैं, तो भाजपा बसपा प्रत्याशी माजिद अली के मुस्लिम वोट बांटने से राहत की सांस ले रही है।

पीलीभीत में जनता ले रही भाजपा की रणनीति का कड़ा इम्तिहान

पीलीभीत लोकसभा सीट पर वरुण गांधी का टिकट काटने के बाद भाजपा ने पूरी ताकत लगाई है। यहां से भाजपा को जीत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे तो मुख्यमंत्री योगी तीन बार आए हैं। भाजपा प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भी प्रचार में दिन-रात एक किए रखा। यहां करीब 17.40 लाख मतदाताओं में ओबीसी 34 प्रतिशत, दलित 17 प्रतिशत के साथ मुस्लिम करीब 24 प्रतिशत निर्णायक भूमिका में हैं। यहां से सपा के टिकट पर उतरे बरेली जिला में नवाबगंज सीट से पांच बार के विधायक भगवत शरण गंगवार प्रचार में वरुण गांधी के साथ स्थानीय मुद्दों को उठाकर भाजपा को घेरते रहे। उनके समर्थन में अखिलेश यादव सभा कर गए हैं। बसपा भी पीलीभीत के मुकाबले में पीछे नहीं कही जा सकती है। पार्टी सुप्रीमो प्रत्याशी अनीस अंसारी के समर्थन में जनसभा करने आयी थीं। जानकारों का मानना है कि भाजपा यहां हिंदुत्व और राम के मुद्दे को आगे करके जीत के लिए ध्रुवीकरण कराने की कोशिश में है।

मिलेगी जीत हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार माधवी लता ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने विक्ट्री निशान बनाकर समर्थकों का उत्साह बढ़ाया।

आज मतदान पहले चरण में जिन 12 सीटों पर मतदान, उनमें पांच पर भाजपा ने उतारे हैं नए चेहरे, हाई प्रोफाइल सीटों बीकानेर व अलवर में दो केंद्रीय मंत्रियों की दांव पर लगी प्रतिष्ठा

राजस्थान में प्रत्याशी बदलने वाली सीटों पर मुकाबले में फंसी भाजपा

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। राजस्थान में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था। इस बार पार्टी क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने की तरफ देख रही है। राज्य में लोकसभा चुनाव -2024 के पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर शहर और ग्रामीण, दौसा तथा नागौर में शुक्रवार को मतदाता सांसद का चुनाव करेंगे। इन एक दर्जन में पांच लोकसभा सीटों भरतपुर, दौसा, जयपुर शहर, नागौर और चूरू पर सबकी नजर हैं, इसकी वजह यह है कि इन सीटों पर भाजपा ने मौजूदा सांसदों का टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इन सभी सीटों पर मुकाबले का जोर लगा रखा है।

भरतपुर सीट प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गृह क्षेत्र है। यहां जाट आरक्षण का मुद्दा गर्म है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली और कांग्रेस से संजना जाटव में मुकाबला है। यहां करीब पांच लाख जाट मतदाता हैं।

दौसा में कांग्रेस ने विधायक मुरारीलाल मीणा को उतारा है। वह यहां से सांसद रहे सचिन पायलट के करीबी हैं। भाजपा से पूर्व विधायक कन्हैयालाल मीणा मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद भी यहां भाजपा को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है।

जयपुर शहर लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा विधायक रहे भजन लाल शर्मा की बेटी मंजू शर्मा यहां भाजपा से प्रत्याशी हैं। उनके सामने कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खच्चरिया वास हैं।

नागौर से आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल कांग्रेस-आरएलपी गठबंधन के प्रत्याशी हैं। पिछली बार एनडीए से गठबंधन में वह जीते थे। उनका मुकाबला पिछली बार कांग्रेस से प्रत्याशी रहीं भाजपा की ज्योति मिर्धा से है। ज्योति दिग्गज कांग्रेस नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। वह हाल ही में भाजपा में शामिल हुई थीं। यह सीट भी सीधे मुकाबले में फंसी है। चुरु सीट भाजपा का गढ़ है। लेकिन भाजपा ने दो बार के सांसद राहुल कस्वां का टिकट काट दिया था। अब वे कांग्रेस से मैदान में हैं। उनका मुकाबला भाजपा के पैरा ओलंपियन देवेंद्र झाझड़िया से है। मोदी यहां सभा कर गए हैं। भाजपा प्रतिष्ठा लगाए है, लेकिन कस्वां की चुनौती कम नहीं है। मुकाबला रोचक हो गया है।

2024 में भी सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप हैट्रिक की तरफ देख रही है भाजपा

अर्जुनराम मेघवाल की स्थिति मजबूत, पर भूपेंद्र यादव को मिल रही कांग्रेस विधायक से चुनौती

- बीकानेर सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा के दिग्गज और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल फिर से मैदान में हैं, उनके खिलाफ कांग्रेस से पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल प्रत्याशी हैं। अर्जुनराम मेघवाल यहां से तीन बार चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में यहां से फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सांसद चुने गए थे। अर्जुनराम की इस सीट पर स्थिति मजबूत मानी जा रही है।
- इसी तरह अलवर लोकसभा सीट पर भाजपा के एक और दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मैदान में है। कांग्रेस से युवा विधायक ललित यादव सामने हैं। 2019 में यहां से भाजपा प्रत्याशी बाबा बालक नाथ ने चुनाव जीता था। यादव बहुल सीट है। कांग्रेस और भाजपा दोनों के उम्मीदवार यादव हैं। मुकाबला दिलचस्प है। भूपेंद्र यादव मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। वह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके लिए समर्थन जुटा गए हैं, लेकिन ललित यादव वोटों में सेंधमारी करने में जुटे हैं।

एक नजर

50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: एसटीएफ ने गुरुवार को अलीगढ़ से 50 हजार के इनामी वांछित को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त लड्डू उर्फ लड्डन के खिलाफ अलीगढ़ के विभन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। लंबे समय से एसटीएफ लड्डन की तलाश कर रही थी। इस दौरान एसटीएफ अलीगढ़ इकाई को सूचना मिली कि लड्डन अलीगढ़ पहुंचने वाला है। ऐसी स्थिति में निरीक्षक हुकुम सिंह मुखबिर द्वारा बताए हुए स्थान पर पहुंचकर सिविल लाइन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

योगी ने की हनुमत प्राण प्रतिष्ठा की शुरुआत

गोरखनाथ मंदिर में हनुमान के नव्य विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 21 को, 22 को महायज्ञ की पूर्णाहुति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ की विधि विधान से शुरुआत की। हनुमान की नव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 21 अप्रैल को होगी, जबकि रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 अप्रैल को होगी। इस दौरान पूर्णाहुति तक विविध प्रकार के पूजन, अधिवास व अनुष्ठान के कार्यक्रम चलते रहेंगे।

गुरुवार से इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, रामानुज त्रिपाठी, डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी, अश्वनी त्रिपाठी, अरविंद चतुर्वेदी, रोहित मिश्र, बृजेश मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश त्रिपाठी, प्रांगेश मिश्र, अभिषेक पांडेय, डॉ. हृदय नारायण शुक्ल आदि मौजूद रहे।

गोरखनाथ मंदिर की यज्ञशाला में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महायज्ञ की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

चुनाव कराने को अफसरों सहित पहुंचे 70 हजार से अधिक जवान

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान को संपन्न कराने के लिए नौ जनपदों के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 248 बैरियर स्थापित किए गए हैं। इसमें जनपद पीलीभीत के अंतर्राष्ट्रीय सीमा प्रभावित क्षेत्र में 11 तथा जनपदों की सीमा क्षेत्र में 88 बैरियर शामिल हैं। यहां पर चुनाव कराने के लिए 6018 निरीक्षक, 35750 मुख्य आरक्षी, 24992 होमगार्डस, 60 कंपनी पीएसी, 220 कंपनी सीआरपीएफ के जवान भेजे गए हैं। फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में 6764 चौकीदार 155 पीआरडी जवान भेजे गए हैं। इसके अलावा 348 फ्लाइंग स्क्वाएड, 459 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 55 क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

तस्करी कर ले जाए जा रहे 676 तोते बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एसटीएफ ने गोरखपुर से तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

अमृत विचार : एसटीएफ ने संरक्षित प्रजाति के वन्यजीवों व उनके अंगों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 676 तोते बरामद किए हैं। हालांकि कार्रवाई के दौरान एक अन्य तस्कर मौके से फरार हो गया।

पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश शुक्ला ने बताया कि गोरखपुर के थाना राजघाट के ग्राम रायगंज निवासी मो. इम्तियाज उर्फ विक्की, रईस अहमद निवासी छोटे काजीपुर मिस्का टोला, मंसूर आलम निवासी मिस्का टोला, थाना आलमगंज, पटना को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, शमशाद मौके से फरार हो गया है। तीनों तस्करों के पास से 676 तोता (रोजरिंग पैराकीट), आठ पिंजड़ा, महिंद्रा बोलेरे भी बरामद किया है। आरोपियों को गोरखपुर कसया मार्ग थाना एम्स नंदानगर अंडर पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले से मिल रही सूचना के आधार पर तस्करों को गिरफ्तार करने की योजना बनाई गई थी। एसटीएफ फील्ड इकाई अयोध्या द्वारा जानकारी एकत्रित की जा रही थी। इसी दौरान पता चला कि गोरखपुर में वन्यजीवों एवं संरक्षित प्रजाति के जीवों का अवैध व्यापार किया जा रहा है।

छात्रवृत्ति आवेदन का मिल सकता है मौका

अनुसूचित जाति के 86 हजार छात्र-छात्राओं के लिए पोर्टल 26 से 3 मई तक खुलेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सात मई तक कॉलेजों को फार्म अग्रसारित करना होगा

अमृत विचार : छात्रवृत्ति से वंचित रह गए अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन करने के लिए अंतिम अवसर मिल सकता है। शासन से अगर स्वीकृति मिली तो 86 हजार 173 छात्र-छात्राओं के लिए पोर्टल 26 अप्रैल से तीन मई तक के लिए खोला जाएगा।

बता दें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्री मैट्रिक्स के अनुसूचित जाति के 3,74,963 और पोस्टमैट्रिक्स के 9,24,947 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया था। 86,173 छात्र-छात्राएं योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए थे, क्योंकि इनका परीक्षा परिणाम नहीं आया पाया था। इनको लाभ देने के लिए 26 अप्रैल से दोबारा पोर्टल खोला जा सकता है। छात्र-छात्राओं को अपने आवेदन में सुधार करते हुए पुनः आवेदन करना होगा। सात मई तक कॉलेजों को भी फार्म की जांच कर अग्रसारित करना होगा। अधिकारियों का कहना है कि फार्म में संशोधन करते समय प्राप्तांक, पूर्णांक और अनुक्रमांक सही भरना होगा। इसको भरने के बाद मिलान जरूरी है, क्योंकि इसमें गड़बड़ी होने पर छात्रवृत्ति अटक सकती है। आवेदनों को स्वीकृति के लिए जिला समिति को भेजा जाएगा। जिला समिति से जो आवेदन स्वीकृत होंगे, उनको समाज कल्याण विभाग की ओर से 18 जून से भुगतान किया जाएगा।

आज तय होगा सामान्य छात्रों को मौका मिलेगा या नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साइबर कैफे और कॉलेज के स्तर से फार्म भरने में हुई गलितयों का खामियाजा भुगत रहे 77,352 छात्र-छात्राओं छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए दोबारा अवसर मिलेगा या नहीं इस पर आज फैसला होगा।

मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में 20 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। फार्म भरने के दौरान हुई गलती के कारण सामान्य वर्ग के 77,352 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी, कॉलेज और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। अधिकारियों से मिलकर फार्म में हुई गड़बड़ी के बारे में बताया। अधिकतर फार्मों में अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम और प्राप्तांक/पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज शाम को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक में प्रमुख सचिव वित्त, प्रमख सचिव समाज कल्याण, प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग, समाज कल्याण निदेशक के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्य सचिव को बताया जाएगा कि किन कारणों से उक्त छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ नहीं मिल सका।

प्रश्नपत्र लीक मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल दो आरोपियों को मेरठ से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों का प्रिंटिंग प्रेस से संपर्क बताया जा रहा है। इस मामले में अब तक मुख्य आरोपी सहित 14 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

एसटीएफ मेरठ इकाई ने गुरुवार की शाम चार बजे मोदीपुरम फ्लाइओवर पल्लवपुरम से अजीत चौहान और अजय कुमार चौहान को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से दो प्रश्नपत्र की प्रति, एक उत्तर कुंजी, तीन मोबाइल और एक ब्लैक स्कार्पियो बरामद की गई है। पूछताछ में इन दोनों अभियुक्तों के नामों का पता चला था। गौरतलब हो कि प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक एसटीएफ ने दीपक, बिट्टू, प्रवीण, रोहित, नवीन कुमार, साहिल, अभिषेक, शिवम, रोहित, सतीश, राजीव नयन और रवि को गिरफ्तार किया है।

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

कन्नौज के पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को कन्नौज के पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष संजीव कटियार ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन और सनातनियों का विरोध करना इंडी गठबंधन के नेताओं की सोची समझी नीति है। वे वोट बैंक की राजनीति में तुष्टिकरण के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। जनता को ऐसे लोगों का बायकॉट करना चाहिए, इनका हुक्का पानी भी बंद कर देना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने किया। इस मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित और डॉ. अंकुश त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

पहले मतदान फिर जलपान : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करने की अपील की

अमृत विचार : बसपा प्रमुख मायावती ने गुरुवार को मतदाताओं से 'पहले मतदान फिर जलपान' की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर जनमानस से पुरजोर अपील करते हुए कहा कि वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करें और देश में गरीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें।

बसपा प्रमुख ने मतदाताओं को सावधान करते हुए कहा कि अपने वोट देने के अधिकार की रक्षा आप पूरे जी जान से करिये। ताकि आपका कोई वोट खरीदा न जा सके, लूटा न जा सके। साथ ही उन्होंने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि व कर्तव्य की याद दिलाते हुए कहा कि कोई वोट पड़ने से न रह जाए तथा धनबल, मंदिर-मस्जिद आदि के नाम पर आपके वोट का गलत इस्तेमाल न हो, वोट जरूर डालें। एक्स पर बयान में मायावती ने निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के आश्वासन का हवाला देते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन रोका जाना चाहिये।

20 हजार नमो वालंटियर्स करेंगे भाजपा का प्रचार

अमृत विचार, लखनऊ : प्रत्येक बूथ पर दस लोगों को जोड़कर पार्टी के पक्ष में प्रचार करने के लिए टीम तैयार की गई है। 20 हजार वालंटियर्स रक्षा मंत्री के विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाएंगे।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हलवासिया कोर्ट स्थित कार्यालय में नमो वालंटियर्स की बैठक के दौरान उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि चुनावी रणनीति के तहत प्रत्येक बूथ पर 10 लोगों को जोड़कर ऐसे लोगों की टीम तैयार की गई है, जो राजनीति में तो नहीं हैं लेकिन जनहित और कल्याणकारी मुद्दों पर अपनी बात आमजन तक पहुंचाते हैं। यह सभी भाजपा के पक्ष में प्रचार करते हुए राजनाथ सिंह को पांच लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

बुन्देलखंड में न हो पेयजल की समस्या, दी हिदायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्य सचिव ने की समीक्षा कहा- 24 घंटे सतर्क रहे मशीनरी

अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि गर्मी के दिनों में उप्र. में विशेष तौर पर बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिये। यह सुनिश्चित कराया जाये कि उपलब्ध सभी पेयजल स्रोत सुचारू रूप से संचालित रहें। सम्बन्धित विभागों की जिला स्तरीय प्रशासनिक मशीनरी 24 घंटे सतर्क पर रहे।

मुख्य सचिव ने गुरुवार को जल जीवन मिशन, नमामि गंगे एवं राज्य भूगर्भ जल प्रबंधन और नियामक प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर जिले में कन्ट्रोल रूम स्थापित कराया जाए, जिसे जिलों की तहसीलों, विकास खण्डों, ग्राम पंचायतों से जोड़ा जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या की सूचना जनता से प्राप्त करने एवं प्राप्त सूचना के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। वहीं, एमडी जल निगम (ग्रामीण) राजशेखर ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत अब तक 2,17,32,512 घरों को पेयजल कनेक्शन से जोड़ा जा चुका है, जो लक्ष्य का 81.84 प्रतिशत है। बैठक में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद थे।

मतदान केंद्रों पर ओआरएस घोल समेत जरूरी दवाएं रहेंगी उपलब्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सभी सरकारी अस्पतालों में एंबुलेंस के साथ मौजूद रहेगी पैरामेडिक्स टीम

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर हीट वेव समेत संभावित बीमारियों के बचाव संबंधित दवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही जिला अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पताल एलर्ट मोड पर रहेंगे, जो कि सूचना मिलते ही एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचेंगे। यह जानकारी गुरुवार को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने दी।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पहले चरण के मतदान होंगे, इसके लिए सभी जिला अस्पताल प्रशासन के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश भेज दिये गये हैं। गर्मी बढ़ चुकी है, हीट वेव की संभावना है, इसलिए मतदान केन्द्रों पर बचाव में ओआरएस घोल समेत अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं हैं। मतदान केन्द्रों पर पीने के पानी समेत अन्य जरूरी संसाधन जुटाने के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक ने बताया कि पैरामेडिक्स की टीमें गठित की गई हैं, जो कि कंट्रोल में एंबुलेंस के साथ उपलब्ध रहेंगी। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भी एलर्ट किया गया है। सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में विशेषज्ञ डॉक्टरों को ऑनकॉल उपलब्ध रहने के निर्देश दिये गये हैं।

वर्ग पहेली-44

बाएं से दाएं

1. जिसे जीता न जा सके; अजेय।
2. 1. मुहल्ला, टोला 2. खेत की सीमा, हद 3. भैंस का नर बच्चा।
3. 1. बालक, पुत्र, शिशु 2. तर्पण, पितरों को जल देना।
5. ईख
6. 'चुर-चुर' ध्वनि उत्पन्न होना।
8. प्रकाश, उजाला।
10. कपड़े आदि के दो भागों को आपस में मिलाने और अलग करने वाला एक छोटा उपकरण, (चेन)।
11. 1. वेद-विधि अनुसार अनुष्ठान करना, यज्ञ करना 2. यज्ञभूमि 3. यज्ञस्थल।

ऊपर से नीचे

1. 1. पाश्चात्य दार्शनिक मेलब्रांश तथा ज्यूलोक का सिद्धांत 2. अवसर के अनुरूप कार्य कर अपना मतलब साधने का सिद्धांत।
4. 1. वह सोता जहां से पानी लगातार गिरता है 2. किसी चीज़ का लगातार गिरना 3. लगातार बहने वाली छोटी जल-धारा 4. अनाज छानने की एक छलनी 5. लंबी डंडी की एक झंझरीदार चपटी कलछी, पौना।
5. 1. दीपक, चिराग 2. सूर्य।
7. 1. बचपन, कम उम्र की अवस्था, लड़कपन 2. लघुता, छोटापन, छोटाई।
9. 1. नीति, ले जाना 2. अगुआ, नेता 3. युक्ति, उपाय 4. नेतृत्व।



वर्ग पहेली -43 का हल

■	■	■	1 अ	■	■	2 त
■	3 इ	बा	द	त	ख़ा	ना
4 टा	■	■	ल	■	■	सु
प	■	■	ब	■	5 ले	ख
ना	■	6 ग	द	न	■	■
■	7 पा	य	ल	■	■	8 फे
9 गै	ली	■	■	10 कौ	स	र

सुडोकू -123

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				8		2	5	
	5			1			4	
6			5					
		2		6		9		
	1					8	6	
8		9		2		4		
			3		9			6
	3			7			8	
		4		5				

सुडोकू -122 का हल

9	4	8	6	5	3	2	7	1
7	1	3	4	2	9	8	6	5
6	2	5	1	8	7	4	3	9
1	3	7	2	6	4	9	5	8
4	8	6	9	7	5	1	2	3
2	5	9	3	1	8	6	4	7
5	7	2	8	4	1	3	9	6
8	9	4	7	3	6	5	1	2
3	6	1	5	9	2	7	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 20.04 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस-एकादशी व्रत।
दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 10.57 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

मेष — आज मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा।

वृष — आज काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। एसिडिटी के कारण पेट व सीने में जलन की समस्या हो सकती है। योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें।

मिथुन — आज ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर काफी निर्भर हो सकते हैं। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं।

कर्क — आज कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही से बचें।

सिंह — आज कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। मित्रों से लंबी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

कन्या — आज कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

तुला — आज भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं।

वृश्चिक — आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें।

धनु — आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपके विरुद्ध गलत धारणा बना सकते हैं। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

मकर — आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। भोजन और दिनचर्या अनुशासित रखें। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

कुंभ — आज इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

मीन — आज जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- दिव्य शक्ति — सुबह : 08.09
- रेस — रात : 08.39

SONY PIX
- मैड मैक्स फरी रोड — सुबह : 11.00
- एनाकोंडा — शाम : 06.33

SONY SMAX
- दिल तो बच्चा है — सुबह : 11.44
- पटेल की पंजाबी शादी — शाम : 06.00

ZEE CINEMA
- सनम — सुबह : 09.45
- सत्यमेव जयते — रात : 08.20

colors CINEPLEX
- फिर हेरा-फेरी — सुबह : 07.57
- आर राजकुमार — शाम : 06.05

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम : 06.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मोनू- अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा

सोनू- मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?

मोनू- नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से- चश्मा किसके लिए बनवाना है?

चिंटू- जी, मास्टर जी के लिए

डॉक्टर- पर ऐसा क्यों?

चिंटू- क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 990, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 880
रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1105, डीएमओ-885, बोल्ड-1175

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	85600
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	56200-56400

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	75,600
चांदी आभूषण	84,000

इंस्टामार्ट को ऑनलाइन खुदरा मंच से जोड़ेगी स्विगी

नई दिल्ली। विभिन्न होटलों से खाना ऑर्डर करने की सुविधा देने वाले स्विगी ने कहा कि वह स्विगी मॉल को सामान की आपूर्ति करने वाले इंस्टामार्ट से जोड़ेगा। ग्राहकों को किराने का सामान के अलावा व्यापक विकल्प देने के लिए यह पहल की गयी है। स्विगी मॉल फिलहाल बेंगलुरु के कुछ हिस्सों में संचालित है।

हिंदुस्तान जिंक दुनिया की तीसरी बड़ी चांदी का उत्पादक

मुंबई। खनन और खनिज प्रसंस्करण क्षेत्र के विशाल औद्योगिक घराने वेदांता समूह की जस्ता-सीसा-चांदी का उत्पादन करने वाली कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को चांदी का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कंपनी और इसकी सिंदेसर खुर्द खदान को चांदी की सबसे बड़ी खान घोषित किया गया है। वेदांता ने कहा, चांदी बाजार का अध्ययन करने वाले अमेरिका के द सिल्वर इंस्टीट्यूट, द्वारा आयोजित वर्ल्ड सिल्वर सर्वे 2024 में हिंदुस्तान जिंक विश्व स्तर पर तीसरी चांदी उत्पादक है। हिंदुस्तान जिंक की राजस्थान स्थित सिंदेसर खुर्द खदान दूसरी बड़ी चांदी खदान है।

मुथूट फाइनेंस ने दो अरब डॉलर की ईसीबी को दी मंजूरी

नई दिल्ली। स्वर्ण आभूषणों पर कर्ज देने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस के निदेशक मंडल ने कारोबार विस्तार के लिए विदेशों से वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिए दो अरब डॉलर जुटाने को मंजूरी दी है। मुथूट फाइनेंस ने गुरुवार को शेयर बाजार को यह सूचना दी।

कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल की वित्त समिति की बैठक में मौजूदा ग्लोबल मीडियम टर्म नोट (जीएमटीएन) कार्यक्रम को बढ़ाकर दो अरब डॉलर मूल्य तक ले जाने की मंजूरी दी गई। कंपनी ने जीएमटीएन के संबंध में पेशकश परिपत्र और कार्यक्रम समझौते और निष्पादित किए जाने वाले अन्य लेनदेन दस्तावेजों को भी मंजूरी दे दी है। जीएमटीएन कार्यक्रम के तहत जारी प्रस्तावित नोट को एनएसई आईएफएससी लिमिटेड पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

चौथे दिन भी गिरावट जारी, सेंसेक्स 455 अंक टूटा

नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और विदेशी निवेशकों के पलायन ने बढ़ाई चिंता

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच गुरुवार को चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। कारोबार के दूसरे हिस्से में मुनाफावसूली का जोर रहने से मानक सूचकांक सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लगातार पलायन की चिंताओं ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बीच दोपहर बाद अचानक फिसल गया और अपना सारा शुरुआती लाभ गंवाते हुए नुकसान के साथ बंद हुआ। यह 454.69 अंक यानी 0.62 प्रतिशत कमजोर होकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स के ऊपरी और निचले स्तर के बीच 1,107.38 अंक का भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स अपराह्न 1.31 बजे 73,135.5 अंक पर था लेकिन दो मिनट के बाद ही यह 72,817.03 पर आ गया, जो 318.47 अंक की तगड़ी गिरावट को दर्शाता है। एनएसई का निफ्टी भी 152.05 अंक यानी 0.69 प्रतिशत गिरकर 21,995.85 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान निफ्टी 22,326.50 के ऊपरी और 21,961.70 के निचले स्तर पर पहुंचा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से नेस्ले में सर्वाधिक तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कम विकसित देशों में अधिक चीनी की मौजूदगी वाले शिशु दूध उत्पादों की बिक्री करने की खबरें आने से नेस्ले के शेयर टूट गए। इसके अलावा टाइटन, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर भी गिरकर बंद हुए।

दूसरी तरफ भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद घटने से प्रभावित कारोबारी धारणा ने घरेलू सूचकांकों को दबाव में ला दिया। निवेशक आगे की दिशा के लिए चौथी तिमाही के नतीजों पर करीबी निगाह रखेंगे।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

निवेशकों को 9.30 लाख करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली। बाजार में तेज गिरावट से चार दिनों में निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। नीतिगत दर में हाल-फिलहाल कटौती की उम्मीद कम होने, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर चिंताओं के बीच शेयर बाजार में गिरावट आई। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इन चार दिनों में 9,30,304.76 करोड़ रुपये घटकर 3,92,89,048.31 करोड़ रुपये (4.70 लाख करोड़ डॉलर) रह गया है। बीएसई सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है।

साउथ इंडियन बैंक की अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। साउथ इंडियन बैंक ने अपने डीलर वित्त कार्यक्रम के तहत डीलरों को वित्तपोषण के लिए वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत बैंक अशोक लेलैंड लिमिटेड के डीलरों को डीलर फाइनेंस विकल्प प्रदान करेगा। साथ, साउथ इंडियन बैंक का लक्ष्य अशोक लेलैंड के डीलर भागीदारों को वाहन इन्वेंट्री फंडिंग को सुव्यवस्थित करने में मदद करना है। बैंक के वरिष्ठ महाप्रबंधक और समूह व्यवसाय प्रमुख बिजी एस.एस. ने कहा कि हम अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं। अपने विविध वित्तीय समाधानों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डीलरों को सुविधाजनक और संपूर्ण वित्तपोषण विकल्प प्रदान करना है।

शिशु आहार उत्पादों में पांच साल में चीनी 30% कम की

नई दिल्ली, एजेंसी

नेस्ले इंडिया ने दावा किया है कि उसने पांच वर्षों में भारत में शिशु आहार उत्पादों में चीनी में 30 प्रतिशत से अधिक की कमी की है। नेस्कैफे, सेरेलैक और मैगी जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी ने उन खबरों के बीच स्पष्टीकरण दिया, जिसमें दावा किया था कि वह कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेच रही है।

स्विस एनजीओ पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) के निष्कर्षों के अनुसार, नेस्ले ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि चीनी में कमी करना नेस्ले इंडिया की प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में हमने उत्पाद के आधार पर चीनी में 30 प्रतिशत तक की कमी की है। हम नियमित रूप से अपने उत्पादों की समीक्षा करते रहते हैं और पोषण, गुणवत्ता, सुरक्षा तथा स्वाद से समझौता किए बिना चीनी के स्तर को कम करने के लिए अपने उत्पादों में सुधार करते रहते हैं।

एचडीएफसी लाइफ का चौथी तिमाही का लाभ 15% बढ़कर 412 करोड़

नई दिल्ली। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ मार्च, 2024 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 14.7 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 359 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय 27,893 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 21,426 करोड़ रुपये थी। बीमा कंपनी की कुल प्रीमियम आय मार्च, 2024 तिमाही में बढ़कर 20,488 करोड़ रुपये रही, जो 2022-23 की चौथी तिमाही में 19,427 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर दो रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। यह वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शुद्ध लाभ (पीएटी) 15 प्रतिशत बढ़कर 1,569 करोड़ रुपये रहा, जो 2022-23 में 1,360 करोड़ रुपये था।

औद्योगिक अल्कोहल की नियमन शक्ति पर संविधान पीठ ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन, विनिर्माण, आपूर्ति और विनियमन के संबंध में केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। औद्योगिक अल्कोहल मानवीय खपत के लिए नहीं है। इस अल्कोहल का इस्तेमाल औद्योगिक गतिविधियों के लिए ही किया जाता है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और विभिन्न राज्यों की तरफ से पेश हुए वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य सूची की आठवीं प्रविष्टि राज्यों को 'नशीली शराब' के उत्पादन, कब्जे, परिवहन, खरीद और बिक्री पर कानून बनाने की शक्ति देती है। वहीं संघ सूची की प्रविष्टि 52 और समवर्ती सूची की प्रविष्टि 33 में उन उद्योगों का उल्लेख है जिनका नियंत्रण "संसद के कानून द्वारा सार्वजनिक हित में सामयिक घोषित किया गया है।" संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, समवर्ती सूची में उल्लेखित विषयों पर संसद और राज्यों के विधानमंडल दोनों ही कानून बना सकते हैं लेकिन उसी विषय पर अगर कोई केंद्रीय कानून आता है तो उसे राज्यों के कानून पर प्रधानता मिलेगी।

एक नजर

बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला: विधायक को कागजात दाखिल करने को मिली मोहलत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालयों के लिए शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में जेल में बंद टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य को अपनी जमानत याचिका के पक्ष में अतिरिक्त कागजात पेश करने के लिए गुरुवार को कुछ मोहलत दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने भट्टाचार्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा की दलीलों पर विचार किया कि वह कुछ कागजात रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करना चाहते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि वह सीबीआई के मुख्य मामले में आरोपी भी नहीं हैं। पीठ ने कहा कि वरिष्ठ वकील ने कुछ अतिरिक्त दस्तावेज रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इसे दो सप्ताह के बाद सूचीबद्ध करें। पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भट्टाचार्य को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल 11 अक्टूबर को रात भर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

धन शोधन मामला: आप विधायक अमानतुल्ला ईडी के सामने हुए पेश

नई दिल्ली। आप विधायक अमानतुल्ला खान गुरुवार को धन शोधन संबंधी मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में खान की अध्यक्षता के दौरान हुईं अनियमितताओं से संबंधित मामले में आप विधायक की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से पिछले सप्ताह इनकार कर दिया था जिसके बाद अब उनसे यह पूछताछ हुई है। शीर्ष अदालत ने उन्हें 18 अप्रैल को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था। ईडी कार्यालय में प्रवेश करने से पहले उन्होंने पत्रकारों के सामने दावा किया कि जब वह वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष थे तो उन्होंने नियमों का पालन किया और कानूनी राय लेने के बाद और 2013 में आए नए अधिनियम के अनुसार कार्य किया। खान के खिलाफ सीबीआई की प्राथमिकी और दिल्ली पुलिस की तीन शिकायतों से संबंधित है। ईडी ने दावा किया कि खान ने बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती कर बड़ी रकम नकद में अर्जित की और सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने के लिए उस रकम का निवेश किया।

शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना जारी, कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

अंबाला। हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों का धरना बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर किसान पंजाब-हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेलवे लाइन पर बैठे रहे। किसानों का प्रदर्शन जारी रहने के मद्देनजर अंबाला रेलवे डिवीजन के रेलवे अधिकारियों ने कहा कि 53 और ट्रेन रद्द कर दी गईं, 12 ट्रेन गंतव्य से पहले खत्म कर दी गयी और 23 का मार्ग बदल दिया गया। प्रदर्शनकारी नवदीप सिंह सहित तीन साथी किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिन्हें हरियाणा पुलिस ने आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किया था। किसानों ने कहा है कि जब तक उनके साथी प्रदर्शनकारियों को रिहा नहीं किया जाता तब तक वे अपना प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे।

राष्ट्रीय

हत्या के दो दोषियों को दो दशक के बाद कोर्ट ने किया बरी

इस आधार पर दोषी नहीं ठहरा सकते कि वह मृतक के साथ दिखे थे

नई दिल्ली, एजेंसी

- निचली अदालत के 2001 के फैसले के खिलाफ दायर किए गए अपीलों पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने करीब 27 साल पहले कथित हत्या के एक मामले में दो लोगों को सुनाई गई उम्रकैद की सजा को रद्द कर दिया और उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि उन्हें केवल इस आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता कि वे आखिरी बार उस शख्स के साथ देखे गए थे जिसकी हत्या कर दी गई थी।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने अक्टूबर 2001 के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपीलों पर फैसला सुनाते हुए कहा कि चूंकि वे मृतक के साथ काम करते थे, इसलिए उनका साथ होना असामान्य नहीं हो सकता और गवाहों के बयान में विश्वास नहीं झलकता। पीठ में न्यायमूर्ति मनोज जैन भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि चूंकि आरोपी और मृतक एक साथ काम कर रहे थे, इसलिए अंतिम बार देखा गया के सिद्धांत को अभियोजन के मामले को संपूर्णता में ध्यान में रखते हुए और पूर्ववर्ती और बाद की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए।

अदालत ने 16 अप्रैल के अपने फैसले में कहा, हमारी राय है कि आरोपियों को केवल इस आधार पर दोषी ठहराना सही नहीं होगा कि वह आखिरी बार साथ में दिखे थे और यह बात भी संदेह से परे साबित नहीं हुई है। मृतक का शव जुलाई 1997 में रेलवे की पटरी पर मिला था और कुछ दिन बाद अपीलकर्ताओं की गिरफ्तारी हुई।

अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि व्यक्ति की हत्या इसलिए कर दी गई क्योंकि उसे एक अपीलकर्ता के एक महिला के साथ अवैध संबंध के बारे में पता चल गया था। उच्च न्यायालय ने 2003 और 2004 में दोनों अपीलकर्ताओं की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी थी। दोनों प्रवासी मजदूर थे जो निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों में रहते थे।

मॉकपोल के दौरान ईवीएम में अतिरिक्त वोट दर्शाने की खबरें गलत : आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे हैं। शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें ईवीएम के माध्यम से डाले गए वोट का वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) से पूरी तरह सत्यापन करने का अनुरोध किया था।

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से कहा कि ये खबरें गलत हैं। हमने जिलाधिकारी से आरोपों की पड़ताल की है और यह बात सामने आई है कि ये गलत हैं। हम अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे। व्यास पीठ को ईवीएम की कार्यशैली के बारे में बताने के लिए अदालत में उपस्थित थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह से इस मुद्दे पर विचार करने को कहा था। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने इस मुद्दे को उठाया था। याचिकाकर्ता एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से भूषण ने अदालत से कहा कि इस तरह की खबरें हैं कि ईवीएम मॉक पोल की कवायद के दौरान एक अतिरिक्त वोट दर्शा रही थीं।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन शुरू

नई दिल्ली। देश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रपति की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कुल 96 सीट पर मतदान होगा। इस चरण में आंध्र प्रदेश (25) और तेलंगाना (17) की सभी सीट पर मतदान होगा। आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव भी होंगे। इस चरण में बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में जिला मजिस्ट्रेट बिलाल मोहिउद्दीन भट ने नामांकन दाखिल करने संबंधी अधिसूचना जारी की। भट ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है, नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने श्रीनगर लोकसभा सीट से शिया नेता आगा रूहुल्लाह को और पीडीपी ने अपने युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वहीद पारा को टिकट दिया है।

सोशल मीडिया उपयोगकर्ता का दावा

इंडिगो की उड़ान में परोसे गए उपमा में सोडियम अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने दावा किया है कि इंडिगो एयरलाइन के विमान में यात्रियों को परोसे गए उपमा और पोहा में सोडियम की मात्रा मैगी से भी अधिक होती है। हालांकि, एयरलाइन ने इस दावे को नकारते हुए कहा है कि उसके डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों में नमक की मात्रा निर्धारित मानदंडों के भीतर ही है।

रेवंत हिमतसिंगका फूड फार्मर ने सोशल मीडिया पर कहा है कि इंडिगो की उड़ान में परोसे गए खाने से संबंधित एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, हम में से ज्यादातर लोगों को पता है कि मैगी में सोडियम बहुत अधिक होता है। लेकिन हम लोग यह नहीं जानते हैं कि इंडिगो के 'मैजिक उपमा' में मैगी से 50 प्रतिशत और पोहा से 83 प्रतिशत अधिक सोडियम है। इसके दाल-चावल में भी मैगी के बराबर सोडियम है। इंडिगो ने गुरुवार को इस दावे पर कहा कि कुछ डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों की तैयारी पारंपरिक भारतीय पकवानों के अनुरूप की जाती है और नमक की मात्रा भी निर्धारित मानदंडों के भीतर होती है। उसने कहा, इंडिगो केवल सबसे प्रतिष्ठित विक्रेताओं से ही मंगाया गया ताजा और डिब्बाबंद भोजन परोसती है। इंडिगो की उड़ानों में परोसे जाने वाले सभी भोजन में एफएसएसएआई मानदंडों के अनुरूप सामग्री और पोषण संबंधी जानकारी दी होती है। इससे पहले जनवरी में खाद्य सुरक्षा निगरानी संस्था एफएसएसएआई ने एक उड़ान में एक यात्री को परोसे गए सैंडविच में कीड़ा पाए जाने के बाद इंडिगो को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

ईडी ने जमीन घोटाले में किए 1.25 करोड़ बरामद

रांची। झारखंड के रांची में जमीन घोटाले में करीब डेढ़ साल से मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने बड़ा खुलासा व बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने अब तक 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है। वहीं 51 छापेमारी व नौ सर्वे में ईडी ने 1.25 करोड़ रुपये नकदी जब्त की व बैंकों में पड़े 3.56 करोड़ रुपये को फ्रीज भी करवाया। रांची में जमीन घोटाले में ईडी ने अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है।

शशिकला के खिलाफ मतदाता रिश्वत मामला को कर्नाटक हाईकोर्ट ने किया खारिज

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को 2023 राज्य विधानसभा चुनाव से संबंधित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक और पूर्व मंत्री शशिकला जोले के खिलाफ 'मतदाता रिश्वत' मामला खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ रिश्वत के आरोप मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। न्यायमूर्ति दीक्षित ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी कार्य को रिश्वतखोरी माने जाने के लिए, इसमें कम से कम दो पक्ष शामिल होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल चुनावी अपराधों के लिए इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध धन को रखना रिश्वत के रूप में योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ लगाए गए आरोपों से किसी अपराध के घटित होने का खुलासा नहीं हुआ। उन्होंने मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें तर्क और विवेक दोनों का अभाव है।

बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- 6 महिला पहलवानों के दर्ज कराए यौन उत्पीड़न के मामले में आरोप तय करने को 26 अप्रैल को फैसला सुना सकती है कोर्ट

दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी है। सिंह ने मामले में जांच का अनुरोध करते हुए अदालत में एक याचिका दायर की है।

अदालत को आज इस मामले में आदेश पारित करना था। सिंह ने याचिका में आरोपों पर जवाब देने के लिए वक्त दिए जाने तथा और जांच करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उस घटना की तारीख पर भारत में नहीं थे जिसे लेकर एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उस दिन उसका डब्ल्यूएफआई के कार्यालय में यौन उत्पीड़न किया गया था। सिंह के वकील ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर भरोसा किया था और कहा था कि वे सात सितंबर 2022 को डब्ल्यूएफआई गए थे जहां लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया।

संयुक्त राष्ट्र में सुधार के पक्ष में है अमेरिका : वेदांत

वाशिंगटन, एजेंसी

● मस्क की भारत को संयुक्त राष्ट्र में शामिल करने की टिप्पणी पर बोले बाइडन प्रशासन के अधिकारी

बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सहित इस वैश्विक निकाय में बहुप्रतीक्षित जरूरी सुधार का समर्थन करता है, ताकि 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके।

उनकी यह टिप्पणी भारत को इस वैश्विक निकाय के शक्तिशाली अंग के स्थायी सदस्य बनाए जाने की बढ़ती मांग के बीच आई है। विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने यह टिप्पणी उस समय की जब उनसे अमेरिकी कंपनी टेस्ला के मुखिया एलन मस्क के बयान के बारे में सवाल किया गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई मतलब नहीं है। पटेल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन पहले भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान इस बारे में (सुधारों की आवश्यकता) बात कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि यह 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके, जिसमें हम रहते हैं। मेरे पास कोई विशेष जानकारी नहीं है कि वे कदम क्या हैं, निश्चित रूप से, हम मानते हैं कि सुधार की जरूरत है।

भारत-अमेरिका में लड़ाकू विमान पर समझौता : ऑस्टिन

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने विगत बुधवार को सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच भारतीय वायु सेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमान इंजन बनाने के संबंध में जो समझौता हुआ है, वह क्रांतिकारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारत में एफ-414 लडाकू विमान इंजन के सह उत्पादन के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते की शर्तों के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के एफ414 इंजन का भारत में सह-निर्माण किया जाएगा और इससे तेजस हल्के लड़ाकू विमान एमके2 को और शक्तिशाली बनाया जा सकेगा।

भविष्य में तीनों सैन्य क्षेत्रों पर प्रभाव डालेगा अंतरिक्ष: सीडीएस

● अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि युद्ध के लिहाज से भविष्य में अंतरिक्ष क्षेत्र वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्रों पर अपना प्रभाव डालेगा। गुरुवार को दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो संबोधन में जनरल चौहान ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही वास्तविकता बन जाएगी।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी कामत और सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जनरल चौहान ने अपने संबोधन में भविष्य के युद्ध में अंतरिक्ष की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में बात करूंगा कि हम अभी कहां हैं और हमें कहां जाना है। सीडीएस ने कहा कि अंतरिक्ष को निर्णायक मोर्चा कहा जाता है। अंतरिक्ष का विस्तार अनंत है। अन्य सभी सीमाओं की तरह, इसकी सीमा को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना मुश्किल है। अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए मानव जाति को अभी लंबा रास्ता तय करना है। भारत उस यात्रा का हिस्सा बनना चाहता है। उन्होंने भारत के गगनयान कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण ले रहे चार अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में भी बात की। जनरल चौहान ने कहा अंतरिक्ष को युद्ध के उभरते हुए क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। मेरा मानना है कि यह पहले से ही युद्ध का एक स्थापित क्षेत्र है। मेरा विश्वास इस विशेष क्षेत्र में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम पर आधारित है। जनरल चौहान ने कहा कि युद्ध के इतिहास ने हमें सिखाया है कि किसी भी युद्ध में प्रारंभिक स्पर्धा आम तौर पर एक नए क्षेत्र में होती है। उन्होंने कहा कि नया क्षेत्र पुराने क्षेत्र की लड़ाइयों को भी प्रभावित करता है।

जनरल चौहान ने कहा कि शुरुआत में नौसैन्य शक्ति जमीनी लड़ाई को प्रभावित करने में सक्षम थी। बाद में, वायु शक्ति ने थल और जल में युद्ध को प्रभावित किया। यह मेरा विश्वास है कि अब, अंतरिक्ष वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्र पर अपना प्रभाव डालेगा। अंतरिक्ष को सबके लिए खुला बताते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में संप्रभुता की कोई अवधारणा नहीं हो सकती। सीडीएस ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही एक वास्तविकता बन जाएगी। जनरल चौहान ने कहा कि मित्र राष्ट्रों को अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाने के लिए पड़ोसी होना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि दूरियां और भू-राजनीतिक अलगाव रक्षा अंतरिक्ष सहयोग में फायदेमंद हो सकते हैं।

नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में इंडियन डिफेंस स्पेस संगोष्ठी 2024 के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते आईएसपीए के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अनिल कुमार भट्ट।

एक नजर

विनाशकारी : इंडोनेशिया के टैगुलानडांग द्वीप में विस्फोट के दौरान माउंट रुआंग ज्वालामुखी देखा गया। राख फैलने, चट्टानों के गिरने, गर्म ज्वालामुखीय बादलों के खतरों के कारण इंडोनेशियाई अधिकारियों ने एक हवाई अड्डे को बंद कर दिया और विस्फोटित ज्वालामुखी के पास निवासियों ने घर छोड़ दिए।

इंडोनेशिया के सुलावेसी में सात संदिग्ध आतंकवादी किए गए गिरफ्तार

जकार्ता। डोनेशिया के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने पूर्वी प्रांत मध्य सुलावेसी में दो अलग-अलग अभियानों में सात संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। डेंसस 88 के असविन सिरेगर ने गुरुवार को स्थानीय मीडिया को बताया कि सभी संदिग्धों का घरेलू चरमपंथी समूह जमाह इस्लामिया (जेआई) के साथ कथित संबंध था, जो इस्लामिक स्टेट से जुड़ा है। वर्ष 2002 के बाली बम विस्फोटों के पीछे जेआई का हाथ था, जिसमें बाली द्वीपसमूह के रिजॉर्ट द्वीप पर 200 से अधिक लोग मारे गए थे।

केरल: अलाप्पुझा में सामने आए बर्ड फ्लू के मामले, बत्तखों में बीमारी के लक्षण

अलाप्पुझा (केरल)। केरल के अलाप्पुझा में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि एडथवा ग्राम पंचायत के वार्ड-एक के क्षेत्र और चेरुथना ग्राम पंचायत के वार्ड तीन के एक अन्य क्षेत्र में पालतू बत्तखों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। बत्तखों में बीमारी के लक्षण दिखने के बाद भोपाल की एक प्रयोगशाला में उनके नमूनों का परीक्षण किया गया, जिसके बाद उनमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि नमूनों में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) की पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार की कार्ययोजना के अनुरूप प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में घरेलू पक्षियों को मारने और सुरक्षित तरीके से उनका निपटान करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

संयुक्त अरब अमीरात में वर्षा से प्रभावित भारतीयों की मदद करे केंद्र : विजयन

तिरुवनंतपुरम। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय से उन भारतीयों की सहायता के लिए एक व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की जिन्हें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारी वर्षा के कारण सहयोग की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट किया कि संयुक्त अरब अमीरात में बचाव प्रयासों में लगे मलयाली प्रवासियों के प्रति आभार भी प्रकट किया। इस खाड़ी देश के साथ केरल का मित्रवत्र संबंध हैं। हम विदेश मंत्रालय से उन भारतीयों के सहयोग के वास्ते एक व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हैं जो कठिनाई में फंसे हुए हैं।

दक्षिण चीन सागर में शांति के लिए आसियान देशों के साथ काम करेगा चीन

जकार्ता। चीन, दक्षिण चीन सागर में पार्टियों के आचरण पर घोषणा को पूरी तरह और प्रभावी ढंग से लागू करने और संहिता की बातचीत में तेजी लाने के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के अन्य देशों के साथ काम करने के लिए तैयार है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को कहा कि दक्षिण चीन सागर को शांति और सहयोग का सागर बनाने के लिए आचरण करें। वांग ने इंडोनेशियाई विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी से मुलाकात के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की।

इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला

22 से 30 तक मनाया जाता है यहूदी अवकाश फसह, फिर होगी कार्रवाई

यरुशलेम, एजेंसी

यहूदी अवकाश फसह तक इजरायल की ओर से ईरान पर जवाबी हमला शुरू करने की आशंका नहीं है। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने एबीसी न्यूज ब्रॉडकास्टर को बताया है कि यहूदी अवकाश फसह 22-30 अप्रैल तक मनाया जाता है।

अधिकारी ने इस बात से इंकार नहीं किया कि योजनाएं हमेशा बदल सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर और अन्य नेतृत्व अभी भी उच्च चेतावनी की स्थिति में हैं, उनमें से कुछ अभी भी सुरक्षित घरों और भूमिगत सुविधाओं में हैं। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि विगत शनिवार रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इजरायली क्षेत्र पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए।

दरअसल, अप्रैल की शुरुआत में सीरिया की राजधानी में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हवाई हमले का जवाब था। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इजरायल ने सभी ड्रोन सहित ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत हवाई लक्ष्यों को रोक दिया है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर इजरायल ने ईरान पर जरा सा भी पलटवार किया तो उसे और तेज कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सुरक्षा परिषद के सदस्यों को संबोधित करते इजराइल के संयुक्त राष्ट्र राजदूत गिलाद एर्दान (ऊपर बाईं ओर)। ● एजेंसी

गाजा: हवाई हमले में मारे गए 13 फिलिस्तीनी

गाजा। उत्तरी गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों और चिकित्सा सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि गाजा शहर के शेख राडवान में इंटरनेट का उपयोग करने की कोशिश कर रहे फिलिस्तीनियों की एक सभा पर एक ड्रोन के जरिए हमला किया गया। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि कम से कम 13 फिलिस्तीनियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और कई घायल हुए हैं।

अमेरिका और ब्रिटेन ने ईरान पर लगाए प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल पर ईरान के अभूतपूर्व हमले से पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति बनने की आशंका बढ़ने के बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को ईरान पर कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका में वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने इस कार्रवाई में ईरान में 16 लोगों और दो संस्थानों को लक्षित किया है, जो 13 अप्रैल को इजराइल पर हुए हमले में इस्तेमाल किए गए ड्रोन को चलाने वाले इंजन के उत्पादन से जुड़े हैं। वहीं, ब्रिटेन ईरान के ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल उद्योगों से जुड़े कई ईरानी सैन्य संस्थानों, व्यक्तियों और निकायों को निशाना बना रहा है।

अमेरिकी वित्त मंत्री जैनेट येलेन ने कहा कि हम आने वाले दिनों और सप्ताहों में ईरान की कार्रवाइयों के जवाब में अपनी पाबंदियां लागू करते रहेंगे। अमेरिका के अधिकारियों ने इस सप्ताह चेतावनी दी थी कि वे क्षेत्र में ईरान की गतिविधियों के जवाब में और भविष्य में हमलों को रोकने के लिए नई पाबंदियों पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी सांसद ऐसे विधेयक पर जोर दे रहे हैं जो ईरान और उसके नेताओं पर आर्थिक दंड लगाता हो। गत रविवार तड़के इजराइल पर ईरान का हमला इस महीने की शुरुआत में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजराइली हमले के जवाब में किया गया। यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं ने भी बुधवार को संकल्प व्यक्त किया कि वे ईरान पर प्रतिबंध बढ़ाएंगे।

तीनों सेनाओं की महिलाओं ने पूरी की चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

तीनों सेनाओं की महिला अधिकारियों के एक दल ने अरब सागर में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में करीब चार सप्ताह की कठिन समुद्री यात्रा पूरी कर ली है। इसके चालक दल में सभी महिलाएं हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की 12 बहादुर महिला अधिकारियों वाले चालक दल ने सितंबर में होने वाली वैश्विक जलयात्रा प्रतिस्पर्धा की तैयारी के लिए यह समुद्री यात्रा की।

उन्होंने बताया कि इन महिला कर्मियों ने आर्मी एडवेंचर विंग और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग के आर्मी एक्वा नोडल सेंटर के बैनर तले यह यात्रा शुरू की। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण वैश्विक जलयात्रा के मद्देनजर शुरू किया गया यह मिशन 27 दिन में पूरा हुआ और इसमें सबसे कठिन समुद्री परिस्थितियों में उनके धैर्य और कौशल का परीक्षण किया गया। मुंबई से लक्षद्वीप तक यह प्रशिक्षण अभियान शुक्रवार को औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। महिला नाविकों ने पहले ही 6,000 समुद्री मील का प्रशिक्षण हासिल कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि चालक दल अपने आप को अराउंड द वर्ल्ड सेलिंग कम्पीटिशन के लिए तैयार कर रहा है जो भारतीय सेना के इतिहास में मील का एक महत्वपूर्ण पत्थर साबित होगा। यह यात्रा चार चरणों में पूरी की गई और प्रत्येक चरण में चालक दल के लिए विशिष्ट चुनौतियां और सीखने के नए अवसर आए जिससे आगामी वैश्विक जल यात्रा चुनौती के लिए उनकी क्षमताएं मजबूत हुई हैं।

एमएससी एरीज पर सवार भारतीय महिला कैडेट की वापसी

नई दिल्ली। ईरान की सेना द्वारा इस सप्ताहांत में बंधक बनाए गए मालवाहक पोत एमएससी एरीज पर सवार भारतीय चालक दल के 17 सदस्यों में शामिल महिला कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ गुरुवार को कोचीन पहुंच गईं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि तेहरान में भारतीय मिशन मालवाहक पोत एमएससी एरीज के बाकी 16 भारतीय कर्मियों के साथ संपर्क में है। तेहरान में भारतीय मिशन और ईरान की सरकार के समन्वित प्रयासों से केरल के त्रिशूर की रहने वाली भारतीय कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ आज अपराह्न में कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित पहुंच गईं।



रॉयटर्स के फोटोग्राफर ने गाजा की तस्वीर के लिए जीता 'वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर' पुरस्कार

पेरिस। रॉयटर्स के फोटोग्राफर मोहम्मद सलेम को गाजा में तबाही का मंजर दर्शाने वाली एक तस्वीर के लिए गुरुवार को इस साल के प्रतिष्ठित वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया। इस हृदय विदारक तस्वीर में एक फलस्तीनी महिला को अपनी नन्हीं भतीजी के शव को गोद में लिए हुए देखा जा सकता है। लेम ने यह तस्वीर अपने खुद के बच्चे के जन्म के कुछ दिन बाद खान यूनिस में खींची थी।

अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुए भारतवंशी की मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

● 29 जून 2023 को मेक्सिको की सीमा पर किया गया था गिरफ्तार, हिरासत में गई जान

अवैध तरीके से अमेरिका आने वाले एक भारतीय नागरिक की अटलांटा के एक अस्पताल में मौत हो गई। उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाना था। अमेरिकी प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) विभाग ने बताया कि न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास को 57 वर्षीय जसपाल सिंह की मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। साथ ही उसके परिजनों को भी इसके बारे में सूचित कर दिया गया है।

आईसीई ने बताया कि 15 अप्रैल को अटलांटा के एक अस्पताल में सिंह की मौत हो गई। भारतीय नागरिक सिंह ने पहली बार 25 अक्टूबर 1992 में कानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था। 21 जनवरी 1998 को एक आव्रजन न्यायाधीश ने सिंह को अमेरिका से जाने का आदेश दिया इसके बाद सिंह स्वेच्छा से भारत लौट आया था। सिंह ने 29 जून 2023 को दोबारा अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने उसे अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर गिरफ्तार कर लिया था। सिंह को गिरफ्तार किये जाने के बाद उसे अटलांटा के प्रवर्तन और ईआरओ को सौंप दिया था। जहां से उसे अटलांटा के एक हिरासत केंद्र में रखा गया था।

पश्चिमी जापान में आए भूकंप के जोरदार झटके

टोक्यो। पश्चिमी जापान में बुधवार रात महसूस किए भूकंप के जोकदार झटकों के कारण किसी बड़े नुकसान या घातक हताहत की सूचना नहीं है। जापान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बताया कि भूकंप के झटके स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 11:14 बजे ऐनान, एहिमे प्रीफेक्चर और सुकुमो, कोच्चि प्रीफेक्चर, दोनों शिकोकू द्वीप में महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 मापी गई।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार भूकंप का केंद्र बुंगो चैनल में 39 किलोमोटर की गहरायी में था। बुंगो चैनल क्यूशू और शिकोकू द्वीपों को अलग करने वाली एक जलडमरूमध्य है। जापान के सरकारी न्यूज चैनल एनएचके ने गुरुवार सुबह बताया कि भूकंप से एहिमे और कोच्चि में सात लोगों को हल्की चोटें आईं, और कुछ क्षेत्रों में मामूली क्षति हुई, जैसे पानी के पाइप टूटना, बिजली के तार लटकना, स्ट्रीट लाइटें गिरना और राष्ट्रीय सड़क पर भूस्खलन की घटना शामिल है। मौसम एजेंसी ने शुरू में भूकंप की तीव्रता 6.4 बताई थी, लेकिन बाद में आंकड़े को संशोधित कर 6.6 कर दिया।

रोबोटिक सर्जरी से हुआ ब्रेस्ट कैंसर झेल रहीं दो महिलाओं का इलाज

नई दिल्ली, एजेंसी

● 60 और 27 वर्षीया महिलाओं को पहले दी गई कीमोथेरेपी, फिर किया ऑपरेशन

राजधानी के एक निजी अस्पताल में एडवांस स्टेज ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित दो महिलाओं का रोबोटिक की मदद से सफल उपचार करने में चिकित्सक कामयाब रहे हैं। सी के बिड़ला हॉस्पिटल, दिल्ली के सर्जिकल ओंकोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ मनदीप सिंह मल्होत्रा ने बताया कि इनमें से एक 27 वर्षीय एक महिला को प्रसव के कुछ ही महीनों बाद स्तन में गांठ का अनुभव हुआ और उसे नजरअंदाज करने से कैंसर बढ़कर काफी आगे बढ़ गया था।

पीड़ित महिला को कीमोथेरेपी दी गयी, जिसका उन पर अच्छा असर हुआ। इसके बाद बिना किसी जटिलता के रोबोट की मदद से ब्रेस्ट को बचाते हुए सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद मरीज को तेजी से स्वास्थ्य लाभ हुआ।

उन्होंने बताया कि रोबोट की मदद से की गई इस सर्जरी के बाद पीड़ित महिला के स्तन मूल स्तनों की भांति बरकरार रहे। डॉ मल्होत्रा ने बताया कि दूसरे मामले में लगभग 60 साल की महिला को शुरुआती स्टेज का ब्रेस्ट कैंसर का पता चला, हालांकि वह मल्टीफोकल कैंसर था। महिला अपने स्तनों को हटाए जाने की आशंका से परेशान थी। उनकी रोबोट की मदद से तत्काल सर्जरी की गई। रोबोटिक आर्म की मदद से कैंसरग्रस्त टिश्यू को निकाला गया। इसके साथ ही पीठ से निकाले गए टिश्यू की मदद से रीकंस्ट्रक्शन भी किया गया। ये दोनों प्रक्रियाएं सिंगल लेटरल मेमरी इंसाइजन से ही पूरी की गई।

खुले रहस्य | सूर्य से 33 गुना अधिक है गैया बीएच 3 ब्लैक होल का द्रव्यमान

हमारी आकाशगंगा में एक और ब्लैक होल की खोज

अमृत विचार, नैनीताल

हमारी आकाशगंगा में वैज्ञानिको ने एक और ब्लैक होल खोज निकाला है। इसका नाम गैया बीएच 3 है। इसका द्रव्यमान सूर्य से 33 गुना अधिक है। यह पृथ्वी का दूसरा सबसे निकटतम ज्ञात ब्लैक होल है।

गैया बीएच3 पृथ्वी से 2000 प्रकाश वर्ष दूर है और एक्विला तारामंडल में स्थित है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कुछ मायनों में यह खोज पिछले सिद्धांतों को चुनौती भी देती है। यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला ने 16 अप्रैल को इस खोज की घोषणा की। खोजकर्ता खगोलविदों के अनुसार हमारी आकाशगंगा मिल्की वे में अब तक खोजे गए सबसे विशाल ब्लैक होल नही है। मिल्की वे के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल सैजिटेरियस ए ही सबसे बड़ा है, जो हमारे सूर्य के द्रव्यमान का लगभग चार मिलियन गुना है। नया ब्लैक होल एक तारे की मौत के बाद बना है। यह तारामंडल एक्विला द ईगल की दिशा में स्थित है, जो उत्तरी गोलार्ध के आकाश में एक महत्वपूर्ण तारामंडल है। पेरिस के नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च के खगोलशास्त्री पास्क्वेल पानुज़ो के नेतृत्व इस ब्लैक होल की खोज हुई है। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है। इस ब्लैक होल की खोज 1.7 बिलियन सितारों के स्कैन करने के बाद हुई है। इतने अधिक संख्या में तारों का विश्लेषण करना आज के अंतरिक्ष यान और कंप्यूटर प्रौद्योगिकियों के जरिए संभव है। नई तकनीक विकसित होने से आकाश के बड़े हिस्से का आंकलन संभव हो चला है।

हमारी आकाशगंगा व गैया स्पेस अंतरिक्षयान की तस्वीर।

वीएलटी ने की ब्लैक होल की पुष्टि

नैनीताल : ब्लैक होल व इसके द्रव्यमान को सत्यापित करने के लिए यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला की वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) का सहारा लिया गया। इसके अलावा कई अन्य जमीन-आधारित वेधशालाओं के डेटा का उपयोग किया गया। तब इसकी पुष्टि हो सकी। इस खोज के बाद माना जा रहा है कि हमारी आकाशगंगा में और भी ब्लैक होल हो सकते हैं।

चाकू से हमले की घटना के बाद फिर खुला शॉपिंग मॉल

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में वह शॉपिंग मॉल गुरुवार को आम जनता के लिए फिर से खुल गया जहां चाकू से हमले की घटना में छह लोग मारे गए थे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने पाकिस्तान के उस प्रवासी सुरक्षाकर्मी को नागरिकता देने पर विचार करने की बात कही है।

सिडनी के वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन में शनिवार को हुए हमले के बाद पिछले तीन दिन में शहर में चाकू से हमले की दो और घटनाएं हुईं जिससे लोग स्तब्ध हैं। शनिवार के हमले में 18 लोगों को चाकू मारने वाले हमलावर को पुलिस ने मार गिराया था। प्रधानमंत्री अल्बानीज ने शनिवार को हुए हमले में बीच बचाव करने वाले लोगों की प्रशंसा की जिसमें सुरक्षाकर्मी मोहम्मद ताहा भी शामिल है। हमले में ताहा के पेट में चाकू मारा गया था। ताहा पाकिस्तान से है और अस्थायी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया में काम रहा है। उसके वीजा की अवधि कुछ ही हफ्तों में खत्म होने वाली है।

हमले में नायक बने फ्रांसीसी को नागरिकता

सिडनी। सिडनी में एक मॉल में चाकू से किए गए हमले के दौरान हमलावर का मुकाबला करने वाले एक फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक को सम्मानित करते हुए गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से रहने की अनुमति दी गई है। इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी और 12 अन्य घायल हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक डेमियन गुएरोट को उनकी वीरता के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें देश का स्थायी निवासी बनाने का फैसला किया।